सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 28 दिसम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 350, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## बड़े निवेश से एफडीआई को गति मिलने की उम्मीद

निवेश से जुड़े नये दौर के व्यापार समझौतों के कारण 2026 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में मजबूत वृद्धि दर्ज होने उम्मीद है। } 14

## करुणा व त्याग के प्रतीक हैं गुरु गोबिंद सिंह : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह साहस, करुणा और त्याग के प्रतीक हैं तथा उनका जीवन एवं शिक्षाएं सभी को सत्य, न्याय एवं धर्मपरायणता के लिए खड़े होने और मानवीय गरिमा की रक्षा करने के लिए प्रेरित करती हैं। } 16

# प्रदेश में कोहरे और शीतलहर का प्रकोप

## कई जिलों में दिन का तापमान सामान्य से कम

**विशेष संवाददाता**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शनिवार को शीतलहर व कोहरे का असर बना रहा और प्रदेश में दिन का तापमान सामान्य से कम रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

आईएमडी के मुताबिक, लखनऊ में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री कम 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक 10.8 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने लखनऊ और इसके आसपास के क्षेत्रों में देर रात व सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया जबकि दिन में आसमान साफ रहेगा। वहीं अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 19 डिग्री और 10 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। विभाग ने राज्यवार चेतावनी जारी करते हुए बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों व पूर्व हिस्सों में कई स्थानों पर घना से बहुत घना कोहरा रहने का अनुमान है तथा ठंड की स्थिति बने रहने की संभावना है। विभाग के मुताबिक, कई जिलों में दिन का तापमान सामान्य से कम रहा, जिसमें गोरखपुर में 13.2 डिग्री (सामान्य से 7.4 डिग्री कम) जबकि प्रयागराज ...शेष पृष्ठ 14 पर

# यूपी : मतदाता सूची से हटेंगे लगभग तीन करोड़ लोगों के नाम

**विशेष संवाददाता**




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत गणना फॉर्म भरकर जमा करने की अंतिम तिथि शुक्रवार को खत्म हो गई। अब 31 दिसंबर को जारी होने वाली कच्ची मतदाता सूची (ड्राफ्ट रोल) में करीब 12.55 करोड़ मतदाता शामिल होंगे। इस तरह से नवंबर में फ्रीज की गई मतदाता सूची में दर्ज कुल 15.44 करोड़ मतदाताओं में से 2.89 करोड़ नाम हटाए जाएंगे। करीब 1.13 करोड़ मतदाताओं के रिकॉर्ड का मिलान वर्ष 2003 की मतदाता सूची से न होने के कारण उन्हें नोटिस भेजा जाएगा।

जिन 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे जाएंगे, उनमें 1.26 करोड़ स्थायी रूप से स्थानांतरित, 46 लाख मृत, 23.70 लाख डुप्लीकेट, 83.73 लाख अनुपस्थित व 9.57 लाख अन्य श्रेणी के मतदाता हैं। यहां बता दें कि बीते 11 दिसंबर को एसआईआर की तारीख दूसरी बार दो सप्ताह बढ़ाकर 26 दिसंबर कर दी गई थी। इन दो सप्ताह में आयोग की गहन कवायद के बाद भी जिन मतदाताओं के नाम काटे जाने के लिए पहले चिह्नित किए गए थे, उनमें 5-6 लाख की ही कमी आई। अब मतदाता सूची से 18.77 प्रतिशत नाम कम होंगे। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 31 दिसंबर को कच्ची मतदाता सूची जारी की जाएगी। कच्ची मतदाता सूची पर 31 दिसंबर से 30 जनवरी 2026 तक दावे व आपत्तियां ली जाएंगी। वहीं 31 दिसंबर से ही लेकर 21 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण में गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। फिर 28 फरवरी 2026 को पक्की (अंतिम) मतदाता सूची जारी कर दी जाएगी। चुनाव आयोग ने दो हफ्तों में उन मतदाताओं को ढूंढ़ने का कार्य किया जो स्थानांतरित, मृत, डुप्लीकेट, अनुपस्थित (एएसडी) व अन्य श्रेणी में शामिल थे। सभी जिलों में बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) के साथ-साथ राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) को बूथवार ऐसे मतदाताओं की सूची सौंपकर फिर से सत्यापन कराया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि तीसरी बार एसआईआर की तारीख चुनाव आयोग ने बढ़ाना उचित नहीं समझा।

उत्तर प्रदेश में 91 प्रतिशत मतदाताओं का 2003 की मतदाता सूची से मिलान हो गया है। यानी, उनका नाम पक्की मतदाता सूची में शामिल करने के लिए कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। चुनाव आयोग का कहना है कि मिलान का यह प्रतिशत अभी और भी बढ़ सकता है। जिनके नाम का मिलान नहीं हो ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## वन्यजीव के हमले में दो महिलाओं की मौत

बलरामपुर। जिले में भारत-नेपाल सीमा से सटे सोहेलवा वन क्षेत्र में वन्य जीव के हमले में दो महिलाओं की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। वन विभाग ने बताया कि बृहस्पतिवार को भांभर रेंज के बेलभरिया बीट में भारत नेपाल सीमा से सटे कपिलवस्तु जिले की अमोली गांव निवासी उर्मिला जंगल में लकड़ी बीनने आई थी, तभी वन्य जीव ने उस पर हमला कर दिया। हमले में उर्मिला की मौत हो गई और उसका क्षत-विक्षत शव जंगल में मिला। पुलिस क्षेत्राधिकारी जतेंद्र कुमार ने बताया कि नेपाली महिला के शव का पोस्टमार्टम करा कर शुक्रवार को तमाम औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया। वन विभाग के अनुसार, विशनपुर कोडर गांव निवासी कमला देवी जंगल में लकड़ी बीनने गई थी कि तभी तेंदुए ने हमला कर दिया और उसे खींच कर जंगल में ले गया। महिलाओं के शोर मचाने पर ग्रामीण इकठ्ठा हुए और वन विभाग की मदद से कमला का शव जंगल के अंदर बरामद किया गया।

## 4 पुलिसकर्मियों सहित 5 के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। जिले की पुलिस ने दुष्कर्म के प्रयास के एक आरोपी के पुलिस हिरासत से फरार होने के मामले में ड्यूटी पर तैनात चार पुलिसकर्मियों समेत पांच व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पूर्वी क्षेत्र के अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्रलाल ने शनिवार को बताया कि थाना कोतवाली पट्टी क्षेत्र के एक इलाके में 20 दिसंबर की शाम दस वर्षीय एक बालिका के साथ जावेद उर्फ चांद बाबू ने दुष्कर्म का प्रयास किया, जिसके संबंध में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने 23 और 24 दिसंबर की दरमियानी रात क्षेत्र के आमापुर मोड़ के निकट एक मुठभेड़ में जावेद को पैर में उसके गोली लगने के बाद उसे गिरफ्तार करके उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था।

# देश-दुनिया के लिए रोल मॉडल है यूपी पुलिस : योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'पुलिस मंथन' सम्मेलन में एआई 'यक्ष ऐप' का किया अनावरण

**विशेष संवाददाता**




लखनऊ। पुलिस मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन-2025 पुलिस मंथन का शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुआ। मुख्यमंत्री योगी द्वारा अपने सम्बोधन में यूपी पुलिस के अब तक के कार्य, सुधार और उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले साढ़े आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने अपने परसेप्शन और कानून-व्यवस्था की छवि में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रयासों से उत्तर प्रदेश को आज देश-दुनिया में एक रोल मॉडल की तरह देखा जा रहा है और परिवर्तन की यह पहचान जनता के अनुभवों से सिद्ध होती है, न कि आत्मप्रशंसा से। इस दौरान उन्होंने स्मार्ट पुलिसिंग का विजन साझा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि वर्ष 2017 से अब तक पुलिसिंग के हर स्तर पर व्यापक बदलाव हुए, भर्ती, प्रशिक्षण, अवसंरचना, तकनीक, साइबर सुरक्षा, फॉरेंसिक क्षमता, पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था, यूपी-112, सेफ सिटी मॉडल, महिला पुलिस भर्ती, और प्रीडिक्टिव पुलिसिंग की दिशा में निर्णायक प्रगति की गई है। पहले जहां प्रशिक्षण क्षमता सीमित थी, वहीं आज बड़े पैमाने पर 60,000 से अधिक आरक्षियों का प्रशिक्षण प्रदेश के अन्दर ही कराया जा रहा है। 75 जनपदों में साइबर थाने, 12 एफएसएल लैब और फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी जैसे संस्थागत बदलाव प्रदेश की नई सोच को दशार्ते हैं। उन्होंने कहा कि आज यूपी पुलिस अपराधियों के लिए भय और आम नागरिकों के लिए विश्वास व सम्मान का भाव स्थापित कर रही है। पुलिस की भूमिका अब केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## गुरु गोबिंद सिंह का संघर्ष देता है निर्भीकता की प्रेरणा : सीएम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोबिंद सिंह की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए शनिवार को कहा कि अन्याय और अधर्म के विरुद्ध उनका संघर्ष निर्भीकता के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है।

योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, महान संत एवं धर्मयोद्धा, साहस और त्याग की प्रतिमूर्ति, खालसा पंथ के संस्थापक, दशमेश पिता गुरु श्री गोबिंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। उन्होंने कहा, अन्याय व अधर्म के विरुद्ध आपका संघर्ष और धर्मरक्षा का संदेश संपूर्ण मानवता को सत्य, निष्ठा एवं निर्भीकता के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने एक्स पर पोस्ट कहा, सिखों के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व की आप सभी को लख-लख बधाइयां। चौधरी ने कहा, धर्म, मानवता, समानता और प्रेम-भाईचारे का जो मार्ग उन्होंने दिखाया, उनकी शिक्षाएं और विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले प्रकाश-स्तंभ हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बांग्लादेश में संगीत समारोह स्थल पर भीड़ ने किया हमला


ढाका। बांग्लादेश के फरीदपुर में मशहूर रॉक गायक जेम्स के संगीत समारोह को रद्द कर दिया गया है। कार्यक्रम स्थल पर भीड़ के हमले और इसमें कम से कम 20 छात्रों के घायल होने के बाद यह कदम उठाया गया। अधिकारियों और आयोजकों ने यह जानकारी दी।

जेम्स के नाम से मशहूर बांग्लादेशी गायक-गीतकार फारूक महफूज अनम जेम्स ने कई हिट हिंदी फिल्मों के गाने भी गाए हैं। भीड़ के हमले की घटना शुक्रवार रात को हुई। हाल के दिनों में देश में सांस्कृतिक संस्थानों को निशाना बनाकर कई हमले हुए हैं। पिछले कुछ हफ्तों में ढाका स्थित छायानट और उदिची शिल्पी गोष्ठी जैसे संगठनों में तोड़फोड़ की घटनाएं हुई है। जेम्स का यह संगीत कार्यक्रम फरीदपुर जिला स्कूल के 185वें स्थापना दिवस समारोह के समापन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। समाचार पोर्टल टीबीएसन्यूज डॉट नेट के अनुसार, यह कार्यक्रम स्कूल परिसर में बनाए गए एक अस्थायी मंच पर देर रात होना था। हालांकि, कार्यक्रम शुरू होने से ठीक पहले कुछ बाहरी लोगों के एक समूह ने प्रवेश ...शेष पृष्ठ 14 पर

# आत्मनिर्भरता के लिए जरूरी है महिला सशक्तीकरण

## समान अवसर मिलने पर पुरुषों से बेहतर प्रदर्शन करती हैं महिलाएं : राजनाथ

**एजेंसी**



वलसाड (गुजरात)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि महिलाओं ने साबित कर दिया है कि जब भी उन्हें समान अवसर मिलते हैं, तो वे पुरुषों के बराबर या उनसे भी बेहतर प्रदर्शन करती हैं।

गुजरात के वलसाड जिले के धरमपुर में श्रीमद राजचंद्र सर्वमंगल महिला उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन करने के बाद सिंह ने कहा कि जैन आध्यात्मिक गुरु श्रीमद् राजचंद्रजी ने अपने छोटे से जीवन में जो विरासत छोड़ी है वह सदियों तक लोगों का मार्गदर्शन करती रहेगी। वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल तरीके से केंद्र की आधारशिला रखी थी, जो 11 एकड़ में फैला है और महिलाओं को कौशल विकास और आजीविका में सुधार में सहायता करता है। श्रीमद राजचंद्र एक जैन मुनि, कवि, रहस्यवादी, दार्शनिक और 19वीं सदी के अंत के एक प्रमुख सुधारक थे। उनके भक्त गुरुदेव श्री राकेशजी ने एक आध्यात्मिक संगठन श्रीमद राजचंद्र मिशन धरमपुर की स्थापना की। सिंह ने कहा मेरा मानना है कि जो महिलाएं यहां काम करेंगी, वे न केवल सशक्त होंगी बल्कि आत्मनिर्भर भी बनेंगी और उन्हें अपने तरीके से आध्यात्मिक चिंतन में शामिल होने का अवसर और समय मिलेगा। सिंह ने स्वरोजगार महिला संघ (सेवा) की इला भट्ट और श्री महिला गृह उद्योग की संस्थापक जसवंतीबेन पोपट का उदाहरण देते हुए कहा महिलाओं ने साबित कर दिया है कि जब भी उन्हें समान अवसर दिए गए हैं, उन्होंने पुरुषों के बराबर या उससे भी बेहतर प्रदर्शन किया है। सिंह ने कहा कि उत्कृष्टता केंद्र, जिसका प्रबंधन पूरी तरह से ग्रामीण महिलाओं द्वारा किया जाएगा, महिला उद्यमिता को और मजबूत करेगा और महिला सशक्तिकरण और महिला नेतृत्व वाले विकास का एक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सहारनपुर : कार पेड़ से टकरायी, चार की मौत

सहारनपुर। बेहट स्थित शाकंभरी रोड पर धर्म सिंह जगदीश सिंह महाविद्यालय के सामने एक तेज रफ्तार कार मोड़ पर लगे पेड़ से टकरा गई। इसमें दो सगे भाइयों समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें से तीन की पहचान की जा चुकी है, जबकि एक अन्य की शिनाख्त में पुलिस जुटी हुई है।

पुलिस के मुताबिक, चिलकाना के गांव तिडफवा निवासी विजय अपने भाई डॉ. मनीष व दो अन्य साथियों के साथ शनिवार को बेहट की ओर जा रहे थे। शाकंभरी रोड पर धर्म जगदीश सिंह महाविद्यालय के सामने मोड़ परकार अनियंत्रित होकर पहले लोहे के एंगल से टकरा गई और उसके बाद वह सड़क किनारे पेड़ से भिड़ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मातृशक्ति उत्थान के लिए सरकार प्रतिबद्ध : धामी

## देहरादून में बिजनेस उत्तरायणी ने 'मंथन-2025' शिखर सम्मेलन का किया आयोजन

**प्रमुख संवाददाता**



देहरादून (उत्तराखंड)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार मातृशक्ति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और उद्यमिता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित मंथन-2025 पांचवें राष्ट्रीय नेतृत्व शिखर सम्मेलन (महिला विशेष) को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। यह सम्मेलन 'बिजनेस उत्तरायणी' नामक संस्था द्वारा किया गया था, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। सीएम धामी ने बताया कि उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सशक्त बहना उत्सव योजना तथा मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि राज्य में लगभग 70 हजार स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से करीब 5 लाख महिलाएं संगठित होकर स्वरोजगार से जुड़ी हैं। प्रदेश की 1 लाख 68 हजार से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनकर आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम कर चुकी हैं। महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखते हुए राज्य सरकार उत्पादों की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और विपणन के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम विकसित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक प्रभावी मंच है। महिलाओं ने अपने कौशल और परिश्रम से न ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

अधिकतम : 20.00 डिसे.
न्यूनतम : 9.00 डिसे.

**भीतर पढ़ें**

- योगी सरकार में बदला यूपी का सामाजिक चेहरा (पृष्ठ-02)
- उत्कृष्ट कारीगरों को मिले पुरस्कार (पृष्ठ-02)
- अंतिम चरण में अमेरिका-ब्रिटेन व्यापार वार्ता (पृष्ठ-14)
- सीएम रेखा गुप्ता ने अटल कैंटीनों का किया उद्घाटन (पृष्ठ-14)
- बम निरोधक प्रणालियों का पहला मानक जारी (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** नेचर वॉक ट्रेल और बांस की गोल हट का किया जा रहा है निर्माण, बच्चों के लिए बन रहा चिल्ड्रेन पार्क, प्ले स्टेशन और ओपन जिम

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कुकरैल नाइट सफारी का हो रहा विकास

**विशेष संवाददाता**



लखनऊ। इंदिरानगर में स्थित कुकरैल वन क्षेत्र में सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पर्यटन गतिविधियों का विकास किया जा रहा है। कुकरैल वन क्षेत्र में एक ओर वन और पर्यटन विभाग कुकरैल नाइट सफारी का विकास कर रहा है, साथ ही नाइट सफारी के आस-पास के क्षेत्र में यूपी ईको टूरिज्म बोर्ड भी पर्यटकों के लिए सुविधाओं का विकास कर रहा है।

इस क्रम में यूपी ईको टूरिज्म बोर्ड बच्चों के लिए चिल्ड्रेन पार्क, प्ले स्टेशन के साथ बांस की गोल हट, नेचर वॉक ट्रेल, ओपिन जिम और कैफेटेरिया का विकास कर रहा है। साथ ही पर्यटकों की सुविधा के लिए पार्किंग और शौचालय का भी निर्माण कर रहा है। सीएम योगी के विजन के अनुसार प्रदेश की राजधानी लखनऊ में टूरिज्म की गतिविधियों के विकास के लिए कुकरैल नाइट सफारी का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही यूपी ईको टूरिज्म बोर्ड, कुकरैल वन क्षेत्र में मगरमच्छ, घड़ियाल और कछुआ अभ्यारण्य की सैर करने आने वाले पर्यटकों के लिए सुविधाओं का विकास कर रहा है। यूपी ईको टूरिज्म बोर्ड के एडिशनल डारेक्टर पुष्प कुमार ने बताया कि बोर्ड कुकरैल वन क्षेत्र में 2 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन सुविधाओं का विकास कर रहा है। जो कि कुकरैल वन क्षेत्र के अभ्यारण्यों और नाइट सफारी में आने वाले पर्यटकों को सुखद अनुभव प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इस क्रम में बोर्ड कुकरैल वन क्षेत्र में बच्चों के लिए चिल्ड्रेन पार्क और प्ले स्टेशन का निर्माण कर रहा है। जहां बच्चों के लिए एडवेंचरस गेमस, झूले और ओपेन जिम भी लगाया जाएगा।

बोर्ड के एडिशनल डायरेक्टर ने बताया कि प्राकृतिक संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पर्यटकों को प्रकृति की आनंद दिलाने के लिए बांस से गोल हट बनाई जा रही हैं। साथ ही नेचर वॉक ट्रेल को भी विकसित किया जा रहा है, जहां पर्यटक कुकरैल नदी के आस-पास के क्षेत्र में पेड़, पौधों, पक्षियों के समीप से प्राकृतिक गतिविधियों का आनंद ले सकेगें। इसके अलावा पर्यटकों की सुविधा के लिए वन क्षेत्र में कैफेटेरिया, शौचालय और पार्किंग का भी निर्माण ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सीतापुर : पिता-पुत्र की हत्या से तनाव, भारी पुलिस बल तैनात

**जिला संवाददाता**

❍ **अलग-अलग समुदाय से जुड़ा है मामला**

सीतापुर। सीतापुर जिले के इमलिया सुलतानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश के कारण पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना शुक्रवार देर शाम की है। मामला दो अलग-अलग समुदायों से जुड़ा होने के कारण फतेहपुर गांव में कई थानों के पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

सीतापुर के पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि फतेहपुर गांव में अख्तर उर्फ छोटे खां (60) और उनके बेटे मैसर (38) को हमलावरों ने शुक्रवार को उस समय गोली मार दी, जब वे अपने खेतों से लौट रहे थे। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पिता-पुत्र पर 2011 में हमलावरों के परिवार के एक सदस्य की हत्या का आरोप था, तभी से दोनों पक्षों के बीच दुश्मनी थी। इसी पुरानी रंजिश में बदले की भावना में यह वारदात की गई। स्थिति को देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और मृतकों के परिजनों द्वारा जिन लोगों के नाम बताए जाएंगे, उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। छोटे खां के दामाद महफूज ...शेष पृष्ठ 14 पर

# ऊर्जा नीति से यूपी में सुधार तेज, स्मार्ट मीटरिंग ने बदल दिया पावर गेम

- स्मार्ट मीटरिंग और निगरानी से मजबूत हुई बिजली वितरण प्रणाली
- 68,24,654 मीटर स्थापित कर पारदर्शी बिलिंग की दिशा में बड़ा कदम
- 15,26,801 डीटी मीटर स्वीकृत, 2,29,898 स्थापित, बिजली वितरण प्रणाली में तकनीकी मजबूती

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में जिस गति और स्तर पर तकनीकी परिवर्तन का साक्षी बन रहा है, वह न केवल प्रदेश का बल्कि पूरे देश के लिए एक मॉडल बनता जा रहा है। वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश की बिजली व्यवस्था में स्मार्ट मीटरिंग के जरिए पारदर्शिता, दक्षता और उपभोक्ता हितों के संरक्षण का वर्ष साबित हुआ है। यूपी में अब तक लगभग 68,24,654 (68 लाख, 24 हजार, 654) स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। वहीं सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश लगातार अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करा रहा है। अभी तक प्रदेश में पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत 3,20,187 सौर ऊर्जा इंस्टॉलेशन हो चुके हैं। यही नहीं यूपी सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में सुधार को प्राथमिकता देते हुए उपभोक्ताओं के हितों को केंद्र में रखकर काम किया है। डिजिटल तकनीक आधारित ह्यस्मार्ट मीटरिंग प्रोजेक्टह्न के अंतर्गत न केवल बिजली वितरण प्रणाली में पारदर्शिता आई है, बल्कि राजस्व संग्रहण में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

उत्तर प्रदेश में 3,09,78,280 (3 करोड़, 9 लाख 78 हजार 280) स्मार्ट मीटर स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें से 68,24,654 (68 लाख 24 हजार 654) मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। प्रदेश सरकार ने बिजली उपभोग को डिजिटल रूप से ट्रैक करने और बिलिंग प्रक्रिया को सटीक बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। स्मार्ट मीटरों से उपभोक्ताओं को सटीक बिलिंग, वास्तविक खपत का आकलन और बिजली चोरी पर अंकुश जैसे अनेक लाभ मिल रहे हैं। पहले जहां अनुमान आधारित बिलिंग से उपभोक्ताओं को शिकायतें रहती थीं, वहीं अब वास्तविक उपयोग के आधार पर पारदर्शी बिल मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार कहा है, स्मार्ट मीटरिंग सिस्टम न केवल तकनीकी सुधार है, बल्कि उपभोक्ता के प्रति जवाबदेही का प्रतीक भी है।

बिजली वितरण को और अधिक व्यवस्थित और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के लिए योगी सरकार ने डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफॉर्मर (डीटी) मीटरिंग पर विशेष ध्यान दिया है। अब तक 15,26,801 (15 लाख 26 हजार 801) डीटी मीटर स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 2,29,898 (2 लाख 29 हजार 898) मीटर स्थापित हो चुके हैं। यह व्यवस्था हर ट्रांसफॉर्मर पर बिजली के प्रवाह और खपत की निगरानी को सटीक बनाती है। डीटी मीटर से यह पता लगाना आसान होता है कि किन क्षेत्रों में बिजली की हानि सबसे अधिक है और कहां पर तकनीकी सुधार की आवश्यकता है? इस तकनीक के माध्यम से बिजली चोरी में कमी आई है और लाइन लॉस कम हो रहा है। उत्तर प्रदेश में बिजली नेटवर्क को सशक्त बनाने के लिए 25,224 फीडर मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। यह व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक फीडर स्तर पर बिजली आपूर्ति और उपभोग का रिकॉर्ड डिजिटल रूप से उपलब्ध रहे। फीडर मीटरिंग से आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और ग्रामीण व शहरी दोनों इलाकों में बिजली वितरण की विश्वसनीयता बढ़ी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार का लक्ष्य केवल तकनीकी उन्नयन ही नहीं, उपभोक्ताओं के हितों को भी सशक्त बनाना है। स्मार्ट मीटर से अब उपभोक्ता अपने मोबाइल या ऑनलाइन पोर्टल के जरिए बिजली उपयोग का रियल टाइम डेटा देख सकते हैं। इससे बिलिंग विवाद घटे हैं और उपभोक्ता अपनी खपत पर खुद नियंत्रण रख पा रहे हैं। साथ ही भुगतान प्रणाली को भी ऑनलाइन और पारदर्शी बनाकर सरकार ने डिजिटल इंडिया के विजन को दृढ़ता प्रदान करने का काम किया है। बिजली बिल राहत योजना में 16 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है। 1323 करोड़ की राजस्व धनराशि प्राप्त हुई। सबसे अधिक पूर्वांचल डिस्काम में 6 लाख से ज्यादा पंजीकरण हुआ है।

## यूपी में सुरक्षित सफर की पहल: कोहरे में दिखेंगे वाहन, घटेंगी दुर्घटनाएं

विशेष संवाददाता (vol)

- कोहरे में सड़क हादसों पर लगेगी लगाम, परिवहन विभाग ने शुरू किया रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप अभियान
- शीत ऋतु में कॉमर्शियल व्हीकल्स पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप अनिवार्य, परिवहन विभाग ने जारी किया निर्देश

**लखनऊ।** प्रदेश में कोहरा, खराब मौसम के कारण विशेषकर रात के समय विजिबिलिटी कम होने के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यूपी परिवहन विभाग ने इस क्रम में शीत ऋतु के दौरान सभी व्यावसायिक वाहनों पर अनिवार्य रूप से रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के निर्देश जारी किए हैं। विभाग के संबंधित अधिकारियों का कहना है कि रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने से अंधेरे, कोहरे या खराब मौसम में भी वाहनों की दूर से भी पहचाना जा सकता है, जिससे एक्सीडेंट की संभावना में कमी आती है। इस संबंध में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों को मानक के अनुरूप रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के नियमों का पालन सुनिश्चित कराने और प्रदेशव्यापी प्रवर्तन अभियान चलाने के निर्देश जारी किए हैं।

यूपी परिवहन विभाग ने केंद्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 के तहत निर्देश लागू किया है कि शीत ऋतु के दौरान प्रदेश के सभी व्यावसायिक वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाना अनिवार्य किया गया है। विशेष रूप से गन्ना मिलों, मंडी समितियों और अन्य स्थानों पर ट्रेलर-ट्रॉलियों एवं व्यावसायिक वाहनों पर फोकस किया जा रहा है। साथ ही परिवहन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों को इस संबंध में विशेष जागरूकता और जांच अभियान चलाने के साथ प्रवर्तन कार्रवाई भी की जा रही है। रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने से कोहरे की स्थिति में भी भारी वाहनों को पहचाना जा सकता है, जिससे सड़क दुर्घटना की संख्या में कमी आती है।

परिवहन विभाग के अधिकारी का कहना है कि रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने से न केवल वाहन चालकों की सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य यात्रियों और पैदल राहगीरों की जान को भी सुरक्षा मिलेगी। परिवहन विभाग ने सभी व्यावसायिक वाहन स्वामियों और ट्रांसपोर्ट कंपनियों से अपील की है कि वे अपने वाहनों पर मानक के अनुरूप रिफ्लेक्टिव टेप लगवाएं, ताकि इस शीत ऋतु में सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम किया जा सके।

# अखिलेश ने एसआईआर को लेकर भाजपा को घेरा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि उत्तर प्रदेश भाजपा में मचे आपसी घमासान का कारण ऊपरी तौर पर भले कोई विद्रोही बैठक हो पर असल कारण ये है कि भाजपाई विधायकों के बीच ये समाचार पहले ही प्रसारित हो चुका है कि एसआईआर में 2.89 करोड़ वोटरों के नाम कट गये हैं।



अखिलेश यादव ने कहा कि बकौल एक वर्ष-शेष उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के लगभग 85-90 प्रतिशत उनके अपने ही वोटर कटे हैं। इसका राजनीतिक गणितीय विश्लेषण है: 28900000 का अगर केवल 85 फीसदी मान लिया जाए तो ये आंकड़ा होगा लगभग 24565000 है। अब इस आंकड़े को उत्तर प्रदेश की कुल 403 सीट से भाग दे दिया जाए तो ये आंकड़ा लगभग 61 हजार वोट प्रति सीट आएगा।\

अखिलेश यादव ने कहा कि ऐसे में ये निष्कर्ष निकलता है कि भाजपा उत्तर प्रदेश की हर एक सीट पर आनुपातिक रूप से 61 हजार वोट कम पाएगी। ऐसे में वो सरकार क्या बनाएगी, दहाई का अंक भी पार नहीं कर पायेगी इसीलिए आपसी लड़ाई अब एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप व टोका-टोकी व खुलेआम नोटिस के रूप में सामने आ रही है। भाजपाई विधायक अलग-अलग बैठकें करके ये दिखा रहे हैं कि भाजपा सरकार, भाजपा संगठन व भाजपा के संगी साथी कोई भी उनकी नहीं सुन रहे हैं इसीलिए उनके कोई काम नहीं हो रहे हैं।

ऐसे में जब चुनाव के पूर्व उनके कामों के आधार पर उनके मूल्यांकन का सर्वे करवाया जाएगा तो वो फेल हो जाएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि यही वो बुनियादी कारण है कि वो सब इकट्ठे होकर अपनी सफाई देने में जुट गये हैं। भाजपा में चंद गिने-चुने लोगों के महाभ्रष्टाचार में से इन असंतुष्टी से विद्रोह के स्तर तक पहुंचे लोगों के हिस्से बदनामी की छींटों के सिवा कुछ हाथ नहीं लगा है। भाजपाई एसआईआर ने अपने खोदे गड्ढे.में भाजपा को ही गिरा दिया है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जयंत चौधरी का जन्मदिन



**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने की और केक काटकर जयंत सिंह का जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। इस अवसर पर रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर एवं आदित्य विक्रम सिंह, प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, प्रदेश महासचिव मनोज सिंह चौहान, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव अफसर अली, प्रमोद शुक्ला, सम्राट सिंह चौहान, मुकेश वर्मा, विपिन द्विवेदी, लियाकत अली, शहजाद एवं ऋषभ गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को केक एवं मिठाई खिलाकर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# औद्योगिक भूमि के प्रभावी उपयोग में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल

विशेष संवाददाता (vol)

- 33,327 हेक्टेयर भूमि पर संचालित हैं 286 औद्योगिक पार्क
- यूपी बना भरोसेमंद परिणाम देने वाला औद्योगिक गंतव्य

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने देश के औद्योगिक मानचित्र पर मजबूती के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। इसकी ठोस झलक औद्योगिक भूमि के उपयोग के आंकड़ों में दिखाई देती है। जहां देश के कई प्रमुख राज्यों में औद्योगिक पार्कों की बड़े क्षेत्रफल में भूमि आज भी निष्क्रिय पड़ी है, वहीं उत्तर प्रदेश में उपलब्ध कराई गई औद्योगिक भूमि का अधिकांश हिस्सा उद्योगों के लिए उपयोग हो चुका है। प्रदेश में अब तक 286 औद्योगिक पार्क विकसित किए जा चुके हैं। इन क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों की सक्रियता यह स्पष्ट करती है कि निवेश प्रस्ताव केवल फाइलों तक सीमित नहीं रहे। यही कारण है कि देश और विदेश के निवेशक उत्तर प्रदेश को एक भरोसेमंद और परिणाम देने वाले औद्योगिक गंतव्य के रूप में देख रहे हैं। उद्योग जगत के विशेषज्ञ एसके आहूजा का कहना है कि उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश के बड़े औद्योगिक पावरहाउस के रूप में उभर रहा है।

उत्तर प्रदेश में 286 विकसित औद्योगिक पार्कों का कुल क्षेत्रफल 33,327 हेक्टेयर है। इनमें लगभग पूरी औद्योगिक भूमि पर उद्योग या तो स्थापित हो चुके हैं या स्थापना की प्रक्रिया में हैं। इससे जहां उत्पादन गतिविधियों को बल मिल रहा है और वहीं बड़ी संख्या में रोजगार के अवसरों का भी सृजन हो रहा है। यदि देश के अन्य राज्यों की स्थिति पर दृष्टिपात किया जाए तो अंतर स्पष्ट दिखाई देता है। जैसे कि तेलंगाना में 157 औद्योगिक पार्कों में 30,749 हेक्टेयर भूमि आज भी निवेश के लिए उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने औद्योगिक नीति को स्पष्ट दिशा प्रदान करने का काम किया है। सरकार का फोकस केवल भूमि आवंटन पर ही नहीं वरन उद्योगों को सुरक्षित और अनुकूल वातावरण देने पर भी रहा है। कानून-व्यवस्था में सुधार, प्रशासनिक प्रक्रियाओं का सरलीकरण और बुनियादी ढांचे का तेज विस्तार इस नीति के मुख्य स्तंभ बने। एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट और बेहतर कनेक्टिविटी ने उद्योगों के संचालन को आसान बनाया जिससे निवेशकों का भरोसा और मजबूत हुआ है।

एक जनपद, एक उत्पाद (ओडीओपी), डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, मेडिकल डिवाइस पार्क, फार्मा पार्क और टेक्सटाइल हब जैसी योजनाओं ने औद्योगिक विकास को केवल कुछ शहरों तक सीमित नहीं रहने दिया। पूर्वांचल, बुंदेलखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी उद्योग स्थापित हुए हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं और क्षेत्रीय असमानता में कमी आई है।

राष्ट्रीय औद्योगिक परिदृश्य में उत्तर प्रदेश आज ठोस परिणामों के साथ अग्रणी प्रदेश के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार अब उद्योगों को गति देने के लिए ह्यप्लग एंड प्लेह्न मॉडल पर विशेष जोर दे रही है। इसके अंतर्गत निवेशकों को पहले दिन से ही तैयार अवसंरचना मिलेगी। यही मॉडल उत्तर प्रदेश को औद्योगिक मामले में अन्य राज्यों से आगे लेकर जाएगी।

# उत्कृष्ट कारीगरों को मिले पुरस्कार

विशेष संवाददाता (vol)




- खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी का समापन

**लखनऊ।** योगी सरकार की स्वदेशी, स्वरोजगार और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वावधान में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमती नगर, लखनऊ परिसर में आयोजित दस दिवसीय मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की प्रदर्शनी खादी प्रदर्शनी-2025 का शनिवार को समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ किया गया। समापन समारोह में अरुण प्रकाश, विशेष सचिव नगर विकास की उपस्थिति रही।

यह प्रदर्शनी 18 से 27 दिसंबर 2025 तक आमजन के लिए आयोजित की गई, जिसमें खादी, ग्रामोद्योग एवं माटीकला से जुड़े कुल 130 स्टॉल लगाए गए। प्रदर्शनी के दौरान बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी की, जिससे स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ और उन्हें विपणन का सशक्त मंच मिला।

समापन अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कारीगरों, संस्थानों एवं उद्यमियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। खादी श्रेणी में कानपुर, फैजाबाद एवं हरदोई की संस्थाओं को उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं प्रस्तुति के लिए पुरस्कृत किया गया, जबकि ग्रामोद्योग श्रेणी में हरिद्वार एवं सहारनपुर की इकाइयों को उनके नवाचार, गुणवत्ता और विपणन कौशल के लिए सम्मान मिला। पुरस्कार वितरण से कारीगरों एवं उद्यमियों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। प्रदर्शनी में लेदर उत्पाद, भदोही के कालीन, माटीकला से बने बर्तन एवं सजावटी सामग्री, प्रतापगढ़ का आंवला मुरब्बा, वाराणसी की रेशम एवं सिल्क साड़ियां, राजस्थान के बीकानेरी पापड़ एवं नमकीन, उत्तराखंड के कोट, शॉल व चादरें सहित विविध हस्तशिल्प आधारित उत्पाद उपभोक्ताओं के आकर्षण का केंद्र बने रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने, स्वरोजगार सृजन और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी न केवल स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार का प्रभावी माध्यम बनी, बल्कि कारीगरों को पहचान, सम्मान और बाजार उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण सिद्ध हुई।

# जी राम जी के फायदे बताने के लिए गांव-गांव लगेगी चौपाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रोजगार को लेकर योगी सरकार की सोच जमीन पर उतरती दिख रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत विकसित भारत जी राम जी योजना के जरिए गांव-गांव रोजगार, प्रशिक्षण और आजीविका के अवसर देने की ठोस पहल शुरू हो गई है। सरकार का लक्ष्य है कि हर परिवार तक काम की गारंटी पहुंचे और रोजगार की जानकारी गांव-गांव लोगों को चौपाल लगाकर दी जाए। सीएम योगी ने अफसरों को निर्देश दिए हैं कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

इस दिशा में प्रदेश भर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत सरकारी कार्यालयों, पंचायत भवनों, सामुदायिक केंद्रों और ग्राम सभाओं में पोस्टर, बैनर और वाल पेंटिंग के जरिए लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। साथ ही चौपालों पर संवाद के जरिए सीधे आम लोगों को रोजगार संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

**हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा सीधा लाभ:** इस अभियान के तहत रोजगार एवं आजीविका गारंटी अधिनियम (वीबी-जी राम जी) को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इसका मकसद सिर्फ योजना बनाना नहीं, बल्कि हर पात्र व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचाना है। इसके तहत चौपाल पर चर्चा के साथ घर-घर योजना की जानकारी दी जाएगी। गांव-गांव लगने वाली इन चौपालों में लोगों को रोजगार की योजनाओं, काम के अवसरों और अधिकारों के बारे में बताया जाएगा।

अपनी जरूरतें और सुझाव सीधे प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे। पोस्टर, बैनर और वाल पेंटिंग से योजना का प्रचार किया जाएगा। इसके साथ ही सरकारी कार्यालयों, पंचायत भवनों, स्कूलों, सामुदायिक हॉल और सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार सामग्री लगाई जाएगी। जिससे कोई भी व्यक्ति इसकी जानकारी से अछूता न रहने पाए। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर भी संदेश से संबंधित लोगो लगाए जाएंगे। सभी तक जानकारी पहुंचाने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार प्रसार का निर्णय लिया गया है। योगी सरकार का प्रयास है कि रोजगार से जुड़े फैसलों में आमजन की भागीदारी रहे। चौपालों के माध्यम से लोग अपनी जरूरतें और सुझाव सीधे प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे।

**आत्मनिर्भर भारत की दिशा में साबित होगा बड़ा कदम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अधिकारियों को स्पष्ट संदेश है कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब गांव मजबूत होंगे और हर हाथ को काम मिलेगा। इसी सोच के साथ प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि हर जरूरतमंद तक पहुंचें। यह अभियान न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाएगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा।

# गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिभाग करेंगी 14 लखपति दीदियां

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में उत्तर प्रदेश में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहो से ग्रामीण महिलायें जुड़कर सफलता की नयी ऊंचाइयां छू रही हैं। प्रदेश मे स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी लाखों दीदियां जहां नई उड़ान भर रही हैं, वहीं गांव देहात की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत साबित हो रही हैं। गणतंत्र दिवस पर परेड में यूपी से 14 लखपति दीदियां प्रतिभाग करेंगी।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक मजबूती से ही विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। महिला सशक्तिकरण के माध्यम से आत्मनिर्भर ग्राम और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है। स्वयं सहायता समूहों की ताकत से ग्रामीण भारत का भविष्य बदलेगा। लखपति दीदी अभियान से गांव-गांव समृद्धि पहुंचेगी और महिलाओ को सम्मान मिलेगा। महिला उद्यमिता और आजीविका संवर्धन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। गणतंत्र दिवस के अवसर नई दिल्ली मे आयोजित परेड के दौरान सम्मिलित होने उत्तर प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों के विभिन्न कैडर्स की 14 लखपति दीदियां विशेष अतिथि के रूप मे प्रतिभाग करेगीं, जिसमे आत्मविश्वास, मेहनत और सरकारी योजनाओं के सही उपयोग से आत्मनिर्भर बनी बिजनौर की ऋतु हलदर और सुमन रानी जो महिला सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल हैं, भी सम्मिलित रहेगी।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी इन सभी दीदियों का गणतंत्र दिवस के अवसर पर विशेष अतिथि के रूप मे जाना उत्तर प्रदेश के लिए खासतौर से स्वयं सहायता समूहों के लिए गौरव की बात है और इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री व भारत सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है। उप मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इन दीदियो को दिल्ली ले जाने के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थायें पहले से ही सुनिश्चित कर ली जाय।

बता दें कि ऋतु हलदर और सुमन रानी बिजनौर की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के तैयार उत्पादों के साथ-साथ जिले का पारंपरिक वुड क्राफ्ट भी दिल्ली ले जायेंगी। कभी आर्थिक तंगी और पारिवारिक कठिनाइयों से जूझ रहीं ऋतु और सुमन आज सफल महिला उद्यमी हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर उन्होंने न केवल अपनी आजीविका का साधन विकसित किया, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी मेहनत और उपलब्धियों को देखते हुए प्रशासन ने दोनों को ह्यलखपति दीदी क्लबह्न में शामिल किया है।

**संघर्ष से संबल तक ऋतु-सुमन की आत्मनिर्भर उड़ान:** सुमन रानी ग्राम अब्दुल्लापुर (ब्लॉक-हलदौर) की निवासी हैं, जिन्होंने सीमित आय और बढ़ती पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच हार न मानते हुए आत्मनिर्भर बनने का सपना देखा। बीए तक शिक्षित सुमन ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर बचत की शुरूआत की और ग्राम्य विकास विभाग की सीएलएफ योजना के तहत लेखाकार के रूप में कार्य किया। मेहनत और आत्मविश्वास ने उन्हें नई पहचान दिलाई और आज वे विवेक विश्वविद्यालय परिसर स्थित विदुर कैफे का सफल संचालन करते हुए प्रतिदिन 3 से 4 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं।

ग्राम घासीवाला (ब्लॉक-मोहम्मदपुर देवमल) की ऋतु हलदर ने भी संघर्ष को अपनी ताकत बनाया। 12वीं तक पढ़ी ऋतु ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर नेतृत्व की जिम्मेदारी संभाली और समूह अध्यक्ष के रूप में आगे बढ़ीं। आत्मनिर्भर बनने की ललक ने उन्हें दोबारा पढ़ाई की राह दिखाई और वर्तमान में वे बीए की पढ़ाई कर रही हैं। आज वे अपनी सहयोगी माया चक्रवर्ती के साथ नजीबाबाद रोड स्थित वर्धमान कॉलेज के पास विदुर कैफे चला रही हैं, जहां से वे प्रतिदिन 3 से 4 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर न केवल अपने परिवार को संबल दे रही हैं, बल्कि अनेक महिलाओं के लिए उम्मीद और प्रेरणा भी बन चुकी हैं।

# योगी सरकार में बदला उत्तर प्रदेश का सामाजिक चेहरा

- महिलाओं के जीवन में ऐतिहासिक परिवर्तन
- महिला सशक्तिकरण में यूपी मॉडल देश में नंबर 1
- सुरक्षा से स्वावलंबन के क्षेत्र में प्रदेश का लहराया परचम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार की ओर से महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं ने देश में सफलता का दमदार यूपी मॉडल प्रस्तुत किया है। महिलाओं की सुरक्षा और विकास अब केवल योजनाओं का विषय नहीं, बल्कि एक ठोस सामाजिक परिवर्तन का दस्तावेज बन चुका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले एक साल में प्रदेश में महिलाओं, किशोरियों और बालिकाओं के जीवन में जो बदलाव आए हैं, वे आंकड़ों में भी दिखते हैं और जमीन पर भी। यह बदलाव सिर्फ सहायता का नहीं, बल्कि सुरक्षा, स्वावलंबन, सम्मान और अवसर का है।

इस योजना के अंतर्गत इस वर्ष कुल 13612 गतिविधियों के माध्यम से 25.5 लाख महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरूक किया गया है। इसका उद्देश्य बालिकाओं के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना, लिंग-चयन की प्रक्रिया को समाप्त कर बालिकाओं को सुरक्षित करना और बाल लिंग अनुपात में सुधार लाना है। इस योजना ने शिक्षा के माध्यम से बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने और बालिकाओं से जुड़े विषयों यथा सुरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य आदि के संबंध में जागरूकता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

**मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना ने क्रांतिकारी परिवर्तन :** कन्या सुमंगला योजना योगी सरकार की सबसे प्रभावशाली सामाजिक योजनाओं में शामिल हो चुकी है। इस वर्ष योजना के अंतर्गत 130.03 करोड़ रुपये की धनराशि से 3.28 लाख कन्याओं को लाभान्वित किया गया। जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक छह चरणों में मिलने वाली सहायता ने बेटियों के प्रति सामाजिक सोच को बदला और बालिका शिक्षा को नई मजबूती दी।

**निराश्रित महिलाओं के लिए आर्थिक संबल :** निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत 38.58 लाख महिलाओं को नियमित मासिक सहायता दी जा रही है। इस वर्ष योजना पर लगभग 1200 करोड़ रुपये रुपये खर्च हुए हैं। अभी हाल ही में पेश हुए अनुपूरक बजट में भी इस योजना के लिए लगभग 535 कोरड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। योगी आदित्यनाथ सरकार की इस योजना से विधवा, परित्यक्ता और असहाय महिलाओं को सम्मानजनक जीवन का आधार मिला। पारदर्शी चयन प्रक्रिया और डीबीटी व्यवस्था ने यह सुनिश्चित किया कि लाभ सीधे वास्तविक पात्रों तक पहुंचे। रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष के अंतर्गत इस साल 3519 पीड़िताओं को लगभग 116.36 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति धनराशि प्रदान की गई।

**मिशन शक्ति से महिलाओं को मिला सुरक्षा कवच :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सशक्तिकरण और सम्मान के उद्देश्य से चलाई जा रही मिशन शक्ति अपने पांचवे चरण में है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशनशक्ति अभियान के अंतर्गत लगभग 9 करोड लोगों तक पहुंचकर उन्हें प्रदेश में महिलाओं तथा बच्चों हेतु संचालित कल्याणकारी योजनाओं, सुविधाओं तथा कानूनों के बारे में संवेदनशील करने का प्रयास किया गया है।

मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग, गृहविभाग सहित 28 विभागों, समाज सेवी संस्थाओं तथा शैक्षणिक सस्थानों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन तथा जनसामान्य के मध्य दूरी को कम करने तथा महिलाओं को खुलकर अपनी समस्यायें व सुझाव रखने हेतु ह्लहक की बात जिलाधिकारी के साथ और स्वावलंबन कैम्प का आयोजन सफलतापूर्वक हो रहा है।

**महिलाओं को मिल रहा है त्वरित न्याय :** हिंसा पीड़ित महिलाओं को एक ही स्थान पर चिकित्सा, कानूनी परामर्श और पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए प्रदेश में 75 से अधिक वन स्टॉप सेंटर संचालित हैं। इस साल 24671 महिलाएं इन केंद्रों से सहायता प्राप्त कर चुकी हैं। यह व्यवस्था महिला सुरक्षा के मामले में योगी सरकार की ह्यजीरो टॉलरेंसह्न नीति का सफलतम उदाहरण है।

181 महिला हेल्पलाइन अब प्रदेश की महिलाओं के लिए भरोसेमंद सुरक्षा कवच बन चुकी है। 24 घंटे संचालित इस सेवा के माध्यम से आपात स्थिति में त्वरित सहायता दी जा रही है। घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और आपात सहायता से जुड़े मामलों में इस साल 56507 महिलाएं को सहायता प्रदान की गई है। हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वुमेन के अंतर्गत महिलाओं, किशोरियों और बालिकाओं को उनके लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं के बारे में जागरुक करना है।

**कामकाजी और निराश्रित महिलाओं को सुरक्षित आश्रय :** निराश्रित, परित्यक्त और कामकाजी महिलाओं के सुरक्षित आवास में भी योगी आदित्यनाथ सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। माता अहिल्याबाई होल्कर श्रमजीवी महिला हॉस्टल योजना के तहत 7 जनपदों नें 500-500 क्षमता के हॉस्टल बनाए जा रहे हैं।

श्रमजीवी महिला छात्रावास के अंतर्गत लखनऊ, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में 8 कामकाजी महिला छात्रावास का निर्माण हो रहा है। प्रदेश के 8 जनपदों में राजकीय महिला शरणालय चल रहे हैं। मथुरा में निराश्रित महिलाओं के लिए 1000 की क्षमता वाला कृष्ण कुटीर चल रहा है। इसी तरह प्रदेश में 14 शक्ति सदन और 13 सखी निवास के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध करा रही है।

संक्षेप

## 103 वाहनों का चालान कर 127500 रु. शमन शुल्क वसूला

**सिद्धार्थनगर** । गत शनिवार, यातायात प्र. अमरेश ने 49 वाहनों का चालान करते हुए 61500 रूपए शमन शुल्क की कार्यवाही किया गया, जब कि विगत दिवस शुक्रवार यातायात प्र0 अमरेश कु0 सिंह यादव के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने विशेष अभियान के तहत कोहरे से बचाव हेतु रिफ्लेक्टर टेप लगाने के साथ-साथ चार पहिया वाहन मे सीटबेल्ट का प्रयोग न करना एवं बिना हेलमेट दो पहिया/गलत दिशा मे वाहन चलाना, दुर्घटना से बचाव हेतु सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को क्रेन से हटवाने व कुल 54 वाहनों का चालान करते हुए 66500 रूपए शमन शुल्क की कार्यवाही करते हुए आदि के विरुद्ध कार्यवाही किया गया। गत दिवस पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डा० अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी यातायात सुजीत कुमार राय के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा साड़ी तिराहा, पावर हॉउस तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा एवं कस्बा बाँसी आदि स्थानों पर पी०ए० सिस्टम से आम जनमानस को जागरूक किया गया।

# डीएम ने एसडीएम और बीएसए समेत 9 अफसरों का वेतन काटा

## ग्राम चौपाल में नहीं पहुंचे थे



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने विकासखंड लोटन के ग्राम पंचायत खखरा में आयोजित 'सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर ग्राम चौपाल' कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने पर सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए जिले के नौ बड़े अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया। डीएम ने चेतावनी दी कि सरकारी कार्यक्रमों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में अनुपस्थिति पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

अनुपस्थित अधिकारियों में उपजिलाधिकारी (नौगढ़), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, ए.आर. कोआपरेटिव, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधिशासी अभियंता (विद्युत विभाग), जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और जिला दिव्यांग जन सशक्तीकरण अधिकारी शामिल हैं। जिलाधिकारी ने इन सभी अधिकारियों से तत्काल लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई पूरे जिले के अधिकारियों के लिए एक सख्त संदेश है कि सरकारी कार्यक्रमों में अनुपस्थिति स्वीकार्य नहीं होगी। चौपाल के दौरान, जिलाधिकारी शिव शरणप्पा जीएन ने ग्रामवासियों से संवाद किया और विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचना चाहिए। डीएम ने विशेष रूप से आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पांच लाख रुपये तक के निशुल्क इलाज, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, मनरेगा योजना और पेंशन को पात्र लाभार्थियों तक समय पर पहुंचाने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण मिलना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बिजली आपूर्ति और नहर के पानी की समस्याओं को तत्काल हल करने तथा राशन वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने देने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र समय पर जारी करने, कृषक दुर्घटना बीमा योजना और विद्युत बिल में छूट का लाभ सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। किसानों को निर्देश दिया गया कि वे अपना धान क्रय केंद्र पर बेचें और 'फार्मर रजिस्ट्री' कराएं, ताकि उन्हें सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, पीडी, डीडीओ, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी (लोटन) सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# छप्पर में आग लगने से मवेशी की मौत

● बिस्तर-चारपाई समेत घरेलू सामान जलकर राख

**सिद्धार्थनगर।** शनिवार को उसका बाजार थाना क्षेत्र के सरौली स्थित कंचनपुर गांव में अदालत पुत्र कन्हई के छप्परनुमा मकान में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरे छप्पर को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। आग की चपेट में आने से एक मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य जानवर झुलस गए। छप्पर में रखी चारपाई, बिस्तर और अन्य घरेलू सामान भी जलकर राख हो गए। ग्रामीणों ने बाल्टी, पाइप और अन्य संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों की मदद से आग पर नियंत्रण पाया जा सका। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना प्रशासन और पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या चूल्हे की चिंगारी से आग लगने की आशंका जताई जा रही है, जिसकी पुष्टि जांच के बाद होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।



# निःशुल्क नेत्र शिविर में उमड़े मरीज, बांटा गया चश्मा



**प्रतापगढ़।** रामपुर बावली के समीप सुन्दर नगर पंचवटी धाम स्थित आरएसएस इण्टर कालेज में शनिवार को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में बडी संख्या में मरीजों की आंखो का चिकित्सकों ने परीक्षण किया। इनमें से सात मरीजों को मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में समाजसेवी बलराम शुक्ल की ओर से नेत्र रोगियो को चश्मा भी प्रदान किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा0 अनुज द्विवेदी तथा डा0 मल्लिकार्जुन पाण्डेय ने आंखों की रखरखाव तथा सुरक्षा के बावत जागरूकता प्रदान की। संरक्षक पं0 रमाशंकर शुक्ला के नेतृत्व में चिकित्सीय टीम को ग्रामीणों की ओर से सम्मानित किया। प्रधान अनेहरा दिवाकर शुक्ल ने शिविर का संयोजन किया। डा0 सर्वेश त्रिपाठी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर रामकृष्ण शुक्ला, राज नारायण शुक्ल, श्याम लाल सरोज, बिहारी प्रजापति, उर्मिला देवी, लक्खू देवी, जयराजा देवी आदि रहे।

## भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु, ग्रहण किया प्रसाद

**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत स्थित जंगली वीर बाबा धाम में शनिवार को हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। लोकमंगल की कामना के साथ हुए भण्डारे मे स्थानीय लोगों के साथ अधिवक्ताओ तथा व्यापारियों की भी भीड़ जुटी दिखी। भण्डारे का संयोजन पूर्व प्रधान बृजेश द्विवेदी तथा अधिवक्ता संजय द्विवेदी ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश, विकास मिश्र, राकेश तिवारी गुडडू, शास्त्री सौरभ, अक्षत तिवारी आदि रहे।

## महिला की पिटाई, आरोपी के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** महिला की पिटाई को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के दर्रा गांव निवासी जयप्रकाश सिंह की पत्नी जयन्ती देवी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसका खेत उदयपुर थाना क्षेत्र में है। बीती पचीस दिसंबर को सायं पांच बजे वह घर से खेत गयी थी। वहां सबमर्सिबल के पास गांव के सूरज पुत्र चितानू की संदिग्ध गतिविधियां देखकर टोकाटांकी की। इस पर आरोपी द्वारा गालीगलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चला गया। तहरीर के आधार पर उदयपुर पुलिस ने आरोपी सूरज के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

## दूरसंचार उपभोक्ताओं को किया जागरूक

**तिलोई, अमेठी।** न्याय भारती संस्था की ओर से ग्राम पन्हौना में दूरसंचार उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष गणेश कुमार त्रिपाठी ने ग्रामीणों को मोबाइल, इंटरनेट एवं अन्य दूरसंचार सेवाओं से जुड़े उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल दौर में दूरसंचार सेवाएं आम जनजीवन का अहम हिस्सा बन चुकी हैं। लेकिन जानकारी के अभाव में उपभोक्ता अक्सर गलत बिलिंग, नेटवर्क समस्या, कॉल ड्रॉप और अनावश्यक कटौती जैसी परेशानियों का सामना करते हैं। यदि उपभोक्ता अपने अधिकारों को जान लें तो वे ऐसी समस्याओं से बच सकते हैं। संस्था के अध्यक्ष गणेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उपभोक्ताओं को सिम सत्यापन, इंटरनेट स्पीड, अनचाहे मैसेज व कॉल, वैल्यू एडेड सर्विसेज और शिकायत निवारण प्रक्रिया की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने साइबर ठगी से बचाव के लिए ओटीपी, पासवर्ड और निजी जानकारी को गोपनीय रखने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं साझा कीं, जिनका समाधान मौके पर ही बताया गया। उपस्थित उपभोक्ताओं ने जागरूकता अभियान की सराहना की और ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की मांग की।

# सीओ रोहिणी और थानाध्यक्ष अनूप ने ग्राम प्रहरी/चौकीदारों को कंबल बांटे




**बांसी, सिद्धार्थनगर।** एसपी डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन में दायित्वों के निर्वहन हेतु क्रियाशील पुलिस क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिणी यादव ने गत शनिवार थानाध्यक्ष खेसरहा अनूप मिश्रा के साथ थानाक्षेत्र के सम्बंधित ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्ठी किया गया। खेसरहा थाना परिसर में गोष्ठी के दौरान सीओ रोहिणी यादव ने ग्राम प्रहरियों से क्षेत्र की छोटी-बड़ी घटनाओं की जानकारी प्राप्त करने और सूचनाओं को तत्काल आदान प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर साथ उपस्थित खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा ने सीओ बांसी के शब्दों पर बल देते हुए उक्त ग्राम प्रहरियों को आगाह करते हुए कहा कि सभी ग्राम प्रहरी चौकीदार नियमित रूप से रात्रि गश्त करें, व संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन देख तुरंत थाना /112 को सूचना दे, बाहरी व्यक्तियों के गांव मुहल्ले में ठहरने की जानकारी देते हुए, चोरी जुवा झगड़ा अवैध शराब आदि से जुड़े गैरकानूनी कार्य अपराध के बारे बारे में सूचना उपलब्ध कराने सहित साइबर फ्राड से लोगों को जागरूक करने हेतु निर्देश दिया, थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा ने सम्बंधित चौकीदारों को आगाह करते हुए कहा कि महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों में तत्काल सूचना उपलब्ध कराएं व किसी भी आपात कालीन स्थिति में पूर्ण निष्ठा के साथ पुलिस का पूरा सहयोग किए जाने हेतु निर्देश दिया गया, बाद उसके खेसरहा थानाध्यक्ष ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के आदेश निर्देश से सम्बंधित ग्राम प्रहरियों को अवगत कराया गया। गोष्ठी उपरांत

क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिणी यादव व थानाध्यक्ष खेसरहा अनूप मिश्रा ने कड़ाके की ठंड से ठिठुरते ग्राम प्रहरियों/चौकीदारों को महंगे ऊनी कम्बलो का वितरण किया गया, ऊनी कम्बलो को पाकर ग्राम प्रहरी /चौकीदारों के चहरे खुशी से खिल उठे, वहीं क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिणी यादव व थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा की मानें तो वास्तव में नर सेवा ही नारायण सेवा है।

# ग्राम पंचायत भवांरी में घोर अनियमितता कर एस्टीमेट के विरुद्ध हुआ विकास कार्य

**सिद्धार्थनगर।** बांसी ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम पंचायत भवांरी में लाखों रूपए सरकारी धन से राज्य वित्त, केन्द्रीय वित्त अन्तर्गत विकास कार्य कराया गया जो घोर अनियमितता कर स्टीमेट का विरूद्ध विकास कार्य हुआ है। वहीं राज्य वित्त, केन्द्रीय वित्त अन्तर्गत कुछ ऐसे भी विकास कार्य हुए जो महज कागज में कुछ और धरातल पर कुछ और लाखों रूपए सरकारी धन का भुगतान कराकर वित्तीय घोटाले को लेकर सुर्खियों में बने हैं। चर्चित ग्राम पंचायत सचिव भवांरी सहित बांसी ब्लाक के कतिपय जिम्मेदार सुर्खियों में हैं। आपको बता दें कि काफी वर्षों से बांसी ब्लाक कार्यालय में तैनात कतिपय विकास अधिकारी जिम्मेदारों के कमीशन खोरी को लेकर तरह-तरह चचार्यें जोरों पर हैं। वहीं शिकायत होने पर ब्लाक के जिम्मेदारों द्वारा सचिव के पक्ष में झूठी रिपोर्ट लगा दी जाती है। वहीं जिम्मेदारों द्वारा राज्य वित्त, केन्द्रीय वित्त के कार्यों में अच्छी खासी कमीशन खोरी मिलती है। आखिर शिकायतों के बचाव में क्यों न करें राज्य वित्त के कार्यों में ग्राम पंचायत सचिव से लेकर ब्लाक के कई जिम्मेदारों को कमीशन जो मिलता है। जिसको लेकर बांसी ब्लाक के कतिपय जिम्मेदार लोग तरह-तरह चचाओं सहित सुर्खियों में बने हैं। वहीं बांसी ब्लाक में तैनात दो कर्मचारी ऐसे भी हैं, जो विकास विभाग के कतिपय लोग काफी वर्षों से कुण्डली मारकर उक्त ब्लाक में जमें है। पूरा मामला बांसी विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भवांरी का है, जहां हर विकास कार्यों में घोर अनियमिता और भ्रष्टाचार किया गया है। लेकिन जिले से ब्लाक तक घूस लेकर फर्जी रिपोर्ट लगाकर मामला रफा-दफा कर देते है। ग्राम पंचायत भवांरी मे नाली मरम्मत, नाली निर्माण, इन्टरलांकिग, हैण्डपम्प मरम्मत, पंचायत भवन, कूड़ा घर, ओपन जिम, स्ट्रीट लाइट, डेस्टबीन आदि ऐसे बहुत विकास कार्यों में घोर अनियमिता और भ्रष्टाचार किया गया है।



# राष्ट्रनिष्ठा, शुचिता व आदर्शों का विधायक ने किया स्मरण

अटल स्मृति सम्मेलन

एस.पी.सिंह परिहार



**श्रावस्ती।** भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, सुचिता, राष्ट्रनिष्ठा और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतीक भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत इकौना ब्लॉक सभागार में भव्य अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनप्रिय श्रावस्ती विधायक पंडित राम फेरन पाण्डेय ने सहभागिता करते हुए अटल जी के प्रेरणादायी व्यक्तित्व, कृतित्व और राष्ट्रहित में किए गए अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

सम्मेलन की शुरूआत श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने अटल जी के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

विधायक पंडित राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि अटल जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, संवेदना और समर्पण की जीवंत प्रतिमूर्ति थे, जिन्होंने भारतीय राजनीति को शुचिता, संवाद और सहमति की संस्कृति दी।

विधायक पंडित राम फेरन पाण्डेय ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी जी ने राष्ट्रसेवा को राजनीति का धर्म बनाया; उनके आदर्श, सिद्धांत, मानवीय संवेदना और निर्भीक नेतृत्व आज भी भारत को एकता, अखंडता व विकास का मार्ग दिखाते हैं। विधायक ने आगे कहा अटल जी की जनकल्याणकारी नीतियाँ—चाहे ग्रामीण विकास हो, सड़क एवं अधोसंरचना निर्माण हो, या सामाजिक समरसता—आज भी शासन-प्रशासन के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अटल जी के विचारों को पढ़ें, समझें और जीवन में उतारें, जिससे राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाई जा सके। सम्मेलन में माननीय जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा, प्रोफेसर प्रतिमा वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कैराती पटेल, अभियान संयोजक दिवाकर शुक्ला, अरुण पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष मनोज दुबे, शक्ति केंद्र संयोजक राहुल सिंह, प्रेम सिंह नायक सहित सभी मंडल अध्यक्षगण उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अटल जी के संसदीय कौशल, ओजस्वी वाणी, कवि-हृदय व सर्वसमावेशी दृष्टिकोण की प्रशंसा की। प्रबुद्ध जनमानस की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने सम्मेलन की गरिमा को और बढ़ाया। वक्ताओं ने कहा कि अटल जी ने वैचारिक मतभेदों के बावजूद संवाद और सम्मान की परंपरा स्थापित की, जो आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। कार्यक्रम के दौरान अटल के जीवन प्रसंगों, कविताओं और ऐतिहासिक निर्णयों का स्मरण कर भावपूर्ण वातावरण बना। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनसमुदाय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। सम्मेलन राष्ट्रनिष्ठा, सुचिता और लोकतांत्रिक मूल्यों के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# डीएम-एसपी ने बांटे कंबल



**सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाने पर आयोजित समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी शिव शरण अप्पा और पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन ने गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरित किए। इस पहल के तहत कुल 40 गरीब और असहाय व्यक्तियों को कंबल दिए गए। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। जिले में इन दिनों भीषण ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है, जिससे गरीबों का जीवन प्रभावित हो रहा है। इसी के मद्देनजर, जिलाधिकारी शिवशरण अप्पा और पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन लगातार गरीबों में कंबल वितरण कर रहे हैं।

## किशोरी लापता, अपहरण का मुकदमा दर्ज

**जसवंतनगर, इटावा।** बलरई थाना क्षेत्र के एक गांव से 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी को अज्ञात युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। घटना को लेकर किशोरी के पिता ने थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक दिवाकर सरोज ने बताया कि वादी की तहरीर के आधार पर अज्ञात युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी है।

## आमने-सामने बसों की भिड़ंत, 10 यात्री घायल

**श्रावस्ती।** जनपद श्रावस्ती के थाना नवीन मॉडर्न क्षेत्र अंतर्गत कटरा बाईपास के समीप 27 दिसंबर 2025 को प्रातः लगभग 6:30 बजे हाईवे पर दो बसों की आमनेझ्रसामने भीषण टक्कर हो गई। इस दुर्भाग्यपूर्ण सड़क हादसे में कुल 10 यात्री आहत हो गए, जिससे कुछ समय के लिए क्षेत्र में अफराझ्रतफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी भारत पासवान के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक लाल साहब सिंह पुलिस बल के साथ तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचे और राहतझ्रबचाव कार्य प्रारंभ कराया। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना भेजा गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकीय परीक्षण के दौरान तीन यात्रियों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया। वहीं शेष सात घायलों को उपचार उपरांत दूसरी बस के माध्यम से उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। पुलिस प्रशासन की सक्रियता से मौके पर यातायात व्यवस्था शीघ्र बहाल कर दी गई। वर्तमान में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है तथा क्षेत्र में कानूनझ्रव्यवस्था सामान्य बनी हुई है।



# विदेश नीति में भटकाव से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर बर्बरता चिंताजनक

● राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने शिक्षकों और बिजली कर्मियों के हक को लेकर सरकार के रवैये पर बोला तगड़ा हमला



**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पड़ोसी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, हिन्दुओं, सिखों तथा इसाइयों के मन्दिरों, पूजा घरों, गुरुद्वारों पर इधर बढ़ रहे हमलो को चिन्ताजनक करार दिया है। उन्होने कहा कि भारत सरकार की विदेश नीति में भटकाव के कारण आज भारत के पड़ोसी देशों से द्विपक्षीय सम्बन्ध भी बद से बदतर होता जा रहा है। शनिवार को रामपुरखास के दौरे पर पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी ने लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में बांग्लादेश में दीपू चन्द्र दास की हत्या के बाद एक और युवक अमृत मंडल की निर्ममतापूर्वक हुई हत्या को अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण एवं कड़ी चिन्ता कहा है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार की खामोशी का नतीजा है कि बांग्लादेश में धार्मिक स्थल क्षतिग्रस्त किये जा रहे है और अल्पसंख्यक महिलाओं के साथ बदसलूकी और व्यभिचार भी बढ़ रहा है। उन्होने पीएम पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह अपने को विश्वगुरू बनाने के चक्कर में किसी एक के नहीं हो पाये। उन्होने कहा कि इसके कारण पीएम मोदी सारी दुनिया में अलग थलग पड़ गये हैं। प्रमोद तिवारी ने बांग्लादेश की स्थिति पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से अविलम्ब सख्त कूटनैतिक कदम उठाते हुए वहां हिन्दू तथा सिख, ईसाई पर हो रहे हमलों पर पहल करने पर जोर दिया है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने पत्रकार वार्ता के दौरान केन्द्र सरकार पर तल्ख होते हुए कहा कि अरावली की पर्वत श्रृंखला हमारे देश की आन बान और शान है। उन्होने कहा कि यह राजस्थान, एनसीआर और भारत की राजधानी दिल्ली के लिए जीवनदायिनी भी है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार ने अपने मित्र उद्योगपति के दबाव में इस पर्वत श्रृंखला के एक बहुत बड़े हिस्से को असंरक्षित घोषित कर दिया है। उन्होने कहा कि खनन लॉबी के दबाव में गलत खनन नीति के जरिए इसे असंरक्षित घोषित करके खनन की इजाजत दी गयी। उन्होने कहा कि संसद से सड़क तक विरोध को देखते हुए सरकार ने इस निर्णय को स्थगित करने को मजबूर हुई। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने एसआईआर के दबाव में प्रदेश में शुक्रवार को एक और बीएलओ के द्वारा आत्महत्या की घटना को भी चिन्ताजनक कहा। उन्होने कहा कि अभी संभावित रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश में दो करोड़ नब्बे लाख से तीन करोड़ तक नाम मतदाता सूची से हटाये गये हैं। उन्होने दावा किया कि हटाए गए नाम गरीब तबके व प्रवासी मजदूरों के हैं। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर निर्वाचन आयोग का मतदाताओं का नाम हटाना एक क्रूरतम चेहरा है। वहीं उन्होने प्रदेश में बिजली कर्मियों व शिक्षकों के हक छीने जाने पर भी सरकार की घेराबंदी की। उन्होने कहा कि जनता को सस्ती बिजली और पानी उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी की जगह सरकार द्वारा बिजली किसी बड़े उद्योगपति को बेंची जा रही है। उन्होने कहा कि इससे बिजली कर्मियों की छंटनी होगी और यह कदम संविदा कर्मियों के लिए कैंसर की तरह है। उन्होने कहा कांग्रेस की सरकार जिस दिन वापस आयेगी वह कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने के साथ शिक्षकों को उनका अधिकार वापस दिलायेगी। वहीं जिले के प्राथमिक शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमण्डल जिलाध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल तथा लालगंज इकाई अध्यक्ष संतोष मिश्र की अगुवाई में सांसद प्रमोद तिवारी से मिला। प्रतिनिधिमण्डल में शामिल शिक्षकों ने टीईटी के मुददे को संसद में उठाने के लिए प्रमोद तिवारी का माल्यार्पण कर आभार जताया। सांसद ने स्थानीय बाजार में व्यापार मण्डल के संरक्षक डॉ. रमाशंकर शुक्ल के आवास पर पहुंचकर हाल ही में उनके पौत्र के आकस्मिक निधन पर संवेदना प्रकट की। अठेहा क्षेत्र के अलावलपुर में उन्होने प्रधान राजपत सिंह की धर्मपत्नी के निधन पर भी परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। प्रमोद तिवारी ने अठेहा, उदयपुर, मंगापुर, सांगीपुर में भी लोगों से मुलाकात कर विधायक मोना द्वारा संचालित विकास योजनाओं को पूर्ण कराने में सहयोग मांगा। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र, डॉ. अमिताभ शुक्ल, दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी, शिवकुमार साहू, छोटेलाल सरोज, दयाशंकर तिवारी, विकास मिश्र, उदयशंकर दुबे, राजकुमार आदि रहे।

# अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम पर हुआ रणनीतिक मंथन, किया गया सम्मान




**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर संघर्ष में योगदान के लिए शनिवार को यहां आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के कार्यालय पर अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। वही यूपी बार काउन्सिल के चुनाव में लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी महेश के समर्थन को लेकर रणनीतिक चर्चा हुई। अधिवक्ताओं ने सदस्य पद पर अनिल कुमार तिवारी महेश के समर्थन का जोशीला ऐलान किया। कार्यक्रम में शामिल अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को लेकर संघर्ष का संकल्प जताया। वही अधिवक्ताओं में प्रदेश के विभिन्न जिलों में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा को लेकर साथियों के मिले जोरदार समर्थन को लेकर उत्साह भी दिखा। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी ने वरिष्ठ अधिवक्ता रामसजीवन वर्मा को अंगवस्त्र तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता टीपी यादव व संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय व संयोजन यात्रा के प्रदेश संयोजक विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर पूर्व महामंत्री प्रवीण यादव, विभाकरनाथ शुक्ला, रोशन सरोज, हरेकृष्ण तिवारी, अरूण तिवारी, आदि अधिवक्ता रहे।

संक्षेप

## बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत

**इकदिल, इटावा।** गांव पिलखर निवासी सुनील शुक्रवार मजदूरी कर हाईवे से होते हुए पैदल घर जा रहा था। गांव के पास इटावा की तरफ से आ रहा बाइक सवार अवधेश पुत्र रामदीन सुनील से टकरा गया। टक्कर लगते ही दोनों भी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टर ने सनील को मृत घोषित कर।

## टक्कर से महिला की मौत

**ऊसराहार, इटावा।** सड़क पार कर रही महिला को कार ने टक्कर मार दी जिससे महिला की मौत हो गई। शुक्रवार की शाम ऊसराहार बिधूना मार्ग पर स्थित बिजनौरा गांव मे विमला देवी पाल पत्नी चंद्रभान 70 वर्ष गांव मे बनी सडक सडक पार कर रही थी ऊसी समय तेज गति से आ रही कार ने विमला को सीधी टक्कर मार दी जिससे विमला गंभीर रूप से घायल हो गई घटना की सूचना ऊसराहार थाना पुलिस को मिली तो मौके पर पहुची पुलिस ने घायल विमला को सीएचसी सरसईनावर भेजा जंहा डाक्टरों ने उसे म्रत घोषित कर दिया।

### Notice

I Surya Vijay Singh S/o Surya Prakash Singh Address - Behra Bahraich Uttar Pradesh have lost my Marksheet of class 10th passed from CISCE Board Index No. T/2088/040 passed in 2011 from Cambridge Public School Palia Kheri.

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पिता धर्मेन्द्र सिंह पुत्र स्व. बद्री सिंह की मृत्यु दिनांक 31.01.2000 को हो चुकी है। उनकी माता का नाम स्व. रूक्मणी कुवर है जिसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी है। यदि भविष्य में कोई भी विधिक कार्यवाही होती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी। **भुवनेन्द्र सिंह पुत्र स्व. धर्मेन्द्र सिंह नि.- राज नगर बहुआ, नगर पंचायत बहुआ, थाना ललौली, तहसील व जिला फतेहपुर।**

# विधायक ने जरूरतमंदों को वितरित किये कंबल

## कड़ाके की ठंड में गरीबों व बुजुर्गों की सेवा हम सभी का दायित्व : महेंद्रपाल



सरहरी, गोरखपुर। पिपराइच क्षेत्र अन्तर्गत वालापार में स्थित इंद्रसना इण्टर कॉलेज में शनिवार को तहसील प्रशासन के तत्वाधान में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जहां कड़ाके की ठंड को देखते हुए बतौर मुख्य अतिथि पिपराइच विधायक महेंद्रपाल सिंह ने सैकड़ो जरूरतमंद गरीबो बुजुर्गो एवं बेसहारा महिलाओं में कंबल वितरण किया

इस अवसर पर विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि ठंड के मौसम में असहाय और बुजुर्गों की सेवा करना हम सभी का सामाजिक दायित्व है। उन्होंने बताया कि सरकार और जनप्रतिनिधि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और ऐसे सेवा कार्य भविष्य में भी जारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्वयं लाभार्थियों को कंबल वितरित कर उनका हाल-चाल जाना और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उक्त बितरण के दौरान सदर तहसील के राजस्व निरीक्षक रमाशंकर सिंह, नायब तहसीलदार राकेश शुक्ला, कानूनगो मेवालाल, अरविन्द रॉय, विशाल यादव, रामनरेश निषाद, मनोज गुप्ता, अंबरीश शुक्ला, गंगा ठुकराई, ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र पासवान समेत सभी ग्राम सभाओं के ग्रामवासी मौजूद रहे।

### विधायक ने आवास पर सुनी फरियादियों की समस्या

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा विधायक ई सरवन निषाद ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के फुटहवा ईनार अपने निमार्णाधीन आवास पर जनता दर्शन में एक-एक फरियादियों की समस्यायों को सुना। और अधिकारियों को समस्या का त्वरित निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चौरी चौरा की जनता मेरे लिए भगवान है। इन्होंने लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में मुझे चुनकर भेजा है।उनकी समस्या मेरी समस्या है।उन्होंने मौके पर संबंधित विभाग से वार्ता करके पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष तारकेश्वर जायसवाल, अमित जायसवाल, सत्यप्रकाश दुबे, संजय जायसवाल , सुमित निषाद, सुनील कुमार निषाद सहित तमाम लोग उपस्थित रहें।

# सीएम का गोरखपुर आगमन आज

- विरासत गलियारे का निरीक्षण करेंगे, बांटेंगे कंबल

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर आगमन होगा। यहां वह ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगों में कंबल वितरित करेंगे। इसके साथ ही विकास योजनाओं के निर्माण की प्रगति जानने के लिए वहां का निरीक्षण भी करेंगे। सीएम एनसीसी एकेडमी एवं विरासत गलियारा का निरीक्षण करने जाएंगे। उसके बाद गोरखनाथ मंदिर जाएंगे और खिचड़ी मेले की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

सीएम रविवार दोपहर बाद 3 बजे गोरखपुर पहुंचेंगे। वह खोराबार क्षेत्र में स्थित तालकंदला में निमार्णाधीन एनसीसी एकेडमी का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद ट्रांसपोर्टनगर स्थित रैन बसेरा परिसर में असहायों, जरूरतमंदों को कंबल वितरित करेंगे। वहां से सीएम पांडेयहाता पहुंचेंगे। पांडेयहाता से धर्मशाला तक लगभग 3.5 किलोमीटर तक विरासत गलियारा का निरीक्षण करेंगे। सीएम कार्य की प्रगति देखेंगे। उसके बाद गोरखनाथ मंदिर जाएंगे। सोमवार को दोपहर बाद 3 बजे वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज पहुंचकर आयोजित विधायक खेल स्पर्धा के समापन समारोह में शामिल होंगे। सीएम गोरखपुर शहर से विधायक हैं और यह इसी विधानसभा क्षेत्र की खेल स्पर्धा है।मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए प्रशासन तैयारियों में जुटा है। जहां सीएम का कार्यक्रम है, उन स्थानों का अधिकारी निरीक्षण कर रहे हैं।

## एमएमएमयूटी के छात्रों (एचयूआरएल) गोरखपुर खाद कारखाने का भ्रमण किया

**सरहरी , गोरखपुर।** हिन्दुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड गोरखपुर खाद कारखाने में शनिवार को एमएमएमयूटी के छात्र छात्राओ का एक दल भ्रमण पर आया छात्र छात्राओ ने पूरे परिसर का भ्रमण कर जानकारी ली। शनिवार को दिन में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी संस्थान के कैमिकल विभाग के 62 छात्र-छात्राओं ने हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड गोरखपुर खाद कारखाने का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को खाद उत्पादन की प्रक्रिया और विशेषताओं के बारे में जानकारी देना था। हिनुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड के परियोजना प्रमुख ( गोरखपुर इकाई ) अखिलेंद्र सिंह,उत्पादन विभाग/तकनीकी विभाग के प्रमुख रमाशंकर लाल, मानव संसाधन विभाग के प्रमुख संत सिंह उपस्थित रहे।छात्र-छात्राओं को खाद उत्पादन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

# वरदान सोसाइटी ने बीएलओ को किया सम्मानित



**इटावा।** वरदान वेलफेयर सोसाइटी ने बीएलओ निशा को फूल माला शाल उड़ाकर सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष मोहम्मद कासिम अंसारी ने कहा कि मोहल्ला चैहट्टा की बीएलओ निशा ने घर घर जाकर सभी लोगों के एसआईआर फॉर्म भरवाने में बहुत मेहनत की है इसलिए समिति ने उनको सम्मानित करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर महासचिव फुरकान, सचिव राजीव पाल, उपाध्यक्ष अब्दुल जब्बार, कोषाध्यक्ष मोहम्मद शाहिद अख्तर, इजहार अहमद, शाहिद मंसूरी, मोहम्मद रफी, शावेज नकवी आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को घर घर पहुंचायें

**इटावा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगिक संगठन हिमालय परिवार का जिसके संरक्षक डॉक्टर इंद्रेश हैं। उनके निर्देशन में पूरे प्रदेश में वंदे मातरम घर-घर और सभी जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से इटावा के नारायण कॉलेज आफ साइंस एंड आर्ट्स में संपन्न कराकर उन्हें उस भावना से जोड़ने का काम किया गया। प्रधानाचार्य डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में उन्हें वंदे मातरम की भावना को हमेशा दिल में रखकर कार्य करने का संदेश दिया ! कॉलेजे के डायरेक्टर एवं हिमालय परिवार के पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष इंजीनियर हरीकिशोर तिवारी द्वारा बच्चों को राष्ट्रीय गान गायन के साथ ही संकल्पित कराया। वंदे मातरम गीत को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इटावा के हजारों बच्चों ने और सैकड़ो अध्यापक अध्यापकाओं ने संकल्प लिया।

## खेत का रास्ता बंद करने व धमकी देने का आरोप

**जसवंतनगर, इटावा।** बलरई थाना क्षेत्र के ग्राम खंदिया निवासी सरिता देवी ने खेतों तक आने-जाने का रास्ता अवरुद्ध करने, गाली-गलौज, मारपीट की धमकी और सिंचाई पाइप काटने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़िता के अनुसार उसके पति के नाम मौजा बाउथ में 30 बीघा भूमि है। खेतों तक पहुंचने के लिए वर्षों पुराना रास्ता चला आ रहा है, जिसे गांव के ही कुछ लोगों ने लकड़ी व अन्य सामान रखकर बंद कर दिया। आरोप है कि जब पीड़िता व उसके पति ने रास्ता खुलवाने की बात कही तो विपक्षियों ने एकजुट होकर गाली-गलौज की और मारपीट पर आमादा हो गए। इतना ही नहीं, खेतों में सिंचाई के लिए बिछाए गए सात पाइप काटकर क्षतिग्रस्त कर दिए गए। पीड़िता का कहना है कि 26 दिसंबर की शाम करीब आठ बजे आरोपियों ने खुलेआम जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस एक आरोपी को साथ ले गई, लेकिन बाद में छोड़ दिया गया। पीड़िता ने निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## परशुराम समिति की बैठक आज

**इकदिल, इटावा।** परशुराम सेवा समिति की आवश्यक बैठक 28 दिसम्बर दिन रविवार को सुबह 11 बजे से प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी के आवास चांदनपुर इकदिल में होगी। उक्त जानकारी देते हुए परशुराम समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने बताया कि बैठक में समिति की सदस्यता एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जायेगी इसके साथ ही सक्रिय लोगों को प्रदेश व जिला स्तर पर जिम्मेदारी देने पर भी विचार किया जायेगा स उन्होंने परशुराम सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# धूमधाम से मना गुरुगोविंद सिंह का प्रकाश पर्व

**इटावा।** गुरुद्वारा गुरुतेग बहादुर साहिब में सरवंशदानी गुरु गोविन्द सिंह का प्रकाशोत्सव मानस की जाति सबै एकै पहिचानबो के उदघोष के साथ श्रद्धा व हर्ष के साथ मनाया गया। गुरु गोविन्द सिंह के पावन प्रकाश पर्व की तैयारियाँ पिछले दस दिनों से चल रही थी, दस दिन से चल रही प्रभात फेरी जिसमें श्रद्धालू भक्त, स्त्री,बच्चे, बूढ़े व नौजवान गुरूवाणी का सबद वाहो-वाहो गुरूगोविन्द सिंह आपे गुरु चेला, गायन करते हुये और बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों के साथ नगर की सड़कों पर निकल पड़ते थे।

गरुद्वारा में पांच अखंड पाठ साहिब की श्रंखला प्रारम्भ हुई, जिसका समापन अर्धरात्रि में सबद कीर्तन व आरती के गायन के साथ पुष्पवर्षा करते हुये हुआ। प्रकाशोत्सव में शनिवार को सुबह से ही गुरूद्वारा में माथा टेकने के लिये स्त्री,बच्चे,बूढ़े व नौजवानों का तांता लगा रहा, सभी



समुदाय के लोगों ने गुरूद्वारा में आकर माथा टेका व अरदास की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के निर्देश पर पधारी उ.प्र.महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह ने कहा कि पूरे देश में वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने वीर सपूतों को नमन करते हुए कहा कि सर्वंशदानी गुरु गोविन्द सिंह जी ने देश व धर्म हित में अपने परिवार की कुबार्नी दी। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने गुरुद्वारा कमेटी को गुरु गोविन्द सिंह जयंती की बधाई देते हुए वीर सपूतों को नमन किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी ने कमलावती सिंह अध्यक्ष उप्र महिला कल्याण निगम, अरुण कुमार गुप्ता भाजपा जिलाध्यक्ष, सरिता भदौरिया सदर विधायक, प्रेमदास कठेरिया पूर्व सांसद, गणेश राजपूत ब्लॉक प्रमुख, देवप्रताप भदौरिया, शिवाकांत चैधरी महामंत्री, संजीव भदौरिया, रजत चौधरी, अंशुल दुबे, विरला शाक्य, सचिन यादव, संजू, सीपू चैधरी, कृपानारायन तिवारी, अशोक चौबे, आयुषराज, अशोक चौहान, नीतू मिश्रा, राधा शाक्य, विमलेश शाक्य व रामनाथ यादव को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। गुरूद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार तरनपाल सिंह कालरा ने साहिबे कमाल गुरू गोविन्द सिंह के प्रकाशोत्सव पर सभी को बधाई देते हुये कहा कि गुरू साहिब समाज सुधारक व सूरवीर योद्धा ही नहीं बल्कि उच्च कोटि के कवि भी थे, आपकी काव्यक अनुभूति दैवीय थी, आपके अन्दर दार्शनिक, काल्पनिक, अध्यात्मिक आदि सभी गुण मौजूद थे,गुरू महाराज के ह्रदय के अन्दर दबे, कुचले लोगों को ऊपर उठाने का महान जज्बा था। गुरु गोविंद सिंह में भक्ति, शक्ति, ज्ञान, वैराग्य, समाज का उत्थान और धर्म और राष्ट्र के नैतिक मूल्यों की रक्षा हेतु त्याग एवं बलिदान की मानसिकता से ओत-प्रोत अटूट निष्ठा तथा द्दढ़ संकल्प की अद्भुत प्रधानता थी।

## स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

**इटावा।** इटावा महोत्सव एवं प्रर्दशनी के तत्वावधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम इटावा में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि तहसीलदार सदर राज कुमार ने किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतर्गत जूनियर बालक वर्ग में अंश पटेल, आर्यन सिंह, प्रांजल, राम आयुष यादव ने सिंगल मैच जीते। बालिका वर्ग में डिलिश, रिया वर्मा, सुनैना, दुर्गा, श्रष्टि ने अपने खिताब जीते। बालक और बालिका के आज 27 दिसम्बर को सेमीफाइनल मुकाबले प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होंगे। जज की भूमिका अनुराग वर्मा, अवधेश कुमार ने निभाई। कार्यक्रम के संयोजक संजय कुमार शर्मा प्रधानाचार्य एस डी इण्टर कॉलेज, सह संयोजक गुफरान अहमद प्रधानाचार्य इस्लामियां इण्टर कॉलेज ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर, प्रतीक चिन्ह भेंट कर व शाल उढ़ाकर सम्मान किया। विशिष्ट अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक मुकेश यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी सर्वेंद्र सिंह चैहान, प्रधानाचार्य चित्रगुप्त इंटर कालेज उमेश यादव, चेयरमैन पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल कैलाश यादव, पवन यादव, उपस्थित रहे। उक्त प्रतियोगिता को सफल बनाने में नाजिश इकबाल, शाहिद अख्तर, आलोक विधौलिया, अभिषेक दुबे, प्रियांक मिश्र, अखिलेश, दीपक, मनोज आदि की सराहनीय योगदान रहा।

# पीड़िता ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर लगायी गुहार



**इटावा।** चौबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव मूंज निवासिनी बिनीता देवी पत्नी महेश चंद्र ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 24 दिसंबर को मेरा पुत्र अर्जेस कुमार अपनी फसल को गायों से बचाने के लिए खेतों पर गया हुआ था तभी खेत पर गुलशन, गौरव पुत्र राजेश कुमार, राजेश पुत्र दयाराम अपनी मरी हुई बकरी मेरे खेत में लगा रहे थे तो मेरे बेटे अर्जेस ने उन्हें रोका तो तीनों मिलकर मेरे बेटे अर्जेस को मारने लगे जिससे उसके सिर एवं अन्य हिस्सों में गंभीर चोटे आई जैसे ही मुझे जानकारी हुई मैं भी घटनास्थल पर पहुंची तो राजेश और उसके दोनों लड़के मुझे भद्दी भद्दी गालियां देते हुए राजेश ने तो मुझे गाली देते हुए जमीन पर गिरा दिया और दोनों लड़के मुझे मरने लगे जिससे मेरे कपड़े तीतर-वितर हो गए और मेरी लज्जा भंग हो गई और जब वो अपनी मरी हुई बकरी को लगाने आए थे तब साथ में फावड़ा तथा कुल्हाड़ी तथा अन्य धारदार हथियार लेकर आए थे जिससे राजेश तथा दोनों लड़कों ने दो बार हथियारों से मुझ पर वार किया तो मेरे इधर-उधर हो जाने से और मेरे बेटे का बचाव किया। तब तक गांव के कुछ पड़ोसी लोग आ गए इसलिए मैं बच गई नहीं तो मेरे बेटे की वो दोनों लड़के तथा राजेश हत्या करना चाहते हैं। हमने पूर्व में भी इनके खिलाफ शिकायत की थी जिसे दरोगा पीर मोहम्मद ने समझौता करवा दिया था मेरे पति घर पर नहीं थे घटना की पूर्ण जानकारी 112 नंबर पर डायल कर बताई गई थी राजेश के परिवार वाले मुझे थाने में नहीं आने दे रहे थानाध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह तथा हलका इंचार्ज पीर मोहम्मद थाना चैबिया तथा प्रदीप यादव पीके निवासी ग्राम छतरपुर ये तीनों लोग मिलकर पूर्व थानाध्यक्ष मंसूर अहमद पर बलवीर सिंह जाटव द्वारा केस दर्ज किया गया था उसी केस में राजीनामा करने के लिए और गवाहों को दबाव में लेने के लिए थानाध्यक्ष महेंद्र पाल ने पीड़िता का मुकदमा दर्ज न करके उल्टा उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर दिया जबकि वो लोग घटनास्थल पर भी नहीं थे।

## जरूरतमंदों का सहयोग ही जीवन की सार्थकता

गोला, गोरखपुर। मनुष्य के जीवन की सार्थकता गरीब और असहाय लोगों की सेवा में है। हाथ की शोभा दान देने में तथा कंठ की शोभा सत्य वचन में होती है। आयोजक परिवार इस कसौटी पर शत प्रतिशत खरा उतरता है।

उक्त बातें चिल्लूपार विधानसभा के विधायक राजेश त्रिपाठी ने शनिवार को गोला ब्लाक के पांडेयपुर गांव में स्थित स्व विश्वनाथ पांडेय के स्मृति में आयोजित कंबल वितरण समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर इंजीनियर प्रदीप कुमार पांडेय, रतनप्रकाश दुबे, साहिल विक्रम तिवारी, आलोक तिवारी, डॉ शिवकुमार पांडेय, गौरव पांडेय आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर 501 जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया गया।

इसके अलावा विधायक राजेश त्रिपाठी ने गोला तहसील परिसर में तहसील प्रशासन द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया।

## मीडिया इन्फ्लुएंसर सम्मानित होंगे



**भरथना, इटावा।** ब्रज क्षेत्र का सबसे बड़ा क्रिएटर अवार्ड शो भरथना में आयोजित किया जायेगा। जिसमें 200 से अधिक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सम्मानित होगें। कार्यक्रम के आयोजक निक्की यादव, कन्हैया यादव, विष्णु राठौर, कन्हैया कुमार आदि ने बताया कि इस अवार्ड शो का उद्देश्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रचनात्मक प्रतिभाओं को पहचान देना और उन्हें सम्मानित करना है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन ब्रज क्षेत्र के क्रिएटर्स के लिए एक ऐतिहासिक अवसर साबित होगा। 28 दिसम्बर दिन रविवार को कस्बा के ऊसराहार रोड स्थित शिवा गेस्ट हाउस में ब्रज क्षेत्र के सोशल मीडिया क्रिएटर्स और डिजिटल कलाकारों के लिए एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। आर चन्द्रा अवाड्र्स 2025 के तहत कार्यक्रम में ब्रज क्षेत्र सहित विभिन्न जिलों के करीब 200 से अधिक सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, कंटेंट क्रिएटर और कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि चिकित्सक डॉ. जितेंद्र यादव के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया जाएगा। अवार्ड शो के दौरान आर चन्द्रा म्यूजिक के दो नए प्रोजेक्ट पायल बजने लगी और कन्नौज इत्र सॉन्ग भी लॉन्च किया जाएगा। इस मौके पर ब्रज सिनेमा और म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े कई चर्चित चेहरों के अलावा अभिनेता कृष्णलाल यादव, रवि परिहार, धर्म यादव, म्यूजिक डायरेक्टर हिमांशु राजपूत और गायक गौरव कुमार की उपस्थिति रहेगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सोनौरा, वि.ख.- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-27.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- सोनौरा विकासखंड, कूरेभार जनपद- सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक दिनांक- 28.12.2025 से दिनांक- 01.01.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत सोनौरा पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 01.01.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्की सड़क से लेकर अतुल के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 9.78 लाख। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होगी।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0- सोनौरा, वि0ख0- कूरेभार
जनपद-सुलतानपुर।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मीरामानिकपुर, वि.ख.- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-27.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- मीरामानिकपुर, विकासखंड, कूरेभार जनपद- सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक दिनांक- 28.12.2025 से दिनांक- 01.01.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत मीरामानिकपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 01.01.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | न्यू जिंगल बेल से मासूर के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 6.86 लाख रुपए। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | माइनर से शोभनाथ तिवारी के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 7.54 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होगी।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0- मीरामानिकपुर, वि0ख0- कूरेभार
जनपद-सुलतानपुर।

**कार्यालय-ग्राम पंचायत चहलवा विकास खंड हरिहरपुररानी जनपद-श्रावस्ती**

**पत्रांक-मेमो /राज वित्त आयोग/ केंद्रीय वित्त आयोग/15वॉ वित्त/ स्वच्छ भारत मिशन मनरेगा/सामग्री आपूर्ति/ ग्रा.पं. निविदा**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा / केंद्रीय वित्त आयोग /15वॉ वित्त/ राज्य वित्त आयोग/ स्वच्छ भारत मिशन के अंतगर्त वर्ष 2025-26 में स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्य हेतु आवश्यकतानुसार निर्माण कार्य मे लगने वाली सामग्री इंटरलॉकिंग ईट, टाईल्स, प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खंजड ईट , सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, ईट गिट्टी पत्थर गिट्टी, सरिया, कूड़ा गाड़ी पेन्ट, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, शौचालय सीट साइफन, टीन शेड, हुक, एंगल पाइप, पाइप, लोहे का गेट, प्लाई दरवाजा एवं लोहे की खिड़की, पेंट, पुट्टी एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है, जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 29.12.2025 से 30.12.2025 तक सामग्री हेतु आ. निविदा फार्म रुपया सौ तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में दिनांक 13.01.2026 को 12:00 बजे तक संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में डाला जायेगा तथा निविदा उसी दिन 3:00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

**नियम व शर्ते-**

1. अधिकृत डीलर का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।
2. जो दर प्रस्तुत किया जाए वे जी०एस०टी० तथा कार्टेज चार्ज जोड़ कर किया जाए।
3. आपूर्तिकर्ता को 2.26% आय टी.डी.एस. देना होगा।
4. प्रस्तुत दरे पी.डब्लू. डी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
5. धरोहर की धनराशि 100 रू० है।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव के आदेश देने पर होगी।
7. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियंता / तकनीकी सहायक के मापन के बाद होगा।
8. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में पंचायत सचिव से प्राप्त किया जा सकता है।
9. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
10. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त प्रधान/ सचिव ग्राम पंचायत के द्वारा आदेश देने के उपरांत ही सामग्री की आपूर्ति की जायेगी।

**प्रधान** — ग्राम पंचायत- चहलवा, वि.ख.- हरिहरपुररानी जनपद-श्रावस्ती
**सचिव** — ग्राम पंचायत- चहलवा, वि.ख.- हरिहरपुररानी जनपद-श्रावस्ती

**कार्यालय-ग्राम पंचायत चहलवा विकास खंड हरिहरपुररानी जनपद-श्रावस्ती**

**पत्रांक-मेमो /राज वित्त आयोग/ केंद्रीय वित्त आयोग/15वॉ वित्त/ स्वच्छ भारत मिशन मनरेगा/सामग्री आपूर्ति/ ग्रा.पं. निविदा**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा / केंद्रीय वित्त आयोग /15वॉ वित्त/ राज्य वित्त आयोग/ स्वच्छ भारत मिशन के अंतगर्त वर्ष 2025-26 में स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्य हेतु आवश्यकतानुसार निर्माण कार्य मे लगने वाली सामग्री इंटरलॉकिंग ईट, टाईल्स, प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खंजड ईट , सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, ईट गिट्टी पत्थर गिट्टी, सरिया, कूड़ा गाड़ी पेन्ट, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, शौचालय सीट साइफन, टीन शेड, हुक, एंगल पाइप, पाइप, लोहे का गेट, प्लाई दरवाजा एवं लोहे की खिड़की, पेंट, पुट्टी एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है, जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 29.12.2025 से 30.12.2025 तक सामग्री हेतु आ. निविदा फार्म रुपया सौ तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में दिनांक 13.01.2026 को 12:00 बजे तक संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में डाला जायेगा तथा निविदा उसी दिन 3:00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

**नियम व शर्ते-**

1. अधिकृत डीलर का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।
2. जो दर प्रस्तुत किया जाए वे जी०एस०टी० तथा कार्टेज चार्ज जोड़ कर किया जाए।
3. आपूर्तिकर्ता को 2.26% आय टी.डी.एस. देना होगा।
4. प्रस्तुत दरे पी.डब्लू. डी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
5. धरोहर की धनराशि 100 रू० है।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव के आदेश देने पर होगी।
7. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियंता / तकनीकी सहायक के मापन के बाद होगा।
8. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में पंचायत सचिव से प्राप्त किया जा सकता है।
9. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
10. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त प्रधान/ सचिव ग्राम पंचायत के द्वारा आदेश देने के उपरांत ही सामग्री की आपूर्ति की जायेगी।

**प्रधान** — ग्राम पंचायत- चहलवा, वि.ख.- हरिहरपुररानी जनपद-श्रावस्ती
**सचिव** — ग्राम पंचायत- चहलवा, वि.ख.- हरिहरपुररानी जनपद-श्रावस्ती

# हिंदू सम्मेलन में एकजुटता की हुई तैयारी बैठक

- आज होगा भूमि पूजन, निकलेगी बाइक रैली

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य व बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओं के ऊपर जुल्म ज्यादती के विरोध में सोमवार को सरदारनगर के मजीठिया ग्राउंड में आयोजित हिन्दू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं की टीम ने तैयारी बैठक किया।

शनिवार को तैयारी को लेकर कार्यकताओं की बैठक एलपीके इंटर कॉलेज में आयोजन समिति के अध्यक्ष रंगनारायण पांडेय व संरक्षक डॉ० दिनेश मणि त्रिपाठी की उपस्थिति में हुई। बैठक में बताया गया कि कार्यकर्ताओ की टीम क्षेत्र के गांव गांव में सम्पर्क कर रही है। हिन्दू सम्मेलन ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए सभी लोग पूरी ताकत से लगे है। हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में लोगो की उपस्थिति रहेगी। सम्मेलन के प्रति लोगों की जागरूकता के लिए प्रमुख चौराहों पर होर्डिंग्स बैनर आदि लगाए जा रहे हैं। पम्पलेट के माध्यम से कस्बों गांव उपनगरों में इस सम्मेलन के बारे में जागरूकता पैदा की जा रही है' सम्मेलन को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक रमेश मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे। जबकि अध्यक्षता हिन्दू संस्कृति की रक्षा करने वाले सिख समाज के प्रतिनिधि के रूप में प्रबंधक सरदार सुखदेव सिंह मजीठिया करेंगे।कार्यक्रम के अध्यक्ष रंग नारायण पाण्डेय ने बताया कि मजीठिया ग्राउंड स्थल पर हिन्दू सम्मेलन के लिए रविवार की सुबह 10 बजे भूमि पूजन किया जायेगा। इसके बाद सम्मेलन की सफलता के लिए बाइक रैली निकाली जाएगी।

## महिला व्यापारियों ने ली सदस्यता

**इटावा।** उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला कार्यालय पर महिला व्यापारीयों ने उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष और जनपद प्रभारी सर्वेश सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, जिलाकोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी के सम्मुख महिला व्यापार मंडल की जिलाउपाध्यक्ष शकीला बेगम के नेतृत्व में संगठन की सदस्यता ग्रहण की जिसमें प्रीति, सुमन यादव, मैहरूनिशा और प्रेमलता हैं, विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों में कार्यरत महिला व्यापारीयों को संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सदस्यता दिलाकर उनका स्वागत किया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई—निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई—निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यॉंत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:— **निविदा सं. एवं कार्य का विवरण:— EL-MWS-GKP-2025-26-17** पी०ओ०एच०/रिपेयरिंग ऑफ रोटेटिंग एंड कण्ट्रोल सिस्टम ऑफ डी०ई०टी०सी० 8—व्हीलर अंडर स्लंग (ट्वीन इंजन टाइप एन०टी०ए० 855 आर) टावर वैगन इन मैकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर।, **अनुमानित लागत:— Rs. 3,89,01,373.02/—, बयाने की राशि:— Rs. 3,44,500/—, निविदा प्रपत्र का मूल्य:— 0.00, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से—12 महीना।** • आन लाइन ई—निविदा जमा करने की तिथि 19.01.2026 समय 11:00 बजे तक, • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे।, • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार.)/ गोरखपुर**
**मुजाधि/विद्युत—230**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

संक्षेप

## मोटरसाइकिल की टक्कर से महिला की मौत

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के ढखेरवा मार्ग पर एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान सायरा पत्नी जहीर ( 50 वर्ष), निवासी मोहल्ला पठान वार्ड के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सायरा अपनी बेटी के घर फतेपुर जा रही थीं। जैसे ही वह ढखेरवा की ओर जाने वाले मार्ग पर पहुंचीं, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात युवकों ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सायरा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मोटरसाइकिल सवार की पहचान इलियास पुत्र फारूक ग्राम लहबडी के रूप में हुई है। हादसे के बाद मोटरसाइकिल चालक इलियास गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया लेकिन डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे तुरंत जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

## साइबर ठगी करने वाले गिरोह के आठ सदस्य गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने शेयर मार्केट/आईपीओ में निवेश के नाम पर व्हाट्सएप ग्रुप एवं फर्जी ट्रेडिंग एप के जरिये साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए आठ युवा साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने शनिवार को बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने बीती देर रात रेल बाजार क्षेत्र में कानपुर सेंट्रल स्टेशन रोड पर एसयूवी पर सवार सलमान, अश्वीन, शिवकुमार ,निखिल, अभय मिश्रा,योगेन्द्र सिंह, आलोक कुमार और शिवम पटेल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण समेत अन्य दस्तावेज बरामद किए। उन्होंने बताया कि गत दिवस शेयर मार्केट एवं आईपीओ में अधिक लाभ दिलाने का झांसा देकर साइबर अपराधियों द्वारा ठगी किए जाने का गंभीर मामला सामने आया था जिसमें पीड़ित को लांच क्लब एच49 नामक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जिसमें कथित तौर पर शेयर ट्रेडिंग से जुड़े टिप्स और एनालिसिस साझा किए जाते थे। ग्रुप में शामिल लोग स्वयं को सेबी रजिस्टर्ड कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए निवेश के लिए प्रेरित करते थे।

## चाय की दुकान में सिलेंडर फटा, लाखों का नुकसान

सुलतानपुर। कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत दरियापुर इलाके में शनिवार अज्ञात कारणों से एक चाय और पान की दुकान में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखा गैस सिलेंडर जोरदार धमाके के साथ फट गया, जिससे दुकान की छत उड़ गई और आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई।पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना में धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान संचालक शिव प्रसाद वर्मा ने बताया कि इस हादसे में दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। उन्हें करीब एक लाख रुपये का भारी नुकसान हुआ है।

# इलाज के नाम पर डॉक्टर ने मांगे 15 हजार



लखीमपुर खीरी। जिला अस्पताल में भर्ती मरीज से इलाज के नाम पर 15 हजार रूपए मांगने का मामला संज्ञान में आया है। मोतीपुर जिला अस्पताल में इलाज के नाम पर डॉक्टरों द्वारा मरीज के इलाज के नाम पर अवैध वसूली रुकने का नाम नहीं ले रही है। कोतवाली सदर क्षेत्र की उदयपुर महेवा निवासी शोम्या शर्मा ने बताया भाई की हड्डी के ऑपरेशन के लिए भाई को लेकर आई थी, जिला अस्पताल में अवैध धन की मांग की गई। आरोप है कि पैसा न दिए जाने पर भाई को अस्पताल से डॉक्टर जबरदस्ती डिस्चार्ज करने का दबाव बना रहे थे। आहत होकर भाई का इलाज न मिलने पर शोम्या ने शैम्पू पीकर आत्म हत्या

- आहत होकर बहन ने किया आत्महत्या का प्रयास

का प्रयास का वीडियो शोसल मीडिया पर वायरल कर दिया।

वीडियो में शोम्या ने आरोप लगाते हुए बताया कि जिला अस्पताल में तैनात डाक्टर शरद वर्मा ने साढ़े 12 हजार पहले ऑपरेशन के लिए लेकिन ऑपरेशन सही नही हुआ। अब फिर से 15 हजार मांग रहे है। ओटी में बुलाकर सीएमएस के सामने गलियां दी। माँ बाप यहां नहीं है हम 15 हजार कहां से दें। आहत हो कर सौम्या शर्मा ने शैम्पू पी कर आत्महत्या की कोशिश की। मामला सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया। शैंपू पीने से हालत खराब होने पर सौम्या वर्मा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर सीएमएस जिला अस्पताल बेहतर इलाज का दवा कर रहे हैं। इससे पहले भी डॉ0 शरद वर्मा विवाद में रहे अस्पताल से अनुपस्थित रहने के मामले में स्वास्थ्य मंत्री प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नोटिस जारी की थी।

## झोलाछाप अस्पताल में प्रसूता की मौत पर हंगामा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर के एक झोलाछाप अस्पताल में एक और प्रसूता की मौत हो जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरी रात समझौता वार्ता का सिलसिला चलता रहा। मौके पर पहुंचे सीएचसी अधीक्षक ने दावा किया कि उन्हें इस मामले में अब तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम नौगवां निवासी 23 वर्षीय रिंकी देवी पत्नी शिवम को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर गोला सीएचसी लाया गया था। आरोप है कि वहां से सक्रिय आशा कार्यकर्ताओं द्वारा उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर के निजी और झोलाछाप अस्पतालों में यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई प्रसूताओं की मौत हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद सीएचसी गेट के आसपास निजी अस्पतालों की एंबुलेंस और कथित दलालों की गतिविधियां रोजाना देखी जा रही हैं। आरोप है कि बार-बार सूचना देने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अंबर सिंह ने बताया कि पूरी रात चली वार्ता के बाद सुबह मृतका का पति कोतवाली पहुंचा और सुलहनामा प्रस्तुत किया। घटना ने एक बार फिर निजी और झोलाछाप अस्पतालों की कार्यप्रणाली, सीएचसी से होने वाले संदिग्ध रेफरल और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### आशा-दलाल गठजोड़ पर उठ रहे सवाल

सीएचसी से निजी व झोलाछाप अस्पतालों तक मरीज पहुंचाने में आशा बहुओं और कथित दलालों की मिलीभगत के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। आरोप है कि मोटी रकम के लालच में गर्भवती महिलाओं को सीधे अवैध या मानकविहीन अस्पतालों में भेजा जा रहा है। इसी सिस्टम के चलते अब तक अनगिनत प्रसूताओं की जान जा चुकी है, लेकिन स्वास्थ्य महकमा न तो रेफरल प्रक्रिया पर नियंत्रण कर पा रहा है और न ही जिम्मेदारों पर कार्रवाई कर रहा है।

## विधायक खेल स्पर्धा बनी युवाओं की प्रतिभा का मंच



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। राजेंद्र गिरि स्टेडियम में विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ, जहां उद्घाटन समारोह में धर्मेंद्र गिरि मोंटी ने फीता काटकर प्रतियोगिता का आगाज किया और क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उद्घाटन अवसर पर 100 मीटर दौड़ ( जूनियर बालक वर्ग ) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ जूनियर बालक में अयान वेग प्रथम, रोमिल द्वितीय व दीपक तृतीय रहे, जबकि जूनियर बालिका वर्ग में सृष्टि वर्मा प्रथम, साहिबा बानो द्वितीय और संध्या तृतीय रहीं। बैडमिंटन एकल जूनियर बालक में आदित्य राज विजेता व अथर्व सिंह उपविजेता रहे तथा युगल में अंश रावत व शशांक सिंह विजेता बने। लंबी कूद बालिका में शीतल प्रथम रही। कबड्डी में सब-जूनियर बालिका वर्ग में मैलानी विजेता व देवकली उपविजेता रही, वहीं जूनियर बालक कबड्डी में मैलानी ने बाजी मारी। वॉलीबॉल में संसारपुर और फुटबॉल में घोषियाना विजेता रहे। समापन समारोह में विधायक अमन गिरि ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए कहा कि खेलों से युवाओं में अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ता है तथा विधायक खेल स्पर्धा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच दे रही है। प्रतियोगिताओं में शचीन्द्र नारायण दीक्षित, मोहित गुप्ता, अभिषेक वर्मा, राजदीप शुक्ला, कुलदीप वर्मा व प्रमोद गुप्ता ने निर्णायक की भूमिका निभाई, जबकि आयोजन में राघवेंद्र सिंह, मुनीश शुक्ला, आयुष शुक्ला, राजन साहनी, विशाल गिरि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जनार्दन अध्यक्ष, राजेंद्र बने मंत्री



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कुशवाहा, मौर्य, शाक्य, सैनी मानव कल्याण संस्थान की नई कार्यकारिणी का गठन आम सहमति से कर दिया गया। नगर के मुन्नूगंज मोहल्ले में आयोजित बैठक में संगठन को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से चुनाव की बजाय सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के मनोनयन का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि चुनाव प्रक्रिया से संगठन में मतभेद और विभाजन की स्थिति उत्पन्न होती है, इसलिए आपसी सहमति के आधार पर कार्यकारिणी गठित करना अधिक उचित रहेगा। इस प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। सर्वसम्मति से जनार्दन मौर्य को संस्थान का अध्यक्ष और राजेंद्र सिंह कुशवाहा को महामंत्री मनोनीत किया गया। इसके अलावा रामकुमार मौर्य, रमेश कुमार मौर्य और जगवीर सिंह कुशवाहा को संरक्षक बनाया गया। सुनील कुमार मौर्य और राजाराम मौर्य को उपाध्यक्ष, शिवप्रसाद मौर्य को वरिष्ठ मंत्री, नरेंद्र सिंह कुशवाहा और अनुज कुमार मौर्य को मंत्री, अनुराग कुशवाहा और राजेश कुमार मौर्य को उप मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। जीत नारायण मौर्य और सत्यपाल कुशवाहा को संगठन मंत्री, सुखपाल सिंह कुशवाहा को प्रचार मंत्री, शिव सागर कुशवाहा को ऑडिटर, आदर्श कुमार मौर्य को विधि सलाहकार और कामता सिंह कुशवाहा को मीडिया प्रभारी बनाया गया।

## भारत-नेपाल सीमा पर संयुक्त गश्त व समन्वय बैठक

जिला संवाददाता(vol)



पलियाकलां खीरी। भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा एवं आपसी समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 27 दिसंबर 2025 को 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट रवींद्र कुमार राजेश्वरी के निर्देशन में सी समवाय बनकटी एवं एपीएफ नेपाल (इडढ जुगेडा, कैलाली) के साथ संयुक्त गश्त एवं समन्वय बैठक का आयोजन किया गया।

संयुक्त बैठक के दौरान सीमा सुरक्षा व्यवस्था, सीमावर्ती क्षेत्रों में आपसी सहयोग, सूचना आदानझ्रप्रदान, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा सीमा अपराधों की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। दोनों देशों की सीमा सुरक्षा एजेंसियों ने आपसी तालमेल को और अधिक मजबूत करने तथा भविष्य में भी निरंतर समन्वय बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की। इस अवसर पर एपीएफ नेपाल की ओर से इंस्पेक्टर बिशेष सिंह कार्की, हेड कांस्टेबल खुम सुहार, हेड कांस्टेबल रेशिम खत्री, हेड कांस्टेबल शान्ते राम, कांस्टेबल रमेश चौधरी, कांस्टेबल प्रकाश बी.के. एवं कांस्टेबल बुद्धि चौधरी उपस्थित रहे। वहीं सशस्त्र सीमा बल की ओर से इंस्पेक्टर विनोद खोजा, उप निरीक्षक कुलदीप, सहायक उप निरीक्षक प्रेम कुमार एवं आरक्षी शिवा सहित अन्य अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे। संयुक्त कार्यक्रम के अंत में आगामी नववर्ष के अवसर पर एपीएफ नेपाल को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं तथा मिठाई भेंट कर भारतझ्रनेपाल के परंपरागत मैत्रीपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ किया गया।

## वैश्य समाज में अध्यक्ष के चयन को लेकर जनमत अभियान तेज



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर में श्री हरिद्वारी वैश्य समाज के अध्यक्ष चयन को लेकर नई पहल सामने आई है। समाज के युवाओं ने निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की मांग को लेकर घर-घर जाकर जनमत संग्रह अभियान शुरू किया है, जिसे समाज के लोगों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। युवाओं का कहना है कि श्री हरिद्वारी वैश्य समाज के नाम पर संचालित एक संगठन में पदाधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से निर्विरोध चुनाव दिखाकर कई सजातीय बंधुओं को प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया, जिससे समाज में असंतोष फैल गया है। समाज के लोग चाहते हैं कि नगर में निवास करने वाले सभी सजातीय बंधुओं को सदस्य बनाकर निष्पक्ष मतदान के जरिए अध्यक्ष का चयन किया जाए। इसी मांग को लेकर आदित्य गुप्ता और अनूप गुप्ता के नेतृत्व में बीते पांच दिनों से जनमत अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान समाज के लोग हस्ताक्षर कर अपनी सहमति दर्ज करा रहे हैं। युवाओं का दावा है कि यह समाज में पहली बार है जब अध्यक्ष चयन को लेकर इतनी व्यापक भागीदारी देखने को मिल रही है। अब तक लगभग 600 श्री हरिद्वारी वैश्य समाज के लोगों ने जनमत रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के पक्ष में अपनी राय दी है। अभियान में किशन गुप्ता, सुमित गुप्ता, रोहित गुप्ता, लालू गुप्ता, शिवम गुप्ता सहित कई युवाओं का सक्रिय सहयोग रहा। समाज के लोगों का मानना है कि यह पहल न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा देगी, बल्कि समाज को अपना नेतृत्व स्वयं चुनने का अवसर भी प्रदान करेगी।

## मुक्तिधाम मार्ग का डीएम ने निरीक्षण कर एस्टीमेट बनाने के दिए निर्देश



- मुक्तिधाम मार्ग के निर्माण की डीएम ने की पहल, परखी हकीकत

लखीमपुर खीरी। शहरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग जल्द पूरी होती नजर आ रही है। शहर से मुक्तिधाम को जाने वाली जर्जर सड़क के निर्माण की दिशा में प्रशासन ने कदम बढ़ा दिए हैं। शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अफसरों की टीम के साथ स्वयं सड़क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने सड़क की वर्तमान स्थिति, अतिक्रमण और तकनीकी जरूरतों का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण से जुड़ी सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करते हुए एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि यह मार्ग व्यापक जनहित से जुड़ा है, जो महेवागंज-मेलामैदान-इमली चौराहा वाले सड़क मार्ग के भारी ट्रैफिक लोड को कम करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा और इसका निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। डीएम ने एसडीएम सदर के नेतृत्व में संबंधित निर्माण इकाइयों को जर्जर हिस्सों की नाप कराकर शीघ्र एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराकर निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके। उल्लेखनीय है कि यह सड़क निघासन और पलिया मार्ग को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। इसी मार्ग पर मुक्तिधाम स्थित होने के कारण नागरिकों को लंबे समय से आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, ईओ संजय कुमार, पीडब्ल्यूडी, जिला पंचायत के अभियंता व राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### पोल शिफ्टिंग में देरी पर सख्ती, इंटरलॉकिंग समय से कराने के निर्देश

इसके बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मिदनियां तिराहे से एसएसबी के आगे तक निमार्णाधीन सड़क के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर कार्य की प्रगति की समीक्षा की और विद्युत पोल शिफ्टिंग में हो रही धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। डीएम ने अधिशासी अभियंता विद्युत शैलेंद्र कुमार को निर्देश दिए कि वे स्वयं मॉनिटरिंग करते हुए पोल शिफ्टिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं। साथ ही, जिला पंचायत के मौजूद अधिकारियों को इंटरलॉकिंग कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के निर्देश दिए।

## लखनऊ पब्लिक स्कूल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी




लखीमपुर खीरी। लखनऊ पब्लिक स्कूल में आर्ट/क्राफ्ट, विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेले का आयोजन किया गया। विद्यालय के विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों ने रचनात्मकता, नवाचार और वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्नों ने अपनी कोमल कल्पनाओं के माध्यम से बुक रीडिंग का महत्व विषय को प्रस्तुत किया। प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने क्राफ्ट क्रिएशन, ह्यफार्म टू प्लेट, पैरालंपिक्स एवं ऑन द रोड जैसे विषयों पर आकर्षक मॉडल्स तैयार किए। जूनियर वर्ग के बच्चों ने बॉलीवुड रेट्रो, वुडन वंडर तथा ईको स्टिक क्रिएशंस पर आधारित सृजनात्मक प्रस्तुतियों से दर्शकों को प्रभावित किया। इस मोके पर मुख्य अतिथि अमित गुप्ता, सी.एम.एस जिला महिला चिकित्सालय ने विद्यार्थियों की प्रदर्शनी एवं बाल मेले की प्रशंसा की। विद्यालय के जनरल मैनेजर शिखर पाल सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने पाठ्य-सहगामी क्रियाकलापों को विद्यार्थी जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए उन्हें सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने मुख्य अतिथि सहित आदि अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षकझ्रशिक्षिकाओं ने धन्यवाद दिया।

## दो सदस्यीय टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण

सिधौली ( सीतापुर )। प्रदेश सरकार की ओर से भेजी गई दो सदस्यीय टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ) पर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार के निर्देश पर यह टीम जिले की सभी सीएचसी, पीएचसी एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का भ्रमण कर वहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की स्थिति का आकलन करेगी। बरेली से आई टीम में शामिल डॉ. विजय यादव एवं डॉ. शील गौतम ने सीएचसी पहुंचकर लेबर रूम, ओपीडी, आईपीडी, ड्रग स्टोर सहित अन्य विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जांच की गई। टीम ने उपचार के लिए आए मरीजों से सीधे बातचीत कर सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर फीडबैक भी लिया तथा आवश्यक सुधार के निर्देश संबंधित स्टाफ को दिये।

## हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे दिन चार मुकाबले, गोला व गोरखपुर की जीत




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज प्रादेशिक हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे दिन चार मुकाबले खेले गए। कुछ मैचों में एकतरफा दबदबा देखने को मिला, जबकि कुछ मुकाबले अंत तक संघर्षपूर्ण रहे। खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन से दर्शक दीर्घा में उत्साह बना रहा।

पहला मुकाबला बीपीएस हॉकी क्लब गोरखपुर और पंडिला हॉकी एकेडमी प्रयागराज के बीच खेला गया। तीसरे मिनट में आयुष ठाकुर ने पेनाल्टी कॉर्नर से गोल कर गोरखपुर को बढ़त दिलाई। 47वें मिनट में आयुष गरूर ने फील्ड गोल किया। 52वें मिनट में प्रेम सिंह ने पेनाल्टी स्ट्रोक से गोल दागा, जबकि 56वें मिनट में अभिनंदन ने फील्ड गोल कर जीत पक्की की। गोरखपुर की टीम ने मुकाबला 4-0 से अपने नाम किया। अंपायर मुशीर अहमद और शिवशंकर मिश्रा रहे।दूसरा मैच बाबू श्रीचंद्र हॉकी एकेडमी हरदोई और हॉकी मुरादाबाद के बीच खेला गया। 25वें मिनट में सन्नी ने फील्ड गोल कर मुरादाबाद को बढ़त दिलाई। 58वें और 59वें मिनट में दानिश ने पेनाल्टी स्ट्रोक से गोल कर टीम को 2-0 से जीत दिलाई। इस मैच में अंपायर सूर्य प्रताप सिंह और उपेन्द्र कुमार रहे।तीसरे मुकाबले में प्रिंस हॉकी क्लब शाहजहांपुर का सामना महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब बाराबंकी से हुआ। बाराबंकी के मोहम्मद हामिद ने 6वें और 23वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर से गोल किए। 15वें मिनट में आमिर ने फील्ड गोल किया। शाहजहांपुर की ओर से 29वें मिनट में विवेक और 32वें मिनट में राजन ने गोल किए। 53वें मिनट में मोहम्मद हामिद ने फील्ड गोल कर बाराबंकी की 4-2 से जीत सुनिश्चित की। मैच के मुख्य अतिथि डॉ. नितिन सिंह रहे। अंपायर जगवीर और ब्रजेश रहे। चौथा प्रमुख मुकाबला स्थानचंद हॉकी क्लब गोला और नागमणि सिंह हॉकी क्लब लखनऊ के बीच खेला गया। गोला की ओर से प्रह्लाद ने 12वें मिनट में, लवप्रीत ने 20वें और 35वें मिनट में, हरमनदीप सिंह ने 24वें और 53वें मिनट में तथा महफूज अली ने 44वें मिनट में गोल किए। गोला की टीम ने मुकाबला 6-0 से एकतरफा जीत लिया। अंपायर मुगीर अहमद और शिवशंकर मिश्रा रहे। इस मैच के मुख्य अतिथि डॉ. कौशल किशोर वर्मा रहे। मंच पर पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, विनोद कुमार मिश्र, नारायण लाल वर्मा, लखपत राम वर्मा, प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज, संयोजक मंत्री लखपत भारती, सह-संयोजक अशोक कुमार वर्मा, निर्मल सिंह और सुमित नारायण दीक्षित मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष कुमार पाण्डेय और देवेंद्र सिंह ने किया। टेक्निकल टीम में राजर्षि शुक्ला, सरोज कुमार वर्मा, कपिल वर्मा, सुमित यादव, मकसूद अली और मृदेंद्र भारद्वाज शामिल रहे। चिकित्सा व्यवस्था अमित वर्मा और कौशल किशोर वर्मा द्वारा संभाली गई।

## गौ आधारित खेती से बढ़ेगी मिट्टी की उपजाऊ शक्ति

साण्डा ( सीतापुर )। सेकसरिया चीनी मिल बिसवां के सांडा जोन के बेल्हौरा गांव में किसान राजेंद्र वर्मा के गन्ने के खेत में जहां गन्ने के साथ मटर, चना,लहसुन और धनिया की सह फसली खेती की जा रही है। यहां आयोजित किसान गोष्ठी में गन्ने के साथ दलहनी फसलों की सह फसली खेती के लाभ के बारे में चीनी मिल के प्रमुख सलाहकार वैज्ञानिक डॉ राम कुशल सिंह ने किसानों से वार्ता की। डा0 रामकुशल सिंह ने किसानों से कहा कि वह खेती में रासायनिक खादों के उपयोग में कमी करें और उसकी जगह गाय के गोबर और मूत्र से बनी जैविक खाद का अधिकाधिक उपयोग करें। जिससे खेत की मिट्टी स्वस्थ बनी रहेगी और हमें भरपूर उपज के साथ स्वस्थ अनाज मिलेगा। गन्ने के साथ दलहनी फसलें जैसे की मटर, मसूर, उड़द, मूंग, चना आदि की खेती करके आमदनी बढ़ाई जा सकती है। दलहनी फसलें खेत में नत्रजन की मात्रा बढ़ाकर मिट्टी को स्वस्थ बनाए रखने में सहायक बनती हैं। गन्ने की अधिक उपज वाली नवीनतम प्रजाति सीओ 15023 सिंचित क्षेत्र में तथा जलभराव वाले क्षेत्र में सीओएस 13231 प्रजाति के गन्ने की बुवाई 4 फीट की दूरी पर एकल पंक्ति विधि से करें तथा इसके साथ दलहनी फसलों की सह फसली खेती जरूर करें। गौ माता के गोबर और मूत्र से जीवामृत बनाने की विधि किसानों को बताई गई। चीनी मिल के उप प्रबंधक विमल मिश्रा ने कहा कि किसान भाई गन्ने के साथ दलहनी फसलों की खेती करके अधिक आय पा सकते हैं। गौ आधारित खेती को बढ़ावा देकर मिट्टी को स्वस्थ बनाएं। चीनी मिल को साफ-सुथरे ताजे गन्ने की सप्लाई करें।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सीतापुर।**
पताः-तृतीय तल, विकास भवन, सीतापुर।

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

पत्रांक-1370/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/अनु0सहायक/2025-2026, दिनांकः-16-12-2025

महामहिम श्रीराज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड सीतापुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दशार्ये गये कार्य हेतु स्वीकृति में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र. सं. | जनपद का नाम | योजना/कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | बिड सिकुरिटि (इ.एम.डी.) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | विधायक निधि योजना | | | | |
| 1 | सीतापुर | ग्राम सभा गोकुलपुर में सद्दाम के मकान से शंकर जी के मन्दिर की तरफ इण्टरलाकिंग/नाली कार्य, वि.खं. लहरपुर। | 17.90 | 0.36 | 500+300+144= 944.00 | 03 माह |
| 2 | सीतापुर | ग्राम नेवादा में मेन रोड से फकीरे के मकान की तरफ इण्टरलाकिंग/नाली कार्य, वि0खं लहरपुर। | 23.70 | 0.48 | 500+300+144= 944.00 | 03 माह |
| | | शिक्षा विभाग | | | | |
| 3 | सीतापुर | जिला ग्राम्य विकास संस्थान, खैराबाद, सीतापुर के प्रशासनिक भवन का मरम्मत कार्य, वि0खं0 खैराबाद। | 15.97 | 0.32 | 500+300+144= 944.00 | 03 माह |

2. वैबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः-07-01-2026 से 15-01-2026( अपरान्ह 12:00 बजे तक)
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समयः-15-01-2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-16-01-2026 को अपरान्ह 12:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(ज्ञानेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड सीतापुर।
श्रीराज्यपाल, उ.प्र. की ओर से।

UPID-243064 Date: 26.12.25
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## ट्रेन के आगे कूद कर युवक ने दे दी जान

आजमगढ़। सिधारी थाना क्षेत्र के धनकपुर गांव के पास शुक्रवार की रात करीब नौ बजे ट्रेन के आगे कूद कर युवक ने जान दे दी। घटना की सूचना पर पहुंची रेलवे और सिधारी की पुलिस ने जांच की। युवक के पास से मिली डायरी से पहचान हुई। सिधारी थाना क्षेत्र के ग्राम बेलनाडीह निवासी 35 वर्षीय श्रवण सिंह एक ढाबा में काम करता था। वह दो दिन पहले घर आया था। वह पारिवारिक कलह के चलते घर से बिना बताए शुक्रवार की शाम को घरसे निकला था। घनकपुर गांव के पास ट्रेने के समाने कूद गया था। स्थानीय लोगो ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। युवक के पास मिली डायरी में लिखे मोबाइल नंबर पर फोन कर जानकारी जानकारी दी। युवक के बड़े भाई संतोष सिंह मौके पर पहुंचकर पहचान की। श्रवण दो भाई में छोटा घटना के बाद से परिवार के लोग रो रो कर बेहाल हैं।

## मुठभेड़ में गोली लगने से बदमाश घायल

आजमगढ़। निजामाबाद थाना क्षेत्र के बड़ागांव के पास शनिवार की भोर में हुई मुठभेड़ में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। उसके पास से लूट के जेवर, तमंचा, 25 हजार नकदी और बाइक बरामद हुई। 10 दिन पूर्व उसने निजामबाद क्षेत्र में महिला के साथ ठगी की थी। पुलिस उसे तलाश रही थी। निजामाबाद थानाध्यक्ष हीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि बदमाश कृष्ण मुरारी मिश्रा उर्फ पिंटू क्षेत्र के बड़ागांव नहर पुलिया पर ठगी के जेवरात बेचने के लिए किसी व्यक्ति का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने उप निरीक्षक सविन्द्र राय, चित्रांशु मिश्रा, दिलीप आनन्द, सहित अन्य पुलिसकर्मियों के साथ घेराबंदी की। खुद को घिरते देख बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दाएं पैर में गोली लगने से बदशाम कृष्ण मुरारी मिश्रा उर्फ पिन्टू निवासी सोनारी थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। एसपी सिटी मधुवन कुमार सिंह ने बताया कि घायल बदमाश के पास से तमंचा कारतूस, ठगी के सोने चांदी करीब 1.25 लाख रुपये के जेवर, 25 हजार नकदी, मोबाइल और एक बाइक बरामद हुई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस आरोपी तक पहुंची थी।

## 28 को आयेंगे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने बताया कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में रखी अटल स्मृति सम्मेलन मल्हनी विधानसभा में 28 दिसम्बर दिन रविवार समय 04 बजे सनबीम स्कूल कुल्लहनामऊ में होगा। मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व केंद्रीयमंत्री भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश भाजपा चुनाव अधिकारी महेन्द्र नाथ पाण्डेय भाग लेगे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में काशी क्षेत्र के महामंत्री एवं जिला प्रभारी अशोक चौरसिया उपस्थित रहेंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष अजीत प्रजापति करेंगे।

## चाइनीज मांझे से फिर युवक घायल

जौनपुर। चाइनीज मांझे से एक और युवक घायल हो गया। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी यशवंत यादव की गर्दन मांझे से कट गई। यह घटना जिला प्रशासन की चाइनीज मांझे की बिक्री रोकने में विफलता के बीच हुई है। यशवंत यादव ओलंदगंज से काम कर लौट रहे थे, तभी जौनपुर-मिजार्पुर रोड पर स्थित ओवरब्रिज के पास उनकी गर्दन पतंग के मांझे से कट गई। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। समय पर उपचार मिलने से उनकी जान बच गई। कुछ दिन पहले नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के काली कुट्टी मोहल्ले के एक शिक्षक की शास्त्री पुल पर चाइनीज मांझे से मौत हो गई थी। वह अपनी बेटी को स्कूल छोडकर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ था। जिला प्रशासन लगातार चाइनीज मांझे के खिलाफ अभियान चला रहा है। हालांकि, इन अभियानों की प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि पुलिस छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई कर रही है, जबकि बडे विक्रेता खुलेआम मांझे की बिक्री कर रहे हैं।

# श्रीअन्न की ब्रांडिंग से किसानों को मिलेगी अच्छी कीमत

जिला संवाददाता(vol)



आजमगढ़। आजमगढ़ महोत्सव 2025 के अवसर पर मिलेट्स पुनरुद्धार योजना (राज्य सेक्टर) 2025-26 के अंतर्गत मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का डीएम रविन्द्र कुमार द्वारा शुभारंभ किया गया।

जिलाधिकारी ने किसान, उद्यमियों एवं एफपीओ को संबोधित करते हुए कहा कि यहां पर मिलेट्स की खेती होती है, परंतु प्रोसेसिंग यूनिट की कमी है, जिसके कारण किसान भाइयों को अच्छी कीमत नहीं मिल पाती है। उन्होंने कहा कि साधारणतया इसमें सात प्रकार के श्री अन्न होते हैं, उनकी औसत कीमत बाजार में खेत से निकलने के बाद रु 30 प्रति किग्रा तक होती है। उन्होंने कहा कि यदि इस श्री अन्न की प्रोसेसिंग और ब्रांडिंग कर दी जाए तो दिल्ली जैसे बड़े शहरों के बाजार में छोटे-छोटे पैकेट भी रु. 100 पाव से लेकर रु. 200 पाव की कीमत में मिलते हैं। बड़े शहरों के माल में तो कभी एक पाव की कीमत रु. 200 तक भी होती है। इस प्रकार देखा जाए तो कीमतों में बहुत भिन्नता होती है।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के गैप को कम करने के लिए कुछ सलाह, सुझाव और मोटिवेशन का कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब मोटिवेशन होगा, प्रोसेसिंग यूनिट आएगी तो किसानों को अच्छे दाम भी मिलेंगे, जब अच्छे दाम मिलेंगे तो खेती भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि बहुत से धनी लोग हैं, उनके स्वास्थ्य में बहुत सी कमियां है, वह लोग गेहूं, चावल को छोड़कर अब मिलेट्स पर आ गए हैं, वे मिलेट्स की रोटी और चावल खाते हैं। उन्होंने कहा कि जब उत्पादन बढ़ेगा, तो ऐसे लोगों की मांग भी पूरी होगी, उनका स्वास्थ्य अच्छा होगा तथा किसानों को अच्छी कीमत भी मिलेगी।

● प्रोसेसिंग यूनिट लगाने में जिला प्रशासन करेगा मदद: डीएम

जिलाधिकारी ने कहा कि मिलेट्स पुनरुद्धार योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में किसान और एफपीओ जो यहां उपस्थित हैं, उनके माध्यम से इस प्रकार के कार्यक्रम का क्षेत्र में असर होगा और पैदावार बढ़ेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि पैदावार बढ़ने से प्रोसेसिंग यूनिट लगेगी तथा प्रोसेसिंग होकर मिलेट्स जब मार्केट में आएगा तो उसका अच्छा रेट मिलेगा। जिलाधिकारी ने जनपद के किसानों और एफपीओ से अपील किया कि यह जिला कृषि प्रधान है, काफी खेती होती है, जिसमें धान, गेहूं, गन्ना प्रमुख फसल है, लेकिन मिलेट्स के क्षेत्र बढ़ेंगे तो उत्पादकता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि उत्पादकता लगभग बराबर होगी, परंतु श्री अन्न की कीमत अधिक मिलेगी। यदि प्रोसेसिंग करके मार्केट में आते हैं तो बहुत सारे फायदे होंगे। उन्होंने कहा कि बहुत सी तकनीक है जो कृषि महाविद्यालय कोटवा के विशेषज्ञ तथा कृषि विभाग के अधिकारियों ने आप लोगों को बताया होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की यहां जरूरत है, जिसके लिए एफपीओ आगे आए। उन्होंने कहा कि यदि प्रोसेसिंग यूनिट लगाने में लोन की आवश्यकता है तथा लोन लेने में यदि किसी प्रकार की दिक्कत है, तो हमसे सीधे जनता दर्शन में मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभी कुछ दिन पहले 19 दिसंबर को राष्ट्रीय मिलेट्स डे का आयोजन किया गया था, जिसका उद्देश्य था पूरी दुनिया का ध्यान श्री अन्न की तरफ आकर्षित किया जाना। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का असर हो, मिलेट्स की खेती बढे तथा इसकी प्रोसेसिंग यूनिट भी लगे।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर विभिन्न होटल उद्यमियों द्वारा लगाए गए मिलेट्स के उत्पाद की प्रदर्शनी का शुभारंभ तथा अवलोकन भी किया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर मिलेट्स की रेसिपी बनाने वाले होटल दीप कॉन्टिनेंटल के राजेश भूरिया, गोल्डन फॉर्चून के मनोज शर्मा, प्रयाग स्वीट्स के अतुल अग्रवाल, लीला स्वीट्स के अजय जायसवाल, साई होटल के अर्जुन कुमार यादव, रघुकुल ग्राड्स के मनोज आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि आशीष कुमार, सहायक खाद्य सुरक्षा आयुक्त अधिकारी सुशील कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## पंचायत चुनाव में अनंतिम मतदाता सूची में गड़बड़ी

जौनपुर। पंचायत चुनाव के लिए वृहद मतदाता पुनरीक्षण के बाद आई अनंतिम मतदाता सूची में गडबडी सामने आई है, आलम यह है कि पिछली बार मतदान करने वाले लोगों का नाम हटा दिए गए हैं, जबकि मृत लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल किए गए हैं।

आपत्ति जताने के लिए जब स्थानीय लोग बीएलओ से संपर्क कर रहे हैं, तो वह फॉर्म उपलब्ध न होने की बात कहकर वापस भेज दे रहे हैं। अनंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद जिले में 37 लाख 23 हजार 888 मतदाता हैं। इसमें महिला 19 लाख 66 हजार 213 व पुरुष मतदाता 17 लाख 57 हजार 675 हैं। मतदाता पुनरीक्षण में 6 लाख 79 हजार 759 मतदाता बढे हैं तो 5 लाख 75 हजार 889 मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। 2021 में हुई पंचायत चुनाव की तुलना में इस बार एक लाख 3 हजार 870 मतदाताओं के नाम बढ़े हैं। मछलीशहर रू ग्राम पंचायत छाछो की प्रकाशित सूची में दो वर्ष पहले मृत उमाकांत का नाम क्रमांक 221 पर अंकित है। उसे बीएलओ ने हटाया नहीं, जबकि पिछले चुनाव में मतदान करने वाले मकान क्रमांक 170 के चार मतदाताओं अंकित, आशीष, राहुल, संदीप का नाम हटा दिए गए हैं यह मामला तो एक बानगी है। हर ग्राम पंचायत में लोगों ने विसंगति होने की बात कही है। अधिकतर गावों में बृहस्पतिवार को बीएलओ द्वारा आपत्ति के लिए बूथ पर फॉर्म नहीं उपलब्ध होने की बात कही है। महाराजगंज के नाहरपुर में मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। वर्तमान प्रधान नीतू देवी ने एसडीएम योगिता सिंह को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि बीएलओ की ओर से 342 वोटरों के नाम काट दिए गए हैं। बीएलओ की ओर से अधिकतर मतदाताओं का घर जाकर सत्यापन नहीं किया, बल्कि केवल कुछ चुनिंदा लोगों से मिलकर मतदाता सूची में हेरफेर की गई। बीएलओ ग्राम पंचायत नाहरपुर के पडोसी गांव केवटली का निवासी है। इस संबंध में एसडीएम बदलापुर डॉ.योगिता सिंह ने खंड विकास अधिकारी महराजगंज दिनेश कुमार मौर्या व खंड शिक्षा अधिकारी महराजगंज को आवश्यक कार्रवाई का आदेश दिया है। बीडीओ दिनेश कुमार मौर्या ने बताया कि जिनका नाम कटा है वह 30 दिसंबर तक दावा कर सकते हैं, यदि गलत है तो आपत्ति लगा सकते हैं।

## चोरी में चार गिरफ्तार, जनरेटर बरामद

जौनपुर। थाना सरायख्वाजा पुलिस ने चोरी के मुकदमें से संबन्धित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से एक जनरेटर व 4 फरमा तथा 2000 रुपया नगद बरामद किया गया पुलिस के अनुसार थाना सरायख्वाजा पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर धारा-305(ए) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तों क्रान्ति बीर गौतम पुत्र विजय बहादुर गौतम निवासी कुतुपुर थाना सरायख्वाजा, प्रद्युमन कुमार गौतम पुत्र दशरथ गौतम निवासी नेवादा ईश्वरी सिंह थाना सरायख्वाजा,.आर्यन सोनकर पुत्र विनोद सोनकर निवासी खानपुर अकबर थाना सरायख्वाजा तथा आशीष सोनकर पुत्र जगदीश सोनकर निवासी खानपुर अकबर थाना सरायख्वाजा को सैदपुर गडऊर पुलिया के पास से हिरासत पुलिस में लिया गया। उनके कब्जे से जनरेटर व फरमा तथा 2000 रुपया नगद बरामद किया गया।

## संयुक्त मदद से बांटा दिव्यांग बच्चों को गर्म कपड़े



जौनपुर। मेरा गांव मेरी जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत संचालित कार्यक्रम इस सर्दी खुशियां बांटें के तहत शनिवार को एक नेक पहल की गई। इस कडकडाती ठंड को देखते हुए राजेश स्नेह ट्रस्ट ऑफ एजुकेशन के दिव्यांग बच्चों को गर्म इनर और टोपियां वितरित की गईं यह पुनीत कार्य जालना (महाराष्ट्र) की वंदना मिश्रा, मुंबई के देवेन्द्र मिश्रा एवं प्राथमिक विद्यालय ऊचवाँहौज, सिरकोनी की प्रधानाध्यापिका पूनम मिश्रा के सामूहिक आर्थिक और नैतिक सहयोग से हुआ।

प्रदीप मिश्रा प्रणेता, मेरा गांव मेरी जिम्मेदारी ने बताया कि हमारा उद्देश्य समाज के उस अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुँचाना है जिसे इसकी सर्वाधिक आवश्यकता है। डॉ. राजेश कुमार संस्थापक ट्रस्ट ने कहा कि संस्था के बच्चों के प्रति समाज का यह जुड़ाव सराहनीय है। मदद के ये हाथ न केवल बच्चों को ठंड से बचाएंगे, बल्कि उनके भीतर यह विश्वास भी जगाएंगे कि समाज उनके साथ खडा है। पूनम मिश्रा ने बच्चों को कपडे पहनाते हुए कहा, इन बच्चों की मुस्कान ही हमारी असली पूंजी है। शिक्षा के साथ-साथ सेवा भाव का होना भी अनिवार्य है, ताकि हम एक संवेदनशील समाज का निर्माण कर सकें। दिव्यांग बच्चों के माता-पिता के साथ ही अधिवक्ता प्रखर मिश्रा भी उपस्थित रहे। संस्था की अध्यापिका हेमू ने गर्म कपड़े बांटने में सहयोग किया।

## गैलन और ड्रमों में खुलेआम बेच रहे पेट्रोल और डीजल

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव के पेट्रोल पंपों पर खुलेआम गैलन, बोतल और ड्रमों में पेट्रोल व डीजल बेचा जा रहा है। नियमों की अनदेखी कर गैलनों और ड्रमों में बिक्री करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों के विरुद्ध जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्रवाई नही कर रहे हैं। शनिवार को भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव स्थित लक्ष्मी पेट्रोल पंप पर खुलेआम गैलनों में पेट्रोल की बिक्री की जा रही थी। सीमावर्ती राज्य मध्यप्रदेश में पेट्रोल और डीजल की कीमत अधिक होने से लोग भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में मोटरसाइकिल पर गैलन और डिब्बा टांगकर पेट्रोल और डीजल खरीदने के लिए आते हैं। नियम के मुताबिक पेट्रोल और डीजल दोनों गैलनों में भरकर ले जाना अवैध है लेकिन पेट्रोल पंप पर तैनात कर्मचारी नियमों को ताक पर रखकर गैलनों में खुलेआम पेट्रोल बेच रहे हैं जो पूरी तरह से गैर कानूनी है। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी संजय बरनवाल ने बताया कि पेट्रोल पंपों पर गैलनों में पेट्रोल, डीजल की बिक्री करने पर प्रतिबंध है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## एनुअल फंक्शन में पीहू खरे को किया सम्मानित

जौनपुर। माउंट लिट्रा जी स्कूल का एनुअल फंक्शन धूमधाम से रंगारंगा कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि




वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह और यूपी की महिला क्रिकेट की कप्तान सोनाली सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। शुभारंभ के अवसर पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह माउंट लिट्रा जी स्कूल के प्रबंधक अरविंद सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर पीहू खरे को सम्मानित किया। उपस्थित लोगों ने जोरदार तालियों से पीहू खरे का स्वागत किया। समारोह में समाज के सभी वर्गो के लोग, भारी संख्या में अभिभावक, शिक्षक और गण्यमान्य लोग मौजूद रहे।

## सर्दी और गलन से राहत नहीं, पशुओं का दूध घटा



जौनपुर। मछलीशहर तहसील क्षेत्र में शनिवार को सुबह से ही ठंड और गलन का सितम जारी रहा। कोहरे का असर और दिनों की तुलना में कम रहा। दोपहर दो बजे के बाद सूर्यदेव के दर्शन हुए बहुत हल्की धूप खिली लेकिन ठंड और गलन जस की तस रही यह मुंगराबादशाहपुर कस्बे का दृश्य है जहां हल्की धूप होने पर कुत्तों का दर्जनों की संख्या में झुंड गलन से थोडा सा राहत पाने के लिए धूप सेंक रहा है। ठंड और गलन से इंसान जानवर सभी राहत पाने की जुगत में लगे हुए हैं। विकास खंड मछलीशहर के किसान शेर बहादुर सिंह कहते हैं कि पालतू पशुओं को ठंड और गलन से बचाय रखने के लिए वह जूट के बोरे को काट कर सूजे से सिल कर गाय भैंस को ढककर रख रहे हैं। भूसा दाना खिलाकर रात होने से पहले उन्हें गौशाला के अंदर कर दे रहे हैं। ठंड और गलन से दुधारू पशुओं का दूध भी घट गया है।

## ईन्यूमरेशन का कार्य सफलतापूर्वक पूर्णः डीएम

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के साथ मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि ईन्यूमरेशन अवधि 26 दिसंबर तक जनपद के समस्त नौ विधानसभा क्षेत्रों में निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार ईन्यूमरेशन का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है, ईन्यूमरेशन अवधि 26 दिसंबर के समाप्त होने के उपरांत सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ यह बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी राजनैतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति की गई है तथा प्रत्येक बूथ पर बीएलए एवं बीएलओ की संयुक्त बैठकें कराई गई हैं। इसके साथ ही एएसडी की सूची भी निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर उपलब्ध करा दी गई है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। कलेक्टीबल और नॉन कलेक्टीबल गणना प्रपत्र क्रमशः 83.49 प्रतिशत और 16.51 प्रतिशत के डिजिटाइजेशन के साथ जनपद में गणना प्रपत्र के डिजिटाइजेशन का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, कांग्रेस से राकेश सिंह, बीजेपी से केके विश्वकर्मा, यादवेंद्र, बीएसपी से चंद्रेज भारती, अपना दल एस से जय प्रकाश पटेल, डॉ0 मनीष कुमार, सीपीआईएम से के.एस. रघुवंशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह, समस्त ईआरओ आदि उपस्थित रहे।

## हिंदुओं को संगठित करने की जरूरत



जौनपुर। विकास खंड बदलापुर अंतर्गत मंडल तियरा मे सकल हिन्दू समाज के आयोजित सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत कार्यवाह राज बिहारी ने कहा की आज हिन्दुओ को संगठित होने की जरूरत है। अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य राम सागर तिवारी ने किया। ,डॉक्टर मलय, श्रीमती किरन ,संत दयाशंकर दास ,ने भी हिन्दू सम्मेलन में विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर संपर्क प्रमुख सच्चिदा नन्द ,पर्यावरण प्रमुख अरुण ,मंडल कार्यवाह दिव्य प्रकाश ,सह मंडल प्रमुख वेद प्रकाश ,प्रचार प्रमुख मुकेश ,ओम प्रकाश, राजेंद्र मिश्र, सतीश मिश्र, पूर्व प्रधान राजेंद्र ,अच्छे लाल ,विनय ,अखण्ड ,दिवाकर ,सहित मातृशक्ति, हिन्दू समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## आम आदमी पार्टी की कई ने लिया सदस्यता

जौनपुर। आम आदमी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में शाहगंज की समाजसेवी श्वेता सिंह ने उत्साह से आम पार्टी की सदस्यता ली। उनके साथ सुभाष चंद्र गौतम (लखनपुर), विनोद यादव (सलोनी महिमापुर), आरके चैधरी एवं जय सिंह गौतम (शाहगंज) ने भी सदस्यता ग्रहण की। पूर्वांचल प्रांत प्रभारी डॉ. अनुराग मिश्रा ने सदस्यता ग्रहण कराई।




श्वेता सिंह ने कहा, पार्टी की ईमानदार राजनीति व गरीबों के लिए संघर्ष ने मुझे प्रभावित किया, शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर आम आदमी पार्टी का काम सराहनीय है। मैं पूर्वांचल में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पूरी ताकत लगाऊँगी। ह्वजिला अध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा ने कहा, संजय सिंह ने सरयू से संगम तक एवं रुहेलखंड में रामपुर से अमरोहा तक पदयात्राएँ कीं। अब पूर्वांचल में जौनपुर से आजमगढ तक पदयात्रा प्रस्तावित है, तिथियाँ शीघ्र घोषित कार्यकर्ताओं ने संजय सिंह को सर्वश्रेष्ठ सांसद अवार्ड की खुशी में मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। अनीता मिश्रा ,वंदना मिश्रा, विजय सिंह बागी, अतुल तिवारी, विद्याधर मिश्र, सोम कुमार वर्मा, प्रदीप मिश्रा, विनय सिंह, लाले बिन्द, राजकुमार, बृजेश , अतुल तिवारी मौजूद रहे।

## श्रमिकों के अधिकारों के लिए संघर्षरत है माकू यूनियन




मीरजापुर। समाज के नवनिर्माण में मजदूरों की अहम भूमिका होती है जिसको हम कदापि नकार नहीं सकते। ऊंचे आवासीय भवनों से लेकर चमचमाती सड़कों, खदानों, क्रेशर प्लाटों, बुलंद इमारतें, छोटे-बड़े कल कारखानों में इन्हीं मजदूरों के पसीने बहते हैं जिनके बदौलत देश और समाज का चहूंमुखी विकास सुनिश्चित होता है, दिन रात पसीना बहा कर श्रम करने वाला श्रमिक देखा जाए तो आज काफी तादात में उपेक्षित होता आया है हालांकि सरकार ने इनके जनकल्याण के लिए तमाम श्रमिक हितकारी योजनाएं लागू की है, लेकिन देखने में आता है कि कहीं-कहीं यह योजनाएं अपने पथ से भटक कर भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भेंट चढ़ जा रही हैं।

उक्त बातें मिजार्पुर असंगठित कामगार यूनियन के बैनर तले मुहंकुचवा स्थित कान्हा श्याम मैरिज लॉन में आम सभा की आयोजित बैठक में उपस्थित जिले के कोने-कोने से आए श्रमिक बंधुओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने व्यक्त किए। यूनियन के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश दुबे ने कहा श्रमिक हितों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं होगी। मिजार्पुर असंगठित कामगार यूनियन मजदूरों के मुद्दों पर गंभीरता और पूरी मजबूती के साथ लड़ाई लड़ता आया है, आगे भी यह संगठन मजदूरों के हक अधिकारों के लिए संघर्षरत रहेगा। महामंत्री मंगल तिवारी ने जोर देते हुए कहा कि मिजार्पुर असंगठित कामगार यूनियन अपने स्थापना काल से ही मजदूरों के साथ खड़ा होता आया है, कई मामलों में संघठन ने पीड़ित मजदूरों को न्याय और आर्थिक सहायता राशि के साथ उनके खून पसीने की मेहनत राशि भी दिलाने का काम किया है। उपाध्यक्ष विनोद सिंह, संयुक्त मंत्री, देवेंद्र पांडेय, अनिता देवी, राम आसरे बिन्द, वरिष्ठ पत्रकार प्रभात मिश्रा, सुशील कुमार पांडेय, कमलेश चौहान, पूर्व कर्मचारी नेता लल्लू तिवारी इत्यादि ने भी श्रमिक बंधुओं को संबोधित करते हुए मनरेगा, भट्ठा मजदूर, पीतल बर्तन, कालीन, खनन से लेकर अन्न कई मामले एवं श्रमिकहित में संचालित योजनाओं पर चर्चा करते हुए जानकारियां दी गयी। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश कुमार दुबे, महामंत्री मंगल तिवारी,उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, संगठन मंत्री वीरेंद्र कुमार संयुक्त मंत्री सविता सरोज, कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद अनीता देवी, देवेंद्र पांडे मान सिंह यादव, दिलीप गौड़, राघवेन्द्र सिंह,पप्पू कुशवाहा, अभिमन्यु चौहान, गौतम, सत्या आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेन्द्र तिवारी उर्फ लल्लू तिवारी ने मजदूरो की व्यथा पर आधारित अपनी कविता के माध्यम से करते हुए श्रमिक हितो पर प्रकाश डाला। अंत में यूनियन के महामंत्री मंगल तिवारी ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## नये वर्ष पर हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

आजमगढ़। नववर्ष 2026 के स्वागत में उत्साह के बीच शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आजमगढ़ पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। पुलिस ने विशेष दिशा-निर्देश जारी कर स्पष्ट किया है कि न्यू ईयर पार्टियों की अनुमति केवल रात्रि 1 बजे तक ही मान्य होगी। इसके बाद किसी भी प्रकार की पार्टी या आयोजन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले के मॉल, होटल, पब, क्लब, बार और बैंक्वेट हॉल पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों तथा प्रमुख चैराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। यह व्यवस्था 30 दिसंबर से 5 जनवरी तक प्रभावी रहेगी। जश्न की आड़ में हुड़दंग, बाइक स्टंट, तेज रफ्तार या नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई होगी। सार्वजनिक स्थानों पर शराब के नशे में पकड़े जाने या स्टंट करने पर गिरफ्तारी, वाहन जब्ती और जरूरत पड़ने पर जेल भेजा जाएगा। पुलिस ने चेतावनी दी है कि शराब पीकर वाहन चलाना दुर्घटना को आमंत्रण देता है, इसलिए नियम उल्लंघन पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी।

# डीएफओ ने महिलाओं की पिटाई के मामले में की कार्रवाई

मीरजापुर। देर रात पुराने रेंज कार्यालय पर पंहुचे डीएफओ कैमूर वन्यजीव प्रभाग मिजार्पुर तापस मिहिर द्वारा महिलाओं के प्रदर्शन के बाद वन्यजीव रक्षक शिवम सिंह व संदीप कुमार को वन्यजीव प्रतिपालक कार्यालय चुर्क से संबध्द कर दिया।

मौके पर उपस्थित अपना दल विधायक प्रतिनिधि रमाकांत पटेल तथा सपा नेत्री कीर्ति कोल व ग्राम प्रधान शिव बाबू सेठ को कार्रवाई की जानकारी दी। उधर वन विभाग की ओर से हलिया रेंज के अंतर्गत वन्यजीव सेंचुरी क्षेत्र स्थित मगरदा जंगल में वन्यजीवो के प्राकृतिक वास को नष्ट करने व पेड़ कटान करने वाले दो नामजद पुरुष सहित पंद्रह अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध वन रक्षक द्वारा केस दर्ज किया गया है वन रक्षक शिवम सिंह द्वारा दर्ज कराये गए केस में आरोप लगाया है कि गुरूवार को मुखबिर से सूचना मिली कि वन्यजीव अभ्यारण सेंचुरी क्षेत्र के मगरदा जंगल में दो नामजद व बारह पंद्रह अज्ञात महिलाओं द्वारा गिरोह बंद होकर वन्यजीवो के प्राकृतिक वास को नष्ट किया जा रहा है। पेड का अबैध कटान किया जा रहा है वन रक्षक शिवम सिंह सुरक्षा श्रमिक कमला शंकर मौर्या के साथ पंहुचे तो गिरोह बंद महिलाओ द्वारा सुरक्षा श्रमिक कमला शंकर से मारपीट करते हुए सुरक्षा श्रमिक के मोबाइल फोन व मफलर को छोड़ लिया और सुरक्षा श्रमिक को मारपीट कर घायल कर दिया जान से मारने के लिए दौड़ा लिया सुरक्षा श्रमिक द्वारा भागकर अपनी जान को बचाया है। जिस पर वन रेंज कार्यालय में भारतीय वन संरक्षण की धारा 5/26 व 27 व भारतीय वन्यजीव संरक्षण 1972 की धारा 9,27,29 के तहत दो नामजद व पंद्रह अज्ञात गिरोह बंद महिलाओ के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच पडताल करने में जुट गई है। इस संबंध में सेक्सन अधिकारी वन दरोगा सूरज पांडेय ने बताया की सेंचुरी क्षेत्र मगरदा जंगल में वन्यजीवो के प्राकृतिक वास को नष्ट करने व पेड़ कटान कर रहे दो नामजद पुरुष व बारह से पंद्रह अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम व वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धाराओ में वन रक्षक की तरफ से केस दर्ज किया गया है।

## शीतलहर का प्रकोप जारी

जौनपुर। शीतलहर का प्रकोप जारी है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। लगातार गिरते पारे और सर्द हवाओं के कारण गलन बढ गई है। शुक्रवार रात घना कोहरा छाया रहा, हालांकि तेज हवाओं के कारण यह कम हो गया। शनिवार सुबह कोहरा नहीं था, लेकिन आसमान में बादल छाए रहे और गलन इतनी अधिक थी कि लोग घरों में रहने को मजबूर हो गए कडाके की ठंड से बचाव के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया। बाजारों में कारोबार मंदा रहा और सडकों पर सन्नाटा पसरा रहा। कई शनिवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता 82 प्रतिशत दर्ज की गई और हवा 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है।

संक्षेप

## कांग्रेसी पार्टी का स्थापना दिवस आज मनायेंगे

**देवरिया ।** टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस 28 दिसंबर दिन रविवार को कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस के अवसर पर गांवों में महात्मा गांधी की तस्वीरों के साथ कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। वही इस बार पार्टी ने गांवों से लेकर शहरों तक सभी कांग्रेस नेताओं-कार्यकताओं को अपने-अपने गांवों में कांग्रेस के पार्टी के इतिहासों को आम जनमानस तक पहुंचाने का निर्देश दिया है।

जिला कांग्रेस पार्टी के जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि देश की आजादी की लड़ाई और आजादी के बाद देश को सजाने-संवारने में कांग्रेस की भूमिका अहम रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हमारी पार्टी ने पूरे साल संगठन सृजन वर्ष मनाया है। इस वर्ष स्थापना दिवस पर हर कांग्रेसी गांवों में महात्मा गांधी की तस्वीरों के साथ स्थापना दिवस मनाएगी।

# घने कोहरे ने रोकी रफ्तार, ठिठुरन से लोगों की बढ़ीं मुश्किलें

**देवरिया ।** पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण सर्दी और घने कोहरे ने जनजीवन को अस्तव्यस्त कर दिया है। घने कोहरे के कारण जहां रफ्तार पर ब्रेक लगी है वहीं गलन से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है ।पिछले एक सप्ताह से पड़ रही भीषण सर्दी से लोग बेहाल हैं ।इसबीच सर्द पछुआ हवा के चलने से जलन बढ़ती जा रही है ।गरीबों पर ठंड का सबसे अधिक असर पड़ा है । दैनिक मजदूरी ठेला ,खोमचा ,रेहड़ी लगाकर रोजी-रोटी का इंतजाम करने वालों का संकट बढ़ गया है। सुबह से शाम तक घने कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की गति धीमी पड़ गई है। ठण्डी हवाओं शीतलहर ने लोगों को परेशान कर दिया है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक ठंड और कोहरे का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। सर्दी के मौसम में ब्लड प्रेशर के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है ।मेडिकल कॉलेज में ब्रेन स्ट्रोक से होने वाली घटनाओं की संख्या भी बढ़ रही है। यहां ओपीडी और इमरजेंसी में हाई बीपी के रोगी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं ।गंभीर स्थिति में मरीज को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सर्दी का प्रतिकूल असर हृदय और मस्तिष्क पर पढ़ने से हार्ट अटैक ,ब्रेन स्टॉक के मामले बढ़ रहे हैं। बुजुर्गों के लिए यह मौसम जोखिम भरा साबित हो रहा है। धूप न निकलने के कारण पशु पक्षी बेहाल हैं। जगह-जगह लोग प्लास्टिक टायर जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं ।कोर्ट कचहरी और आवश्यक कार्यों के लिए घरों से निकले लोग रेलवे स्टेशनों रास्तों बस स्टेशन पर ठिठुर रहे हैं ।नगरीय क्षेत्र में जहां अलाव की व्यवस्था की गई है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लोग शाम होने के पहले ही घरों में दुबक जा रहे हैं और सूरज निकलने की उम्मीदमे देर तक घरों में कैद होने को बाध्य हो रहे हैं । ठंड ,कोहरे व ठिठुरन के कारण बजारों ,चौराहो , पर दोपहर में कुछ घंटे के लिए भीड़ दिखती है उसके बाद सन्नाटा छह जा रहा है जिससे ठेले ,खोमचे ,सब्जी बेचकर जीविका चलाने वाले के समक्ष संकट पैदा हो गया है। इसी बीच चल रही विश्वविद्यालयीय परीक्षा के परीक्षार्थी भीषण सर्दी ,गलन कोहरे में किसी तरह परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर परीक्षा दे रहे हैं। खेती किसानी में लगे किसान ठंड में भी खेतों की सिंचाई करने में जुटे हैं। लगातार बढ़ रही ठंड,दिनभर घने कोहरे और शीतलहर के चलते लोंगों की ।मुश्किल बढ़ती जा रही है ।लोग बाग किसी तरह समय काट रहे हैं ठंड के चलते कार्यालयो, संस्थाओं में भी भीड़ भार कम देखने को मिल रही है।

● सर्दी से ब्लड प्रेशर,ब्रेन स्टोक के बढ़े मरीज

## धर्म की रक्षा के लिए साहिबजादों ने दिया अपने जीवन का बलिदानः शकुंतला चौहान



**कुशीनगर।** गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने मुगलों के सामने झुकने से इनकार कर दिया और धर्म की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। दोनों साहिबजादों को सरहिंद के नवाब द्वारा जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया, लेकिन उन्होंने धर्म और देश पर अपने अडिग विश्वास से कोई समझौता नहीं किया। यह बातें भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री व कुशीनगर की जिला प्रभारी शकुंतला चौहान ने कहा ।वह शनिवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय वीर बाल दिवस पर आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य वक्ता सम्बोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 26 दिसम्बर को ₹वीर बाल दिवस₹ को राष्ट्रीय दिवस घोषित किया था। 9 जनवरी, 2022 को गुरु गोविन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री जी ने घोषणा की थी कि 26 दिसम्बर को दसवें सिख गुरु गोविन्द सिंह जी के पुत्रों, साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में ₹वीर बाल दिवस₹ के रूप में मनाया जाएगा और गुरु गोविंद सिंह व उनके परिवार के वीरगाथाएं देश के हर कोने में पहुंचाया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष जगदम्बा सिंह ने कहा कि भारत की सनातन परंपरा में सिख गुरुओं का योगदान अविस्मरणीय है। गुरु परंपरा ने देश को आस्था, राष्ट्रभक्ति और बलिदान का अद्वितीय संदेश दिया है ।उन्होंने कहा कि गुरु परंपरा ने भारत को केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा, सेवा और बलिदान का आदर्श भी प्रदान किया है। रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड ने कहा कि सिख समाज ने सदैव राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई है। पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि गुरुओं की परंपरा ने भारत को आध्यात्मिक शक्ति, देशभक्ति और मानवता का पाठ पढ़ाया है। उन्होंने कहा की गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोविंद सिंह जी तक, प्रत्येक गुरु ने समाज को नई दिशा दी। सिख परंपरा ने ह्यसेवाह्न और ह्यबलिदानह्न का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जो सदियों तक प्रेरणा देता रहेगा। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि आज देश का नेतृत्व ऐसी सरकार के हाथों में है, जो देश के इतिहास और सिख समुदाय की भावनाओं को गहराई से समझती है ।प्रधानमंत्री ने सिख गुरुओं की महान कुर्बानियों को राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह सम्मान दिलाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुरु तेग बहादुर जी, गुरु गोविंद सिंह जी और साहबजादों के बलिदान को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का अभूतपूर्व प्रयास किया है। संचालन जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक विजय कुमार शुक्ल ने किया ।इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डॉ बच्चा पाण्डेय नवीन, हाटा विधायक मोहन वर्मा, जय प्रकाश शाही, राधेश्याम गोंड, राणा प्रताप राव, सुदर्शन पाल, सन्तोष दत्त राय, जिला उपाध्यक्ष रमेश सिंह, डॉ विनोद भारती, विवेकानंद शुक्ल, अतुल श्रीवास्तव, बाबू नन्दन सिंह, रामसागर कुशवाहा, सुरेंद्र सिंह, विश्वरंजन कुमार आनन्द, जितेन्द्र सिंह,बंका सिंह, मनोज सिंह, रुपम सिंह, मीनू जिंदल, शैलेन्द्र सिंह, अनूप श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## वीर बाल दिवस आयोजित



**देवरिया ।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) ने सरस्वती विद्या मंदिर, देवरिया खास में वीर बाल दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कामेश्वर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा, विशिष्ट अतिथियों में सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी और जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में कामेश्वर सिंह ने गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों, जोरावर सिंह और फतेह सिंह के अदम्य बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा, वीर बाल दिवस हमें सिखाता है कि धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए छोटी उम्र में भी बड़े साहस का परिचय दिया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिवस को मनाने की पहल की, जो साहिबजादों के बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण प्रयास है ।सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा, गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों ने विदेशी आक्रांताओं के सामने कभी हार नहीं मानी और अपने प्राणों का बलिदान देकर सनातन धर्म की रक्षा की। यह दिवस हमें उनकी वीरता और देशभक्ति से प्रेरणा लेने का अवसर देता है। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने भी साहिबजादों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि यह आयोजन नई पीढ़ी में देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा का संचार करेगा ।कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं और छात्रों ने गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की और देशभक्ति के नारों के साथ समापन किया। यह आयोजन वीर बाल दिवस के महत्व को उजागर करने और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था । इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, भाजपा नेता नीरज शाही, महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही, जिला महामंत्री प्रमोद शाही, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, संजय पांडे, मंडल उपाध्यक्ष मुकुल मणि त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह, रूपम पांडे, श्याम रंजन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की सुरक्षा को और सुदृढ़ करने की दिशा में पहल



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं आधुनिक बनाए जाने के उद्देश्य से एयरपोर्ट पर तैनात विशेष सुरक्षा बल के जवानों हेतु आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए भूमि उपलब्ध कराए जाने के संबंध में विभिन्न विकल्पों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

विशेष सुरक्षा बल द्वारा शस्त्रागार, बैरक, कार्यालय, भोजनालय, शौचालय एवं स्नानागार आदि के निर्माण हेतु लगभग 03 एकड़ भूमि उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया गया है। इस क्रम में उपजिलाधिकारी कसया से प्राप्त आख्या के आधार पर संभावित स्थलों का विस्तृत परीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया है ।प्रथम विकल्प के अंतर्गत तहसील कसया के ग्राम नकहनी में अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के पश्चिमी सिरे से सटी लगभग 10.02 एकड़ अतिरिक्त भूमि उपलब्ध होना बताया गया है। यह भूमि आवासीय उपयोग के लिए उपयुक्त है तथा सुरक्षा बलों की त्वरित तैनाती एवं शीघ्र उपलब्धता की दृष्टि से अत्यंत अनुकूल मानी जा रही है। द्वितीय विकल्प के रूप में ग्राम महुआडीह लौंगरापुर, तहसील कसया स्थित बंजर श्रेणी की भूमि को चिन्हित किया गया है, जो एयरपोर्ट से लगभग 05 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। परीक्षण उपरांत इस भूमि के पुनर्ग्रहण की संभावना पर भी विचार किया जा सकता है। तृतीय विकल्प के अंतर्गत तहसील कसया में नागरिक उड्डयन विभाग के नाम दर्ज एवं वर्तमान में रिक्त भूमि के कुछ गाटों को चिन्हित किया गया है, जो एयरपोर्ट से लगभग 1.2 से 1.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। यदि यह भूमि सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त पाई जाती है, तो शासन स्तर से हस्तांतरण की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।इसके अतिरिक्त, यदि एयरपोर्ट की 05 किलोमीटर परिधि में पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं हो पाती है, तो आपसी सहमति अथवा विधिक अधिग्रहण प्रक्रिया के माध्यम से निजी भूमि क्रय किए जाने के विकल्प पर भी विचार किया गया है, जिसके लिए आवश्यक बजट की व्यवस्था की जाएगी। डीएम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उपरोक्त सभी विकल्पों का समग्र मूल्यांकन करते हुए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प के चयन हेतु संबंधित विभाग को आख्या प्रेषित कर दी गई है, जिसके आधार पर अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। यह पहल न केवल अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट कुशीनगर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाएगी, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जनपद की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक छवि को भी सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## 126 वाहनों का चालान,4 वाहन सीज



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आज यातायात प्रभारी श्री गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर मालवीय रोड पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले ऑटो/टेंपो एवं शाही कटरा के पास नो पार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी ।इस प्रकार अभियान के दौरान यातायात पुलिस देवरिया द्वारा कुल 126 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 04 वाहनों को सीज किया गया।

## यूपी की उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ




**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों एवं विकास कार्यक्रमो के प्रचार प्रसार के दृष्टिगत नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक परिसर में सूचना विभाग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन/शुभारंभ ब्लाक प्रमुख शेषनाथ यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी में केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को चित्र के माध्यम से प्रदर्शनी को लोगों ने देखा।

ब्लॉक प्रमुख शेषनाथ यादव ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जनता लाभ उठा रही है बिना भेदभाव से पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,आवास, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार, गरीब परिवार की महिलाओं को गैस कनेक्शन सहित कई जनकल्याणकारी कार्यों योजनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को बताया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रामाधार राजभर, ग्राम प्रधान राजेश सिंह, विजय यादव, बाल गोविंद सैनी,योगेंद्र एवं सीडीपीओ श्रीमती सुभद्रा श्रीवास्तव मीना देवी एडीओ पंचायत नेबुआ नौरंगिया सहित आमजन उपस्थित रहे।

## अटल जी की देशभक्ति,सेवा साहस प्रेरणादायक : सूर्य प्रताप शाही



**देवरिया ।** कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय में लगी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यह प्रदर्शनी अटल जी की 101वीं जयंती के अवसर पर आयोजित की गई थी, जिसमें उनके छात्र जीवन से लेकर प्रभावशाली राजनीतिक सफर को विस्तार से दशार्या गया है ।शाही ने प्रदर्शनी में अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और कहा, अटल जी की देशभक्ति, सेवा और अदम्य साहस हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। उनकी दूरदर्शी सोच ने भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई। उन्होंने अटल जी के जीवन से जुड़ी स्मृतियों को ताजा करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी उनके बहुआयामी व्यक्तित्व और राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान की गवाही देती है ।प्रदर्शनी में अटल जी के प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान लिए गए ऐतिहासिक फैसलों, भारत के विकास और समृद्धि के बड़े प्रयासों को भी रेखांकित किया गया है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अटल जी का जीवन सुशासन और राष्ट्र सेवा का प्रतीक है, और उनकी विरासत हमें हमेशा मार्गदर्शन देती रहेगी ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, गंगा सिंह कुशवाहा, महामंत्री श्रीनिवास अंकुर, मंडल उपाध्यक्ष मुकुल मणि त्रिपाठी सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अटल जी के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# देह व्यापार पर छापेमारी, होटल पर कार्रवाई शून्य, पुलिस कटघरे में



**कुशीनगर।** बुद्धनगरी में देह व्यापार के गोरखधंधे में लिप्त मनोकामना होटल पर कसया पुलिस द्वारा की गई कथित छापेमारी अब एक सुनियोजित नाटक साबित होती दिख रही है। छापेमारी के दौरान होटल के कमरों में रंगरलियां मनाते पकड़े गए युवक-युवतियों के बावजूद न तो होटल सील किया गया, न ही संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। यह सवाल नहीं, बल्कि कसया पुलिस की नीयत पर सीधा आरोप है ।स्पष्ट है कि अनैतिक गतिविधियों तक सीमित है, बल्कि कसया पुलिस की कार्यशैली, जवाबदेही और ईमानदारी पर सीधा हमला है। अगर यही कानून व्यवस्था है, तो सवाल उठना लाजमी है कि एनएच-28 पर होटल संचालित हो रहे हैं या पुलिस की छत्रछाया में खुलेआम ऐय्याशी के अड्डे फल-फूल रहे हैं ??? फ्लैश बैकः

● छापा पड़ा, रंगे हाथ पकड़े गए फिर भी सील नही हुआ होटल, संचालक पर भी नही हुई कार्रवाई

कहना न होगा कि कसया पुलिस को लंबे समय से मनोकामना होटल में देह व्यापार व अन्य अवैध गतिविधियों की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर पुलिस ने होटल पर छापेमारी की थी, जहां चार जोड़े युवक-युवतियां रंगरलियां मनाते हुए रंगे हाथों पकड़े गए। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर थाने लाकर पूछताछ करने और कड़ी कार्रवाई का दावा किया था।

कसया पुलिस अपराध पर अंकुश लगाने के बजाय, देह व्यापार जैसे समाज विरोधी अपराध को मौन संरक्षण देने की भूमिका में नजर आ रही है। यह चुप्पी कोई साधारण लापरवाही नहीं, बल्कि संरक्षण की चीखती हुई गवाही है जो कानून व्यवस्था के दावों को खोखला साबित करती है। बेशक ! यह मामला सिर्फ

लेकिन यह दावा भी हवा-हवाई साबित हुआ। छापेमारी के कुछ ही समय बाद सब कुछ सामान्य हो गया है, न होटल सील हुआ, न संचालक पर मुकदमा दर्ज हुआ। यह स्थिति अपने आप में एक यक्ष प्रश्न खड़ा करती है और कसया पुलिस की मंशा पर गहरे संदेह की लकीर खींचती है।

### 2023 में सील हुआ था मनोकामना होटल, फिर किसके इशारे पर खुला

गौरतलब है कि 22 सितंबर 2023 को तत्कालीन उपजिलाधिकारी योगेश्वर सिंह के निर्देश पर कसया के तत्कालीन तहसीलदार नरेंद्र राम और तत्कालीन थानाध्यक्ष डॉ. आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने मनोकामना होटल पर छापा मारा था।

उस दौरान होटल में कई युवक-युवतियां संदिग्ध हालत में पकड़े गए थे।

पूछताछ के दौरान होटल संचालक द्वारा कोई भी वैध रजिस्ट्रेशन या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके बाद तहसीलदार ने होटल को सील कर दिया गया था। सवाल यह है कि जब होटल अवैध और देह व्यापार कारोबार में लिप्त पाकर सील किया जा चुका था, तो फिर यह होटल किसके आदेश पर दोबारा बेखौफ संचालित हो रहा है ? क्या मनोकामना होटल का संचालक किसी ऊंचे रसूख की छत्रछाया में है ? या फिर होटल की आड़ में चल रहे इस समाज-विरोधी धंधे को प्रशासनिक यख फिर राजनीति संरक्षण प्राप्त है. ?

## अटल स्मृति सम्मेलन में गूंजा राष्ट्रवाद का संदेश

कुशीनगर। जिले के फाजिलनगर स्थित संस्कार सेंट्रल एकेडमी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के व्यक्तित्व, कृतित्व और राष्ट्रहित में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों को स्मरण करते हुए उनके विचारों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

मुख्यअतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि अटल जी व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार थे। उनके विचारों को जीना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ने स्पष्ट रूप से कहा था कि भाजपा सत्ता के लिए नहीं, बल्कि देश के लिए संघर्ष करती है और राष्ट्रहित भाजपा के लिए सर्वोपरि है। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि अटल जी ने देश की सुरक्षा और स्वाभिमान के लिए अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंधों की परवाह किए बिना एक नहीं बल्कि पांच परमाणु परीक्षण कराए। उन्होंने दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया और ऐसे एकमात्र नेता रहे जिनकी आलोचना उनके विरोधी भी नहीं कर सके। क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार अटल जी के सपनों को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के माध्यम से देश में सड़कों के विशाल नेटवर्क की नींव रखी, जिससे भारत के विकास को नई गति मिली। भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष छट्ठे लाल निगम ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे। उन्होंने भाजपा को मात्र दो सांसदों वाली पार्टी से शिखर तक पहुंचाया और देश में आधारभूत संरचना को मजबूत किया।

कार्यक्रम को भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय राय, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला, भाजपा नेता चंद्रप्रकाश यादव चमन, मंडल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, भाजपा शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी सुरेंद्र सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। संचालन आरएसएस के प्रचारक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी ने किया, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने की।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. कन्हैया शर्मा एवं पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पशुपतिनाथ जायसवाल ने संयुक्त रूप से आभार व्यक्त किया। इस दौरान डीएन कुशवाहा, मनोज चौबे, मनीष तिवारी, विनय तिवारी, ब्रजेश पांडेय, अनिल जायसवाल, कुंवर सुभाष सिंह, शेषनाथ मिश्रा, अमलेश तिवारी, महेंद्र शर्मा, विकास तिवारी, प्रदीप राय, डॉ. रानी शुक्ला, वर्षा तिवारी, उमेश कुमार गुप्त, भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य उपस्थित रहे।

# आशीष सिंह की ऐतिहासिक पारी से रेलवे ने जमाया फाइनल ट्राफी पर कब्जा




**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर के पावानगर महावीर इंटर कॉलेज के राज मालती स्टेडियम में आयोजित 20वीं अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांचक खेल और दर्शकों के उत्साह से भरपूर रहा। फाइनल में एनई रेलवे की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शौर्य क्रिकेट एकेडमी, इंदौर को आठ विकेट से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

रेलवे के स्टार खिलाड़ी आशीष सिंह ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन कर न केवल टीम को जीत दिलाई, बल्कि मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज दोनों पुरस्कार भी अपने नाम किए। शनिवार को सुबह 11 बजे शुरू हुए फाइनल मुकाबले में रेलवे के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले इंदौर को बल्लेबाजी का न्योता दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंदौर की टीम ने तेज शुरूआत की और बिना विकेट गंवाए 10 ओवर से पहले 141 रन बना लिए। हालांकि इसके बाद रेलवे के गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी की और इंदौर की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती चली गई। निर्धारित 25 ओवरों के मैच में इंदौर की पूरी टीम 22वें ओवर की चौथी गेंद पर 265 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इंदौर की ओर से अमन यादव ने 31 गेंदों पर 8 छक्के और 5 चौकों की मदद से 77 रन, हिमांशु सिंह ने 36 गेंदों पर 9 छक्के व 3 चौकों के साथ 71 रन, कप्तान हर्ष त्यागी ने 49 रन तथा विक्रांत सिंह भदौरिया ने 26 रनों का योगदान दिया। वहीं टीम के पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। रेलवे की ओर से गेंदबाजी में कृतज्ञ सिंह ने 3 विकेट, निशांत राय और भास्कर मणि त्रिपाठी ने 2-2 विकेट, जबकि त्रिशाल त्रिवेदी और अंकित यादव ने 1-1 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे की टीम ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 21 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। रेलवे की जीत के नायक रहे आशीष सिंह, जिन्होंने 67 गेंदों पर 13 छक्के और 12 चौकों की मदद से नाबाद 153 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनके साथ विराट जायसवाल ने 41 गेंदों पर 7 छक्के और 5 चौकों की मदद से 76 रन बनाकर टीम को आसान जीत दिलाई। इंदौर की ओर से विक्रांत सिंह भदौरिया और प्रिंस मौर्या को एक-एक विकेट मिला। मैच के साथ-साथ पूरे टूनार्मेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आशीष सिंह को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार हीरो मोटर्स के प्रोपराइटर अजय गुप्ता और कंचन गुप्ता द्वारा प्रदान किया गया।

● शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता

मैच में अंपायरिंग यूपीसीए पैनल के अंपायर सतीश पाण्डेय और संतोष कुमार सिंह ने की, जबकि थर्ड अंपायर की भूमिका अशोक शर्मा ने निभाई। स्कोरिंग बीसीसीआई पैनल के स्कोरर एसपी सिंह ने की। मैच की कमेंट्री मुहम्मद आलम, गुड्डू पाण्डेय तथा अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी कमेंटेटर सुमित मिश्रा ने की। मैच का लाइव प्रसारण सचिन यादव और उनकी टीम द्वारा किया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि गोरखा रेजीमेंट के कर्नल देवराज भट्टाचार्य ने विजेता टीम को एक लाख पचास हजार रुपये नगद एवं विजेता ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने कहा कि एक सैनिक की दो माताएं होती हैं एक जन्म देने वाली और दूसरी भारत माता। सैनिक का कर्तव्य दोनों के सम्मान और रक्षा करना होता है ।उन्होंने शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी और अमर हो गए। उपविजेता टीम शौर्य क्रिकेट एकेडमी, इंदौर को पचहत्तर हजार रुपये नगद और उपविजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। इस दौरान आयोजन समिति के संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष अजय त्रिपाठी, शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी के पुत्र लेफ्टिनेंट कुशाग्र त्रिपाठी उर्फ आयुष त्रिपाठी, अधिवक्ता अभय त्रिपाठी, टीएन राय, सीओ जोश, डॉ. केपी सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, मनोज चौबे, सामाजिक कार्यकर्ता केदार सिंह, दिनेश सिंह, स्मिता त्रिपाठी, कंचन त्रिपाठी, जेसी जोश, राजन शुक्ला, विनीत कुमार बंटी, आजाद अंसारी, उदयभान सिंह, मंजूर आलम, प्रदीप सिंह, गुड्डू चौहान, सुनील सिंह, गणेश त्रिपाठी, गोविन्द यादव, कविंद्र सिंह, खुर्शीद आलम, चंदन दुबे, सत्यम त्रिपाठी, शिवम त्रिपाठी, भास्कर राय, पंकज ओझा, पिंटू सिंह, गुड्डू सिंह, पिंटू राय सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत बोर्ड की बैठक संपन्न

गोसाईंगंज अयोध्या। गोसाईंगंज नगर पंचायत बोर्ड की बैठक शुक्रवार को गहमागहमी के साथ सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन डॉ विजयलक्ष्मी जायसवाल ने किया। बैठक में ईओ सीमाराय व सभी सभासदों की मौजूदगी रही। बैठक में नगर पंचायत के सभी वार्डो की समस्याओं से विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कर प्रणाली की समीक्षा भी की गई ।चेयरमैन डॉ विजयलक्ष्मी जायसवाल ने सभासदों को बताया कि हमारी नगर पंचायत इस वर्ष अंत्येष्टि स्थल,पेयजल योजना,सीवरेज एवं जल निकासी योजना तथा बंदन योजना में चयनित हुई है ।इस योजना के तहत सभी वार्डो लगभग5.50करोड़ रुपये की वित्तीय राशि की स्वीकृत प्रदान की गई है।

इसके साथ ही बिगत कई वर्षो से बंद पड़ी15वाँ वित्त आयोग निधि को भी नगर पंचायत के सजगता एवं चेयरमैन के प्रयासों से पुनः स्वीकृत मिली है,जिससे नगर के विकास कार्यो को नई गति मिलेगी ।बैठक में सभी सभासदों से अपने अपने वार्डो में कराए जाने वाले विकास कार्यो के लिए प्रस्ताव देने का अनुरोध किया गया। ,

संक्षेप

## बाइक ट्रक से टकराई, दो की मौत, एक गंभीर

**बांदा।** ओरन कस्बे के पास सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। घटना उस समय हुई जब दोनो युवक बाईक से तेज रफ्तार में सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गये। मृतकों की पहचान बिसंडा थानाक्षेत्र के कोर्रही गांव निवासी शिवशरण वर्मा 21 व आकाश पुत्र कमलेश 19 के रूप में हुई है। शिवशरण बहन की ससुराल उतरवां गांव गया था। रात के समय शिवशरण बहनोई उमेश पुत्र बाबूलाल 25 के साथ मोटरसाइकिल से गांव लौट रहा था। ओरन के पास सामने से आ रहे वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा टकराई। दुर्घटना में शिवशरण वर्मा की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि आकाश और उमेश गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनो को तत्काल अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने आकाश को भी मृत घोषित कर दिया गया। उमेश का इलाज चल रहा है। मृतक शिवशरण के चचेरे भाई बाबू और मां ने बताया कि शिवशरण तीन भाईयों में सबसे छोटा था तथा राजकोट में काम करता था। वह तीन दिन पहले ही गांव आया था। आकाश भी नागपुर में रहता था और गुरूवार के दिन ही गांव आया था। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## गरीबों को बांटा गया कम्बल

सोहवल-अयोध्या। शनिवार का दिन कंबल वितरण और समाजसेवियों को सामाजिक सम्मान पत्र वितरण के नाम रहा। दि आयुष्मान फाउंडेशन के अध्यक्ष पवन पटेल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित, जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान सिंह और सपा नेता अनूप सिंह रालोद के सुड्डू मिश्रा मौजूद रहे।

जिन्होंने आये सौ से ज्यादा गरीबों को कंबल वितरित कर संस्था की सराहना की। इस अवसर पर मीडिया सहित समाज के विभिन्न अंगों से जुड़े 51 विभूतियों को समाज दर्पण सम्मान से सम्मानित किया गया। इन्हे शाल स्वागत पट्टीका, प्रमाण पत्र दिया गया। संस्था को सम्बोधित करते आलोक ने कहा गरीबों की मदद करना पुण्य का काम है।

यह काम वही करता है जिसे मानवता और इंसानियत आती है।संचालक संतोष गुप्ता, राहुल, सुरेन्द्र कोरी, गजेंद्र सिंह, विकास वर्मा, रोहित, ऋषभ आदि के. साथ बड़ी संख्या में सामाजिक संस्थाओं के लोग मौजूद रहे।

# शीघ्र पूरी करें निर्माणाधीन परियोजनाएं: प्रभारी मंत्री



**बांदा।** जिले के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल नंदी की अध्यक्षता में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक हुई। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने बिजली के खराब ट्रांसफार्मर समय से बदलने, राजकीय नलकूपों का विद्युतीकरण शीघ्र कराने तथा रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति व विद्युत बिल में सुधार करने के निर्देश विद्युत अधिकारियों को

**● माफियाओं व अवैध प्लाटिंग पर की जाये कार्रवाई**

दिए। उन्होने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि व फसल बीमा योजना की प्रगति पर संतोष जताया। पीएम आवास ग्रामीण के अवशेष निर्माण शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उन्होने एंबुलेंस 102 एवं 108 के रिस्पांस टाइम में सुधार, जल जीवन मिशन की सड़कों की मरम्मत व गांव में जलापूर्ति के निर्देश दिए। मंत्री ने निमार्णाधीन परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने, गो-आश्रय स्थलों में क्षमता से अधिक गोवंश न रखे जाने, चिकित्सीय उपचार, समय पर टीकाकरण एवं ठंड से बचाव के उपाय करने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को दिए। उन्होने निराश्रित पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण पेंशन व पिछड़ा वर्ग पेंशन के पात्र लाभार्थियों के लिए कैंप लगाने के निर्देश दिए। सेतुओं के निर्माण की समीक्षा करते हुए इनका निर्माण मार्च 2026 तक प्रत्येक दशा में पूरा कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लाभार्थियों को लोन दिलाने, निमार्णाधीन परियोजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने मिलावट करने वालों के विरूद्ध अभियान, मंडी में राजस्व कर की वसूली, पुराने राजस्व वादों का समय पर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होने अवैध प्लाटिंग किए जाने पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश दिए। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पीआरबी की रिस्पांस टाइम में सुधार, अवैध शराब की बिक्री पर कड़ाई से रोक लगाने, प्रवर्तन कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होने महिला अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, गुंडा एक्ट पर प्रभावी कार्रवाई पर निर्देश के साथ ही जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने तथा लापरवाह पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। बैठक में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, विधायक ओममणि वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, डीएम जे0 रीभा, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# इनामिया अपराधी पुलिस मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत 27 दिसंबर 2025 को जनपदीय एसओजी एवं थाना कोतवाली नगर महोबा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई।

संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान वांछित शातिर अभियुक्त वारिश उर्फ लुच्ची द्वारा पुलिस टीम पर गाली गलौच करते हुये जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे 95 हजार रुपए नगद, पीली धातु के 6 छोटे बडे टुकडे कुल वजन 36.080 ग्राम, 1 अदद अवैध तमंचा, 2 जिन्दा कारतूस बरामद किये गये। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली नगर महोबा धारा 109(1)/352 बीएनएस (पुलिस मुठभेड) व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। तथा आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अखिलेश शिवसेना (शिंदे गुट) की प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य बने

**ललितपुर।** जिले में शिवसेना (शिंदे गुट) के कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। उत्तर प्रदेश शिवसेना शिंदे गुट की प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में डा. अखिलेश कुमार चैबे की नियुक्ति हुई है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर जिले के विभिन्न स्थानों पर बधाई और सम्मान समारोह आयोजित किए गए। ललितपुर शहर में शिवसेना के जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव ने अपने साथियों के साथ डा. अखिलेश कुमार चैबे को बधाई दी। उन्होंने फूल-माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर कार्यकताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और संगठन की मजबूती के लिए नई जिम्मेदारी को शुभकामनाएं दीं। वहीं, बानपुर में भी डा. अखिलेश कुमार चैबे की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्ति पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संपूर्ण आयोजन मनीष चैरसिया ने किया। कार्यकताओं ने बताया कि डा. अखिलेश कुमार चैबे की इस नियुक्ति से ललितपुर जिले में शिवसेना (शिंदे गुट) का संगठन और मजबूत होगा। यह जिम्मेदारी पार्टी की उत्तर प्रदेश में विस्तार और जनसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। सभी ने डॉ. चैबे को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। शिवसेना (शिंदे गुट) के कार्यकर्ता इस उपलब्धि पर उत्साहित हैं और आने वाले समय में पार्टी को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया है। समारोह में बानपुर के कई प्रतिष्ठित नागरिक और पत्रकार बंधु मौजूद रहे। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से सर्वेश कुमार चैबे, सुनील चैरसिया, मनीष चैरसिया, अखिलेश पांडेय, अभिषेक बाजपेई, मोहित पांडे, गौरव पुरोहित, जितेंद्र सेन, दीपक विश्वकर्मा, धर्मेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अंडर-14 का अभ्यास मैच, अनुज बने मैन ऑफ द मैच



**बांदा।** भागवत प्रसाद मेमोरियल स्कूल में शनिवार को अंडर-14 का अभ्यास मैच कार्तिक क्लब और अनुज क्लब के बीच खेला गया। कार्तिक क्लब के बल्लेबाजों ने 35 ओवर में 166 रन बनाए जिसमे आकाश ने सर्वाधिक 77 रन बनाए। अनुज क्लब के बॉलर अनुज ने 3, प्रिंस-आयुष ने 2-2 विकेट लेकर टीम को 166 रनों में समेट दिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी अनुज क्लब 33.4 ओवर में 120 रनों में ऑल आउट हो गई। अनुज ने 40 रन बनाए, अर्जुन क्लब के बॉलर आयुष ने 2, अर्जुन ने 2 विकेट लिए। अनुज को मैन आफ द मैच आलोक स्पोर्ट्स की तरफ से दिया गया। अभ्यास मैच के दौरान क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव वसीफ जमा खान, भागवत प्रसाद स्कूल के डायरेक्टर अंकित कुशवाहा, कोच प्रशिक्षक सलमान, अभिभावक कृष्ण कुमार तिवारी, लोकेश त्रिपाठी मौजूद रहे।

# अवैध शराब के चिन्हित स्थानों पर चला बुलडोजर



**ललितपुर।** अवैध-कच्ची शराब के लिए चयनित स्थानों पर आबकारी विभाग द्वारा थाना पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई। वहीं अवैध शराब के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री को बुलडोजर की सहायता से नष्ट कराया गया। जनपद ललितपुर की आबकारी विभाग एवं पुलिस की टीम

**● ड्रॉन की सहायता लेकर आबकारी और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाते हुए भारी मात्रा में बरामद की शराब**

द्वारा ग्राम- चीराहार में ड्रोन कैमरे की सहायता से अवैध मद्य निष्कर्षण के अड्डों को चिह्नित करते हुए छापेमारी की गई।संयुक्त टीम की छापेमारी के दौरान मौके से 150 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामद करते हुए टीम द्वारा मौके पर जेसीबी की मदद से जमीन में गढ़े हुए ड्रमों को निकालते हुए लगभग 8000 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। टीम द्वारा 03 महिला अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में थाना-कोतवाली, जनपद ललितपुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इस दौरान संयुक्त टीम में आबकारी निरीक्षक सदर, ललितपुर अन्विता तिवारी, आबकारी निरीक्षक तालबेहट मोहम्मद राशिद, आबकारी निरीक्षक, महरौनी बिपिन कुमार यादव, आबकारी निरीक्षक पाली प्रशांत मित्तल एवं आबकारी निरीक्षक मडावरा प्रशांत कुमा एवं कोतवाली ललितपुर के पुलिस निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह शामिल रहे।

## रैन बसेरा, शेल्टर होम, अलाव का ईओ ने लिया जायजा



जिला संवाददाता

**बांदा।** बीती देर रात अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद श्रीचंद ने रोडवेज बस स्टैंड के रैन बसेरा व जवाहर नगर के पास हरदौली में बने शेल्टर होम और शहर में अलाव की व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होने दीन दयाल अन्त्योदय योजना के तहत शहरी क्षेत्रों के बेघरों व निराश्रित लोगों के लिए निःशुल्क आश्रय ग्रह की व्यवस्था देखी और वहां मौजूद व्यवस्थापकों व कर्मचारियों से पूंछताछ की। निर्देश दिए कि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो तथा निराश्रितों को किसी भी तरह की परेशानी न होने पाए। अधिशाषी अधिकारी ने स्थानीय लोगों से व्यवस्था के बारे में जानकारी की। लोगों ने बताया कि व्यवस्था बेहतर है। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि दीन दयाल अन्त्योदय योजना के तहत शहरी क्षेत्र के बेघरों एवं निराश्रितों के लिए निःशुल्क आश्रय ग्रह की व्यवस्था की गयी है। इन्हे जवाहर नगर के पास हरदौली में संचालित किया जा रहा है। यहां जरूरतमंदों को सुरक्षित आवास मुहैया कराया जा रहा है। आश्रय ग्रह में रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, अस्पतालों, पूजा स्थलों, सड़कों की पटरी, फुटपाथों, पार्कों, निर्माण स्थलों, पुलों, दुकानों के चबूतरों व ह्यूज पाइपों में रहने वाले निराश्रितों को निःशुल्क ठहरने की सुविधा दी जा रही है। 78 शेल्टर होम के जरिए करीब 198 शहरी बेघरों के लिए आवासीय व्यवस्था की गयी है। उन्होने बताया कि आश्रय ग्रह चैबीसों घंटे खुले रहते हैं। यहां शुद्ध पेयजल, पर्याप्त स्नानागार, प्रसाधन व प्रकाश व्यवस्था के साथ ही अग्नि शमन व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं यहां प्राथमिक उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई गयी है। आश्रय ग्रह में सामुदायिक रसोई घर, बर्तन व जरूरी व्यवस्थाएं मौजूद हैं। आश्रितों को सामाजिक सुरक्षा, चिकित्सा सेवाएं व वित्तीय समावेशन सुविधाओं से भी जोड़ा जा रहा है।

## बिना चेहरा प्रमाणीकरण के अनुपूरक पुष्टाहार वितरण न करें

**ललितपुर।** कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह ने बताया है कि शासनादेश अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों में गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं एवं 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों का पोषण ट्रैकर मोबाइल एप्लीकेशन पर फेस कैप्चर के माध्यम से अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। अतएव जिले में संचालित सभी 1124 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों से अपील की है कि सम्बन्धित आंगनबाड़ी कार्यकत्री से पोषण ट्रैकर पर चेहरा प्रमाणीकरण के माध्यम से ही अनुपूरक पुष्टाहार प्राप्त करें और सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया जाता है कि लाभार्थियों को पोषण ट्रेकर पर चेहरा प्रमाणीकरण के बाद ही अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण करना सुनिश्चित करें, जो कार्यकत्रियां बिना चेहरा प्रमाणीकरण के लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण करेंगी, उनका उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुये उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी सीडीपीओ, मुख्य सेविका यह सुनिश्चित करें कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कार्यकत्रियों द्वारा चेहरा प्रमाणीकरण के उपरान्त ही अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण लाभार्थियों को किया जाये।

## तेंदुए के विचरण से लोगों में दहशत

ललितपुर। चीराकोडर गांव में विगत 25 दिसम्बर गुरुवार की सुबहएक तेंदुआ प्राथमिक विद्यालय में घुस गया था। यह तेंदुआ 14 घंटे बाद रात के अंधेरे में जंगल की ओर भाग निकला था। अब तेंदुए का भय ग्रामीणों को सता रहा है। तेंदुए के भय से शुक्रवार को विद्यालय बंद रहा और ग्रामीण दहशत में रहे। किसान खेतों पर फसल की रखवाली के लिए नहीं गए। यह घटना गुरुवार, 25 दिसंबर की है, जब बिरधा विकास खंड की ग्राम पंचायत चीराकोडर के प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीणों ने तेंदुए को देखा। तेंदुआ एक ग्रामीण पर हमला कर स्कूल की बाउंड्रीवॉल फांदकर पास के बांस के झुंड में चढ़ गया था। सूचना मिलने पर डीएफओ गौतम सिंह के नेतृत्व में 25 वन कर्मियों की टीम पिंजरे और जाल एवं ड्रॉन के साथ मौके पर पहुंची। बांस के घने झुंड में फंसे तेंदुए को पकड ?ा मुश्किल हो गया। उसे भगाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार भी की गई, लेकिन वह नहीं भागा। ड्रोन कैमरे से भी उसकी निगरानी की गई, पर वह दिखाई नहीं दिया। शुक्रवार को भी गांव में दहशत का माहौल रहा, जिसके चलते प्राथमिक विद्यालय बंद कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि वे तेंदुए के डर से खेतों पर नहीं जा रहे हैं। ग्रामीणों की आशंका थी कि विद्यालय परिसर में झाड़ियां होने के कारण तेंदुआ वापस आ सकता है, जिसके बाद शुक्रवार को ग्राम प्रधान ने झाडियों को कटवा दिया। वन विभाग की टीम स्कूल और बांस के पेड़ों के पास लगातार गश्त कर रही है। ग्रामीण भी सुरक्षा के लिए झुंड में ही आवाजाही कर रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने भी तेंदुए के कारण स्कूल बंद होने की पुष्टि की। इस बीच, तेंदुए को पाली क्षेत्र में भी देखे जाने की खबर है, जिससे वहां भी वन विभाग की एक टीम जांच के लिए पहुंची है।

## ट्रक ने आगे चल रहे ट्रक में मारी टक्कर

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** ललितपुर में शुक्रवार देर शाम हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे जा रहे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रक पलट गया, जिससे चालक के पिता की मौत हो गई और चालक घायल हो गया। घायल पुत्र ने आरोप

**● देर से एम्ब्युलेंस पहुंचने पर चालक के पिता की मौत का आरोप**

लगाया है कि यदि एंबुलेंस समय पर पहुंच जाती तो उसके पिता की जान बच सकती थी। यह घटना हाईवे 44 पर तालबेहट के पास ग्राम बम्होरी सर के निकट हुई।

हैदराबाद से दिल्ली की ओर जा रहे ट्रक को पीछे से आ रहे एक अन्य तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक संजय (32) निवासी चार शहर का नाका, हजीरा, ग्वालियर, मध्य प्रदेश और उसके पिता सुरेंद्र शर्मा (58) घायल हो गए। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट ले जाया गया। तालबेहट में हालत गंभीर होने पर दोनों को ललितपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। 108 एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाए जाने पर चिकित्सकों ने सुरेंद्र शर्मा को मृत घोषित कर दिया।

घायल संजय शर्मा ने आरोप लगाया कि दुर्घटना के बाद उन्हें पहले पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां से ललितपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हालांकि, एंबुलेंस काफी देरी से आई, जिसके कारण वे समय पर ललितपुर मेडिकल कॉलेज नहीं पहुंच पाए। संजय का कहना है कि यदि एंबुलेंस समय पर आती तो शायद उनके पिता की जान बच जाती। संजय ने बताया कि उनके पिता भी ट्रक चालक थे और वे दोनों हैदराबाद से कॉपर वायर भरकर दिल्ली जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

कोतवाली सदर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## स्पेशल रोल ऑब्जर्वर ने जिले में एसआईआर अभियान की समीक्षा की

**ललितपुर।** जेवीएन सुब्रमण्डयम, आईएएस, (संयुक्त सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय) विशेष रोल प्रेक्षक ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के साथ आज शनिवार को कलैक्ट्रेट सभागार में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और राजनैतिक दलों ने मिलकर बहुत अच्छा कार्य किया है, उनकी मेहनत धरातल पर भी दिख रही है। आगे भी इसी सामन्जस्य के साथ कार्य करें। उन्होंने राजनैतिक दलों से अपील की कि वे जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध


**● नोटिस से डरने की जरुरत नहीं, 13 प्रपत्रों में से किसी एक पर दें सूचना, नहीं कटेगा नाम: जेवीएम सुब्रमण्यम**

**● नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के बूथों पर जाकर बीएलओ व सुपरवाईजरों से की एएसडी मतदाताओं की समीक्षा**



(एसआईआर)-2026 के सम्बंध में समीक्षा बैठक की और जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से एसआईआर कार्य का फीडबैक लिया। इसके साथ ही उन्होंने नगरीय व ग्रामीण पोलिंग बूथों पर जाकर बीएलओ एवं सुपरवाईजरों से एएसडी मतदाताओं की मैपिंग की प्रगति का जायजा भी लिया।स्पेशल रोल ऑब्जर्वर ने जनपद में कराये जा रहे एसआईआर अभियान की सफलता देखकर जिलाधिकारी सहित उनकी पूरी प्रशासनिक टीम की प्रशंसा करायी गई एएसडी सूची में मतदाताओं की मैपिंग में सहयोग करें। उन्होंने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी वैध मतदाता का नाम सूची से नहीं काटा जाएगा, एएसडी के जो भी मतदाता हैं, उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा, मतदाताओं को इस नोटिस से डरने की जरुरत नहीं है, आयोग द्वारा निर्धारित 13 दस्तावेजों में से एक पर सूचना उपलब्ध करायेंगे तो उनका नाम सूची में शामिल कर लिया जाएगा। ड्राफ्ट पब्लिकेशन के बाद भी यदि कोई मतदाता छूट जाता है तो उनका फार्म-6 भरवाकर सूची में शामिल कर लिया जाएगा।जिलाधिकारी ने स्पेशल रोल आब्जर्वर को अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनपरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सम्बंध में जनपद के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 6 बार बैठक की जा चुकी है, साथ ही एएसडी मतदाताओं का डाटा पेनड्राइव में उपलब्ध कराया जा चुका है। प्रतिनिधियों के द्वारा जो भी सुझाव या आपत्तियां दर्ज करायी जा रही हैं, उनके अनुसार सुधार की कार्यवाही निरंतर की जा रही है।इस अवसर पर समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला संयोजक एसआईआर हरिराम निरंजन, राजनैतिक दलों में आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, बहुजन समाज पार्टी जिलाध्यक्ष अमन संतोष व भूपेन्द्र, भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत, इण्डियन नेशनल कांग्रेस जिलाध्यक्ष दयाराम श्रीवास, जसपाल सिंह, समाजवादी पार्टी से प्रमोद इमलिया, अरसद मंसूरी, अपना दल जिला महासचिव सोहन लाल निरंजन व विधानसभा अध्यक्ष पुरषोत्तक उपस्थित रहे।

## छोटे बच्चों में विटामिन ए की कमी को दूर करने हेतु खुराक जरूर पिलायें: सीएमओ




ललितपुर। जिला चिकित्सालय स्थित प्रसवोत्तर केंद्र में विटामिन-ए सम्पूर्णन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद की मौजूदगी में श्रीमती रोशनी खान (लाभार्थी की मां) ने फीता काटकर कैम्प का शुभारंभ किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि 27 दिसंबर से 24 जनवरी तक विटामिन ए सम्पूर्णन कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चो को विटामिन ए की खुराक से आच्छादित किया जायेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों में विटामिन ए की कमी को दूर करना है, ताकि वे स्वस्थ रहें, उनकी आंखों की रोशनी बनी रहे और शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़े। विटामिन ए की कमी से बच्चों को रतौंधी (रात में ठीक से न दिखना), बार-बार सर्दी-जुकाम या संक्रमण होना जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। इसलिए हर बच्चे को समय पर विटामिन ए की खुराक देना जरूरी है। इस कार्यक्रम के तहत 9 महीने से 5 साल तक के सभी बच्चों को विटामिन ए ड्रॉप दी जाती है। पहली खुराक बच्चे को 9 महीने की उम्र में मीजल्स के टीके के साथ दी जाती है। इसके बाद हर 6 महीने में एक-एक खुराक और दी जाती है, जब तक बच्चा 5 साल का नहीं हो जाता। इससे उनकी आंखों की सेहत बनी रहती है और शरीर को संक्रमण से बचाव मिलता है।विटामिन ए शरीर खुद नहीं बना सकता, इसलिए इसे खाने से या ड्रॉप के रूप में देना जरूरी है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ गजेंद्र सिंह, डॉ राजेश भारती, डीएमसी यूनिसेफ सबा परवीन आदि उपस्थित रहे।

# बलिदानियों की याद में विधायक के नेतृत्व में पदयात्रा, गुरुद्वारा में चढ़ाई चादर

**बांदा।** देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों की याद में आयोजित वीर बाल दिवस पर भाजपा कार्यालय पीली कोठी से सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में पदयात्रा निकली। यात्रा पीली कोठी चैराहा स्थित सिख गुरूद्वारे में समाप्त हुई।

गुरूद्वारा में मूर्तियों में फूल-माला व चादर चढ़ाकर सबद पाठ, कीर्तन व आरती में भाग लिया और गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों जोरावर सिंह व फतेह सिंह की बलिदान गाथा को सुना। इस अवसर पर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि गुरू तेग बहादुर और गुरू गोविंद सिंह ने त्याग और बलिदान से स्वदेश व स्वधर्म के लिए प्राण न्योछावर कर दिए। जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि सिख गुरूओं का त्याग और बलिदान



अपने परिवार के लिए नही था बल्कि वह देश व धर्म के लिए था। उनका इतिहास प्रेरणादायी है। राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता ने कहा कि गुरू गोविंद सिंह के छोटे बच्चों के इस्लाम न कबूलने पर उन्हे डरा धमकाकर जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि सिख गुरूओं की त्याग, बलिदान व सहादद की परंपरा रही है, गुरू गोविंद सिंह का पूरा परिवार राष्ट्र व धर्म की रक्षा के लिए बलिदान हुआ। यह हमारे देश, समाज व युवा पीढ़ी को प्रेरणा देता है। इस दौरान जगराम सिंह, ममता मिश्रा, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, संतू गुप्ता, उत्तम सक्सेना, अमित सेठ भोलू, राजेश गुप्ता रज्जन, नीरज त्रिपाठी, दुर्गा चैरसिया, इंद्रजीत राजपूत, संतोष राजपूत, दिनेश शुक्ला, चंद्रभूषण सोनी, धीरेन्द्र सिंह धीरू व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वीबी-जी राम जी योजना की जनजागरूकता के लिए 1043 ग्राम सभा में हुई विशेष खुली बैठकें

**बहराइच।** उपायुक्त श्रम रोजगार रवि शंकर पाण्डेय ने बताया कि शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जनपद की 1043 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसमा बैठकों का आयोजन कर ग्रामवासियों को विकसित भारत गारण्टी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन ग्रामीण (अधिनियम) 2025रू वीबी-जी राम जी के बारे में ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

ग्रामसभा की बैठक में लोगों को जानकारी दी गई कि संसद द्वारा हाल ही में पारित किया गया अधिनियम देश के ग्रामीण परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। इस नए अधिनियम में रोजगार की गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है जो कि मेहनतकश ग्रामीण समाज के लिए बहुत बड़ा परिवर्तन है। अधिनियम की विशेषताओं पर चर्चा के दौरान लोगों को बताया गया कि पहले वाले अधिनियम, यानी महात्मा गांधी नरेगा में बेरोजगारी भत्ता का लाभ मिलना लगभग असंभव था क्योंकि उसमें कई शर्तें थीं। लेकिन विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम में ये सब प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। अब यदि काम मांगने पर कार्य न मिले, तो बेरोजगारी भत्ता स्वतः मिलेगा। इससे रोजगार का अधिकार अब वास्तव में कानूनी अधिकार बन गया है।

खुली बैठक के दौरान ग्रामवासियों को बताया गया कि अधिनियम की एक विशेषता समय पर मजदूरी का भुगतान भी है। पूर्व में कई बार मजदूरी में देरी होने की शिकायतें मिलती थीं। अब यदि मजदूरी में देरी होती है, तो प्रत्येक विलंबित दिन का मुआवजा मजदूरी के साथ दिया जाएगा। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और श्रमिकों को पूरा हक मिलेगा। ग्राम स्तर पर योजना निर्माण की स्वतंत्रता होने से अब कार्यों की योजना ग्राम सभा में ही तय की जाएगी। ग्राम पंचायत अपनी विकसित ग्राम पंचायत योजना तैयार करेगी, जिसके लिए ग्रामीणों का सहयोग अनिवार्य होगा।नवीन व्यवस्था के तहत कार्य की चार प्रमुख श्रेणियाँ निर्धारित की गई हैं।

संक्षेप

## डोडहर ने जीता एक दिवसीय वॉलीबाल का खिताब

बीजपुर/सोनभद्र। एनटीपीसी रिहन्द नगर के सोनशक्ति स्टेडियम में युवा जन कल्याण सेवा संस्थान के तत्वावधान में बॉलीबाल के पूर्व खिलाड़ी की विदाई के उपलक्ष्य में एक दिवसीय बालीबाल का आयोजन सम्पन्न हुआ।सर्वप्रथम प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि रामसेवक वैश्य ने सखिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल को शुरू कराया।युवा जन कल्याण सेवा संस्थान के संस्थापक राजेश कुमार वैश्य ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 06 टीमो ने प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता बालीबाल के खिलाड़ी सुरेन्द्र सिंह के विदाई के उपलक्ष्य में रखी गई थी सुरेन्द्र सिंह एनटीपीसी रिहन्द में कर्मचारी हैं और 31 दिसम्बर को रिटायर हो रहे है।सुरेन्द्र सिंह एनटीपीसी में लगभग 35 वर्षो तक बालीबाल के खिलाड़ी के रूप में सेवा दी सेमीफाइनल में डोडहर ए ने बकरिहवा ए को और डोडहर बी ने बकरिहवा बी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में डोडहर ए ने डोडहर बी को हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। निर्णायक की भूमिका रामप्रताप व नंदलाल ने निभाई प्रतियोगिता को सफल बनाने में श्रीकांत जायसवाल, लालबहादुर बालमुकुंद अखिलेश, रामबाबू सालिकराम, रूपेश, लालबाबू, कमलेश, ठाकुर दयाल के साथ साथ संस्था के समस्त पदाधिकारी व सदस्य की अहम भूमिका रही।

## पुलिस से मारपीट के आरोप में सात लोगों पर केस दर्ज

हाथरस । जिले के एक गांव में झगड़े की सूचना पर पहुंचे पुलिस प्रतिक्रिया वाहन (पीआरवी) को क्षतिग्रस्त करने और पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार के मामले में सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्वाई की गई है। पुलिसके मुताबिक, यह घटना शुक्रवार रात हाथरस जंक्शन थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव की है, जब दो पक्षों के बीच झगड़े की सूचना मिलने पर पीआरवी गांव नूरपुर पहुंची थी। मौके पर पुलिस की कार्रवाई से नाराज लोगों ने विरोध शुरू कर दिया तभी महिलाओं ने भी पुलिसकर्मियों के साथ तीखी बहस की। देखते ही देखते लोग आक्रामक हो गए और पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। पुलिसकर्मियों को वहां से भागना पड़ा, लेकिन बाद में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लिया।अपर पुलिस अधीक्षक रामानंद कुशवाह ने बताया कि पुलिस के साथ दुर्व्यवहार और पीआरवी वाहन के शीशे तोड़ने के मामले में सात ग्रामीणों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।साथ ही, पीआरवी में तैनात मुख्य आरक्षी और आरक्षी के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है।

## पुलिस मुठभेड़ में एक लाख का इनामी बदमाश गिरफ्तार

बांदा। जिले के विशेष अभियान समूह (एसओजी) और मटौंध थाने की पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश पुलिस की सरकारी राइफल लूटने के मामले में 13 साल से फरार था। मुठभेड़ में उसके दाहिने पैर में गोली लगी है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार की रात एसओजी और मटौंध थाने की पुलिस टीम भूरागढ़ बाईपास स्थित सोना बालू खदान के नजदीक वाहनों की जांच कर रही थी। एएसपी ने बताया कि इसी दौरान शराब पी रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने टोका तो वह पुलिस बल पर तमंचे से गोली चलाकर भागने लगा। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।एएसपी ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार बदमाश की पहचान चित्रकूट जिले के खोह गांव निवासी संदीप के रूप में हुई। चित्रकूट पुलिस के अनुसार, संदीप को आठ अगस्त, 2012 को कर्वी न्यायालय में पेशी के बाद बांदा कारागार वापस ले जाया जा रहा था तभी उसने सिपाही की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर उसकी सरकारी राइफल लूट ली और फरार हो गया। इस मामले में अपर पुलिस महानिदेशक स्तर से उसपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।एएसपी ने बताया कि घायल बदमाश संदीप को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से छुट्टी मिलने के बाद उसे सक्षम न्यायालय के सामने पेश किया जाएगा।

# खेल से प्रतिस्पर्धा और जज्बा दोनों का होता है विकास : भूपेश



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र।विधायक खेल महाकुंभ के तीसरे दिन हैमर खेल का आयोजन किया गया । आज भी पुराने प्रचलित खेल खेले गए जो आकर्षक का केंद्र रहे ।पहला मैच रजधन व श्री एकैडमी के बीच खेला गया। श्री एकैडमी को हराकर रजधन की टीम विजई रही। दूसरा मैच संत जोसेफ और प्रकाश जीनियस के बीच हुआ इस मैच में प्रकाश जीनियस की टीम विजेता बनी। इसी तरह तीसरा मैच मारकुंडी और डीएवी के बच्चों के बीच खेला गया जिसमें मारकुंडी की टीम विजई रही। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच प्रकाश जीनियस और मारकुंडी के बच्चों के बीच खेला गया है जिसमें प्रकाश जीनियस की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला जीत लिया।प्रकाश जीनियस की टीम विजेता बनी और मारकुंडी की टीम उप विजेता। समस्त मैचों में बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार जीत के लिए जी जान से जुटे रहे बच्चों की चपलता और चंचलता है आकर्षण का केंद्र रही।

विजेता औरउप विजेता टीम के प्रतिभागियों को विधायक ने स्वयं अपने हाथों से ट्रॉफी प्रदान की ।इस मौके पर विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि यह खेल सिर्फ मनोरंजन का विषय नहीं इससे एक स्वस्थ प्रति स्पर्धा और जज्बे का विकास होता है इससे जिंदगी में कुछ सीखने को मिलता है हार जीत महत्वपूर्ण नहीं महत्वपूर्ण खेल के दौरान किया गया प्रदर्शन होता है उन्होंने प्रतिभाग करने वाले समस्त खिलाड़ियों को उन्हें लाने वाले विद्यालय के शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य शिवमंगल से पर्यावरण बैंक के अध्यक्ष क्रांति से भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अशोक मौर्य किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष यादवेंद्र दत्त द्विवेदी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## 200 जरूरतमंदों को बांटे कंबल

म्यारेपुर/सोनभद्र। स्थानीय पंचायत भवन में शनिवार को हिंडालको जन सेवा ट्रस्ट एवं ग्राम प्रधान म्योरपुर के सौजन्य से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण ठंड के मौसम में गरीब, निर्धन, असहाय एवं विधवा वर्ग के लोगों को राहत पहुंचाना रहा ।कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एससी/एसटी आयोग के उपाध्यक्ष जीतसिंह खरवार उपस्थित रहे ।उनके साथ ब्लॉक प्रमुख म्योरपुर मानसिंह गोड़ एवं ग्राम प्रधान म्योरपुर संगीता जायसवाल के सानिध्य में कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर लगभग 200 जरूरतमंद लोगों को कंबल प्रदान किए गए, जिससे ठंड से जूझ रहे लोगों को काफी राहत मिली।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री खरवार ने कहा कि यह क्षेत्र सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है, इसके बावजूद एससी, एसटी वर्ग के लोगों के अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए आयोग निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है और ऐसे कार्यक्रम सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं ।ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गोड़ एवं ग्राम प्रधान संगीता जायसवाल ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आगे भी इस तरह के जनकल्याणकारी कार्य किए जाते रहेंगे, ताकि गरीब और असहाय वर्ग को समय पर सहायता मिल सके। कंबल वितरण कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रंजीत पनिका, मोहरलाल खरवार, प्रधान प्रतिनिधि गणेश जायसवाल, सुधीर कुमार, सुजीत सिंह,सुनिल सिंह, इफरान उपेंद्र गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

## बरेली हिंसा : मौलाना तौकीर रजा समेत 38 लोगों के खिलाफ एक और आरोप पत्र दाखिल


बरेली। बरेली में 26 सितंबर को हुए उपद्रव के मामले में पुलिस ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत में एक और आरोप पत्र दाखिल किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को दाखिल इस आरोप पत्र में उपद्रव के मुख्य आरोपी इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा समेत 38 लोगों को आरोपी बनाया गया है। आरोप पत्र के मुताबिक, बरेली में 26 सितंबर को हुई हिंसा के दौरान कुछ लोगों ने मौलाना तौकीर रजा खान के निर्देश पर पुलिस टीम पर हमला किया और सर तन से जुदा के नारे लगाए। आरोप पत्र में बताया गया, आरोपियों में से एक नाबालिग है और दो आरोपी शाहजहांपुर के रहने वाले हैं। पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारीख ने पत्रकारों को बताया, शहर में हुई हिंसा से संबंधित 10 मामलों में पहले ही आरोपपत्र दाखिल किए जा चुके हैं। बारादरी थाने में दर्ज प्राथमिकी में तौकीर रजा खान के अलावा मोहम्मद आजम, फरहत खान, मोइन खान, उमेद, मुस्तकीम, अरवाज, नाजिम रजा खान, मोहसिन समेत 38 लोगों को नामजद किया गया।26 सितंबर को बारादरी, कोतवाली, प्रेम नगर, किला और कैंट थानों में कुल 10 प्राथमिकी दर्ज की गईं, जिनमें बाद में दो और मामले जोड़े गए। उन्होंने बताया कि अब तक 10 मुख्य मामलों में 100 से अधिक आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किये जा चुके हैं, जिनमें से 87 जेल में हैं और दो मामलों में जांच अभी जारी है। बरेली में हिंसा उस समय भड़क गयी थी, जब बारादरी थाने के निरीक्षक धनंजय पांडेय ने सूचना दी कि गश्त के दौरान शाहदाना रोड के पास पुलिस की एक टीम पर हमला हुआ। मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर भीड़ ने सर तन से जुदा के नारे लगाए और इस्लामिया मैदान की ओर मार्च करने की कोशिश की।

## उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर रहा उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढैवा: श्याम त्रिपाठी

उन्नाव (वीओएल)। उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी ने विकास खंड औरास के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढेवा द्वारा शैक्षिक, खेलकूद, सामाजिक जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार को शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।श्याम त्रिपाठी ने अपने संदेश में कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय ने निरंतर उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। विद्यालय की उपलब्धियों ने न केवल जनपद स्तर पर बल्कि प्रदेश स्तर तक अपनी सशक्त पहचान स्थापित की है। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा खेल प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर विजेता बनना, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन तथा खेल प्रतिभाओं का अनुशासित विकास इस बात का प्रमाण है कि विद्यालय में शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को समान महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि विद्यालय के बच्चे गांव को नशामुक्त बनाने के लिए निरंतर जागरूकता अभियानों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।यह प्रयास सामाजिक चेतना के साथ-साथ भावी पीढ़ी को जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है, जो विद्यालय की मूल्यपरक शिक्षा को दशार्ता है।श्याम त्रिपाठी ने कहा कि विद्यालय का स्वच्छ परिसर, सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायी कक्षाएं, अनुशासित वातावरण तथा अत्यंत सुसज्जित विज्ञान प्रयोगशाला गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करती है। साथ ही सभी शैक्षिक अभिलेखों, रजिस्टरों एवं दस्तावेजों का व्यवस्थित और सुरक्षित संधारण विद्यालय की प्रशासनिक दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण है।उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय की निरंतर प्रगति से प्रभावित होकर स्वयंसेवी संस्था द्वारा विद्यालय को सोलर पैनल भेंट किए गए हैं, जिससे विद्यालय ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी अग्रसर हुआ है। यह पहल शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी सशक्त संदेश देती है। बाल अधिकार आयोग सदस्य ने कहा कि विद्यालय की सकारात्मक गतिविधियों, नवाचारों एवं उपलब्धियों की जानकारी उन्हें सोशल मीडिया, समाचार पत्रों और विभिन्न माध्यमों से नियमित रूप से प्राप्त होती रहती है।जिलाधिकारी उन्नाव सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं एवं अधिकारियों द्वारा विद्यालय का भ्रमण और सराहना किया जाना इस बात का प्रमाण है कि यह विद्यालय आज जनपद के एक आदर्श विद्यालय के रूप में स्वयं को स्थापित कर चुका है। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार वर्मा एवं समस्त विद्यालय परिवार द्वारा शिक्षा, खेल, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे सतत प्रयासों को अत्यंत प्रशंसनीय बताया। विशेष रूप से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों को विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने वाला बताया। अंत में श्याम त्रिपाठी ने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यालय के विद्यार्थी विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में सक्रिय योगदान देंगे और अपने आचरण, प्रतिभा एवं संस्कारों से समाज व राष्ट्र को गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा जताई कि विद्यालय भविष्य में भी नवाचार, उत्कृष्टता और सामाजिक उत्तरदायित्व के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

## भगवान श्रीराम का वनवास न होता तो विश्व का कल्याण न होता: सूर्य लाल मिश्र

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र।नगर के आरटीएस क्लब में चल रहे श्री रामचरितमानस नवाह पाठ के चतुर्थ दिवस श्री राम दरबार का भव्य श्रृंगार किया गया और भगवान के वनवास की झांकी का दर्शन भक्तजनों ने किया ।रामचरितमानस के दोहा और चैपाई का गायन करते हुए मुख्य आचार्य सूर्यलाल मिश्र ने कहा कि भगवान श्रीराम का वनवास ना होता तो विश्व का कल्याण ना होता। ऋषि-मुनियों और ब्राह्मणों को सताने वाले राक्षसों का नाश ना होता ।इसका माध्यम बनी उनकी माता केकई और कैकई को वनवास का सुझाव देने वाली मंथरा थी। इस मार्मिक दृश्य को सुनकर, देखकर भक्तजनों की आंखे भर आई तथा जो केकई और मंथरा ने भगवान श्री राम के 14 वर्ष के वनवास के लिए दोषी थी।

उन्हें कटु शब्दो से संबोधित करने लगे।यह कथा लोक में प्रचलित है और हजारों वर्ष बीत जाने के बाद भी आज भी कोई अपने पुत्री का नाम कैकेई और मंथरा नही रखता है ।जबकि प्रभु श्री राम के हृदय में माता कैकेई और दासी मंथरा के प्रति अगाध प्रेम था। जिसे तुलसी दास जी ने अपने ग्रंथ श्री रामचरितमानस में उद्धित किया है ।वही एक दिन पूर्व रात्रि प्रवचन में सुप्रसिद्ध कथावाचक हेमंत त्रिपाठी एवं अनिल पाण्डेय ने धनुष यज्ञ पर बोलते हुए बताएं कि टूट कहीं धनु हुई विवाहू के आधार पर धनुष के टूटते ही विवाह हो गया लेकिन कुलगुरू है उससे पूछ कर वंश व्यवहार के अनुरूप अयोध्या नरेश को पत्र भेजकर बुलाने की सलाह दिया।

वहीं कथा के द्वितीय सत्र में परशुराम संवाद पर सुप्रसिद्ध कथा वाचक प्रकाश चंद्र विद्यार्थी ने बोलते हुए कहा कि तेहिं छड राम मध्य धनु तोड़ा। भरे भुवन ध्वनि घोर कठोरा। धनुष के टूटने की आवाज से सारा भुवन में नाद हुआ जिसकी जिसकी आवाज सुनकर परशुराम यज्ञ स्थल पर आ गए उन्हें देख कर सारे राजा थरथर कांपने लगे ।आगे उन्होंने ने विवाह पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम सिया सिर सिंदूर देहि ।शोभा कहीं न जात विधि केही। भगवान राम ने सीता की मांग में सिंदूर डालकर विवाह की विधि को पूरा किया। मंच का संचालन करते हुए आचार्य संतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि सिंदूर प्रेम का प्रतीक होने से पति के प्राण आयु को संरक्षित रखने की क्षमता होती है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन, महामंत्री सुशील पाठक, पप्पू शुक्ला, शिशु तिवारी, किशोर केडिया, सुधाकर दुबे, विमलेश पटेल, सुंदर केसरी, राजेश केसरी, सुशील (लोढ़ी), रविंद्र पाठक, मन्नू पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध बिक्री का आरोपी गिरफ्तार

मिर्जापुर। मिर्जापुर में पुलिस ने कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध बिक्री में शामिल आरोपी और दवा की दुकान के मालिक कृष्ण कुमार यादव को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि यादव की गिरफ्तारी पर 25,000 रुपये का इनाम था और उसने करीब 15 करोड़ रुपये मूल्य के कफ सिरप बेचे थे। पुलिस ने एक बयान में बताया कि चंदौली जिले के निवासी कृष्ण कुमार यादव के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है।पुलिस के मुताबिक, यादव ने विभिन्न फर्मों से 100 मिलीमीटर (मिली) की 4,50,850 बोतल कोडीन युक्त कफ सिरप प्राप्त की थीं।पुलिस ने बताया कि मामले की जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी की फर्म मेसर्स सिटी मेडिसेल्स बताए गए स्थान पर नहीं थी और वहां से दवा का कोई कारोबार नहीं किया गया था।पुलिस के मुताबिक, आरोपी की फर्म के बैंक खाते, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और अन्य बैंकों में है और इसका कारोबार करीब 15 करोड़ रुपये था। पुलिस ने बताया कि दिल्ली में विभिन्न फर्मों द्वारा मेसर्स मेडिसेल्स को भेजे गए माल के लिए बिल के संबंध में सूचना प्राप्त करने के लिए वाराणसी एवं नई दिल्ली स्थित जीएसटी विभाग से संपर्क किया गया है।

## बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

देवरिया।जिले के तरकुलवा थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल की टक्कर से साइकिल सवार की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया है। पुलिस के मुताबिक, तरकुलवा थाना क्षेत्र के तरकुलवा-बंजरिया मार्ग पर मठिया गांव के निकट शुक्रवार रात लगभग साढ़े आठ बजे हुए इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार ऋतिक यादव (22) और साइकिल सवार धर्मेन्द्र कुमार यादव (25) घायल हो गये। ग्रामीणों ने दोनों घायल युवकों को देवरिया मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया, जहां धर्मेन्द्र की शनिवार की सुबह मौत हो गई। धर्मेन्द्र दुबई में नौकरी कर रहा था और वह हाल में विदेश से घर आया था।तरकुलवा थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि धर्मेन्द्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है।उन्होंने कहा कि यादव का इलाज देवरिया के मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है।

## अभद्र व्यवहार का वीडियो वायरल होने पर दरोगा लाइन हाजिर, जांच के आदेश

एटा। जिले के अलीगंज कस्बे में तैनात उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार द्वारा एक व्यक्ति के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पांडेय ने बताया कि पूरे मामले की जांच क्षेत्राधिकारी को सौंपी गई है।सार्वजनिक स्थानों पर आम नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।एएसपी ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह वीडियो पड़ाव क्षेत्र का है, जिसमें दरोगा एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज और हाथापाई करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में पीड़ित बार-बार सर जी कहकर मामला शांत करने की कोशिश करता नजर आ रहा है, लेकिन दरोगा लगातार उत्तेजित दिखाई दे रहा है। वीडियो में दरोगा को यह भी कहते सुना जा सकता है कि वह किसी की गुलामी नहीं करेंगे ।अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रथम दृष्टया उप निरीक्षक के अनुचित व्यवहार का संज्ञान लिया और उन्हें लाइन हाजिर कर दिया।

## सुरक्षा गार्ड की गोली मारकर हत्या

कानपुर। कानपुर के एक निर्माण स्थल पर लकड़ी को लेकर हुए मामूली विवाद के बाद शनिवार तड़के एक सुरक्षा गार्ड की उसके सहकर्मी ने गोली मारकर हत्या कर दी।यह घटना बिल्हौर के गदनपुर आहार गांव में निर्माणाधीन महर्षि महेश योगी कृषि विश्वविद्यालय में घटी। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) दिनेश त्रिपाठी ने पत्रकारों को बताया कि औरंगपुर सांभी गांव निवासी सुरक्षा गार्ड निर्मल सिंह चंदेल उर्फ नीरज (45) अन्य गार्डों के साथ रात्रि ड्यूटी पर था, तभी यह विवाद शुरू हुआ।

डीसीपी ने बताया कि विवाद तब शुरू हुआ जब एक अन्य गार्ड, अनिरुद्ध द्विवेदी ने कथित तौर पर चंदेल द्वारा रखी गई लकड़ी को जला दिया। इसके बाद दोनों के बीच गाली-गलौज हुई, जो जल्द ही हाथापाई में बदल गई। गुस्से में आकर आरोपी ने कथित तौर पर अपनी लाइसेंसी दो-बैरल बंदूक निकाली और चंदेल पर गोली चला दी, जो उसकी छाती के बाईं ओर लगी। चंदेल मौके पर ही गिर पड़े और जब अन्य गार्डों ने द्विवेदी को पकड़ने की कोशिश की, तो उसने कथित तौर पर उन्हें बंदूक दिखाकर धमकाया और पास के जंगल की ओर भाग गया। घायल गार्ड को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (बिल्हौर) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना से चंदेल का परिवार सदमे में है।उनकी पत्नी कैंसर से पीड़ित हैं और पिछले छह महीनों से बिस्तर पर हैं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि आगे की जांच जारी है।

## लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल फोन बरामद



सिंगरौली/सोनभद्र ।जयंत चैकी पुलिस ने लूट की एक घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है ।पुलिस के अनुसार, फरियादी यश कुमार अग्रहरी ने 25 दिसंबर को थाना विन्ध्यनगर में शिकायत दर्ज कराई थी कि तीन अज्ञात लोगों ने उसे रोककर डरा-धमकाकर मारपीट की और उसका मोबाइल फोन लूट लिया। मामले की जांच के दौरान पुलिस को एक आरोपी के बारे में जानकारी मिली, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को जयंत क्षेत्र से पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमन कुमार वर्मा, विक्रम उर्फ लम्बू वर्मा और शिवम वर्मा शामिल हैं। पूछताछ में तीनों ने अपराध स्वीकार किया।इसके बाद पुलिस ने लूटा गया मोबाइल फोन उनके कब्जे से जब्त कर लिया ।पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।मामले में आगे की कार्रवाई जारी है ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी विन्ध्यनगर निरीक्षक अर्चना द्विवेदी, चैकी प्रभारी जयंत उप निरीक्षक सुधाकर सिंह परिहार, सहायक उप निरीक्षक दीपनारायण, प्रधान आरक्षक पंकज सिंह, आरक्षक सुनील मिश्रा, भूपेन्द्र सिंह, सुबोध तोमर, धीरेन्द्र अहिरवार, महेश पटेल, प्रकाश सिंह, सुरेन्द्र यादव तथा सैनिक रमेश द्विवेदी एवं कृष्ण कुमार गोस्वामी की सराहनीय भूमिका रही।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




**सोनभद्र।** एक्शनएड कर्नाटक प्रोग्राम के अंतर्गत संगठित मजदूर-सशक्त मजदूर मजदूर पाठशाला के तहत शनिवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन रॉबर्ट्सगंज मे किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए मजदूरों, महिलाओं, किशोरियों एवं किशोरों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत एक्शनएड की ओर से निशा कुरैशी द्वारा सभी प्रतिभागियों के स्वागत के साथ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि मजदूर पाठशाला का मुख्य उद्देश्य मजदूरों को उनके अधिकारों, श्रम कानूनों, सरकारी योजनाओं एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी जानकारियों से अवगत कराना है, ताकि वे संगठित होकर अपने हक और अधिकार प्राप्त कर सकें। निशा कुरैशी द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कमलेश कुमार ने वन अधिकार कानून (फॉरेस्ट राइट एक्ट) के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए भूमिहीन मजदूरों और वन क्षेत्र में रहने वाले समुदायों के अधिकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जास्मित युवा वॉलिंटियर द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान पर आधारित विचारों को साझा किया गया। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब ने किस प्रकार संविधान के माध्यम से अनुसूचित जाति, वंचित और शोषित वर्गों को समानता, न्याय और सम्मान का अधिकार दिलाया। साथ ही महिलाओं के अधिकारों, समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय से जुड़े संवैधानिक प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। महिला सशक्तिकरण को लेकर बाबा साहेब के योगदान को रेखांकित करते हुए बताया गया कि संविधान महिलाओं को बराबरी का अधिकार और सुरक्षित जीवन का आधार प्रदान करता है। महिला विभाग से आईं नीतू सिंह एवं सीमा द्विवेदी ने महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए संचालित सरकारी योजनाओं, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों और विभागीय सुविधाओं की जानकारी दी। वहीं कमर्शियल कंप्यूटर सेंटर से आए सलीम अहमद ने किशोरियों एवं किशोरों के लिए उपलब्ध विभिन्न कौशल विकास योजनाओं के बारे में बताया, जिनमें कंप्यूटर कोर्स, ब्यूटीशियन कोर्स एवं सिलाई प्रशिक्षण जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शामिल हैं ।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक चर्चा में भाग लिया और अपने अनुभव, समस्याएं एवं सुझाव साझा किए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मजदूरों, महिलाओं एवं युवाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। अंत में आयोजकों द्वारा सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया और भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गई। उपस्थित रहे सीता देवी, कौशल्या, कलावती प्रभावती समेत तमाम गणमान्य उपस्थित रहे।

# शहीद उधम सिंह जयंती के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर संपन्न




सोनभद्र। उत्सव ट्रस्ट द्वारा विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी शुक्रवार को शहीद सरदार उधम सिंह जी की जयंती के शुभ अवसर पर पटेल स्मृति केन्द्र, सेक्टर-8, ओबरा, सोनभद्र के प्रांगण में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर रक्तदान शहीदों के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कर्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उत्सव ट्रस्ट ओबरा इकाई के संरक्षक मनोज सूद के साथ मुख्य अतिथि सतीश सिंह कमांडेंट सीआईएसएफ ओबरा इकाई, विशिष्ट अतिथि पटेल स्मृति केन्द्र के अध्यक्ष उमाशंकर सिंह सहित उत्सव ट्रस्ट के जिला संरक्षक स्वामी अरविंद सिंह, एवं रक्तदान विभाग के जिला संरक्षक देवानंद मिश्र, रक्तदान विभाग के निदेशक डॉ अजय कुमार शर्मा, उत्सव ट्रस्ट रक्तदान विभाग के सह निदेशक डॉ कृष्ण कुमार पाण्डेय,कृष्ण कुमार केसरी, डॉ के०एन० निषाद, कुंदन सिंह, प्रभाकर सिंह, श्याम दुलारे साहनी, राम भजन गुप्ता, रघुपति चैधरी, अभिषेक गुप्ता, जवाहर लाल, राजू मोदनवाल, राकेश पाण्डेय, अनिकेत व उत्सव ट्रस्ट के ट्रस्टी आशीष पाठक एवं उपस्थित जन समुदाय द्वारा शहीद उधम सिंह जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण, पुष्प अर्पण व अतिथियों के स्वागत एवं राष्ट्रगान के पश्चात फीता काट कर मुख्य अतिथि कमांडेंट सतीश सिंह जी द्वारा सर्व प्रथम रक्तदान कर कर्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सीआईएसएफ ओबरा इकाई के कमांडेंट सतीश सिंह ने रक्तदान को महादान बताते हुए शहीदों की जयंती के अवसर पर ऐसे कार्यक्रम के आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं रक्तदान के महत्व को बताने के साथ ही इस आयोजन के लिए उत्सव ट्रस्ट परिवार को धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दी। शिविर में रक्तदान करने वालों में कुल 47 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया एवं 33 लोगों ने स्वैक्षिक रक्तदान किया ।रक्तदान शिविर में शुगर, हेमोग्लोबिन, वजन, बी०पी० आदि के जांच की सुविधा के साथ ही उपस्थित जन समुदाय के लिए चाय, काफी, फल, नास्ता आदि की भी व्यवस्था रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उत्सव ट्रस्ट रक्तदान विभाग ओबरा के संरक्षक मनोज सूद ने शहीद उधम सिंह जी के जीवन संघर्ष तथा देश व देशवासियों के प्रति उनके समर्पण व त्याग के विषय में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ अजय कुमार शर्मा ने किया।

संक्षेप

## पुलिस महकमे में भारी फेर बदल

**बहराइच** ।जिले की कानून व्यवस्था को बेहतर करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक की ओर से महकमे में बड़ा बदलाव करते हुए 48 उप निरीक्षक समेत 141 महिला व पुरुष आरक्षियों को नई तैनाती दी गई है ।

शनिवार को जारी हुई तबादला लिस्ट के अनुसार लाइन में तैनात विपिन सिंह को थाना दरगाह , वशिष्ठ कुशवाहा को थाना दरगाह , अखिलेश कुमार व श्री कृष्ण यादव को थाना रिसिया, राघवराम व अमरनाथ चौहान को थाना रानीपुर , उमेश चंद्र तिवारी व विश्वकर्मा यादव को थाना विशेश्वरगंज , राजकिशोर यादव , अमित प्रकाश व राजेंद्र यादव को थाना पयागपुर , नरसिंह यादव व त्रिपुरारी उपाध्याय को कोतवाली कैसरगंज व अनिल यादव व परमानंद को जरवल थाने में उप निरीक्षक के पद पर भेजा गया है ।इसके साथ ही 141 महिला व पुरुष आरक्षियों को भी अलग अलग थानों में तैनाती दी गई है ।

पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने बताया कि जिले की कानून व्यवस्था को बेहतर करने के साथ जनहित में ये तबादले किए गए है ।

# प्रतिष्ठा द्वादशी पाटोत्सव का शुभारंभ अयोध्या भक्तिभाव से सराबोर



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित प्रतिष्ठा द्वादशी (पाटोत्सव) के अंतर्गत यज्ञशाला अनुष्ठानों का शुभारंभ शुक्रवार को प्रातः विधिवत रूप से हुआ।

- अग्नि प्रज्वलन के साथ आचार्यों ने विधि-विधान से कराया पूजनः अर्चन

रामनगरी अयोध्या आध्यात्मिक उल्लास और भक्ति के वातावरण में सराबोर दिखाई दी।प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वास्तु पूजा के पश्चात गणहोम, तत्त्वकलश स्थापना, तत्त्वहोम, सुदर्शन होम सहित अन्य महत्वपूर्ण अनुष्ठान संपन्न कराए गए। यज्ञशाला में अग्नि प्रज्वलन के साथ आचार्यों ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कराया। सायंकाल देवदर्शन के लिए मन्दिर परिसर में उत्सव विग्रह की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई।

पालकी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ प्रभु श्रीराम के दर्शन किए। दीपों और पुष्पवर्षा से वातावरण भक्तिमय हो गया।पांच दिनों तक चलने वाला यह पावन अनुष्ठान विद्वान वैदिक आचार्यों द्वारा संपन्न कराया जा रहा है। संपूर्ण आयोजन का मार्गदर्शन श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी जगद्गुरु मध्वाचार्य जी द्वारा किया जा रहा है। प्रतिष्ठा द्वादशी पाटोत्सव के अवसर पर देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति देखी जा रही है।प्रशासन एवं मन्दिर ट्रस्ट द्वारा सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं।

## ब्लॉक प्रमुख ने राम जानकी मंदिर पर गरीबों को बांटा कंबल



**सोहावल-अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम किठावां स्थित राम जानकी मंदिर पर समारोह पूर्वक कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।गांव निवासी विनोद तिवारी द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक चंद्रभान पासवान के पिता बाबा राम लखन पासवान ने व संचालन अंकज सिंह ने किया सिंह ने किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में गरीब, निराश्रित व परिवारों से जुड़े वृद्ध विधवा,पुरुष - महिलाओं को भी समारोह पूर्वक कंबल वितरण किया गया।इस दौरान ब्लॉक प्रमुख पवन सिंह ने कहा कि ठंड में कंबल वितरण एक नेक कार्य है।ऐसे पुनीत कार्यों में बढ़-चढ़ लोगों को आगे आना चाहिए।इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।अवसर पर सोनहर छेदी निवासी ओमप्रकाश तिवारी,ब्रह्म प्रकाश शुक्ला,भवानी प्रसाद कन्नौजिया,अमित मिश्रा,सत्यदेव दुबे,प्रवक्ता राकेश दुबे,मनीष प्रताप सिंह,शरद सिंह,राजेश तिवारी,कक्कू यादव,महमूद अहमद आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सांसद उपेंद्र रावत ने किया जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ



**बाराबंकी।** जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रांगण मे मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया।प्रतियोगिता मे विजयी खिलाड़ियो को मुख्य अतिथि पूर्व सांसद श्री रावत ने पुरस्कार व प्रमाण पत्र एंव उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच युवा मंडलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री कीट देकर सम्मानित किया।पूर्व सांसद ने कहा विवेकानंद ने कम उम्र में ही जो ज्ञान, तप का मानक बनाया उसके समक्ष न भारत बल्कि पूरा विश्व नतमस्तक होता है।उन्होंने युवाओं से विवेकानंद के बताए रास्तों पर चल कर भारत के नवनिर्माण में सहयोग प्रदान करने की अपील की।इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सुनील मौर्य, जिला क्रीड़ा अधिकारी, जिला युवा अधिकारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।कार्यक्रम में प्रदीप सारंग, सुरजीत सिंह, शिवा गौतम, विवेक यादव, सत्येंद्र कुमार, रामरूप वर्मा, अभय वर्मा आदि मौजूद रहे।

## लंगर का शुभारम्भ



**बाराबंकी।** हिन्दलवली ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलैह के 814वा उर्स पर ख्वाजा-ए-लंगर का आयोजन ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के जिला मीडिया प्रभारी शाहरुख राईन ने नवीन सब्जी एवं फल मंडी परिसर में किया।लंगर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने श्रद्धालुओ मे लंगर वितरण कर किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री राईन ने कहा किये बुजरगाने दीन हैं इनके बताए रास्ते पर चलकर हम सब कामयाब हो सकते हैं।इस मौके पर बाबू राईन, मुख्तार राईन, मंडी अध्यक्ष इकराम राईन, अशफाक राईन, रिजवान राईन, जावेद राईन, वसी राईन, हफीज राईन, मोमिन राईन, शफीक राईन, मो कदीर, मो0 सुहैल, इब्राहिम राईन, सलमान राईन, शाकिर अली, जुनैद राईन आदि मौजूद रहे।

## खाद लेने गये किसान की सर्दी से मौत

**अयोध्या** ।साधन सहकारी समिति भदरसा जनपद अयोध्या में खाद लेने गए भदोखर वि0ख0 मसौधा निवासी जुबेर अहमद उर्फ भदई आयु लगभग 52 वर्ष पुत्र ज्वार अहमद की ठंड लगने से मृत्यु हो गई।भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने मृतक के आश्रितों को कम से कम 10 लख रुपए आर्थिक सहायता की मांग किया है।मृतक जुबेर अहमद उर्फ भदई पुत्र ज्वार अहमद निवासी ग्राम भदोखर तहसील सदर जनपद अयोध्या भदरसा साधन सहकारी समिति पर आज दोपहर यूरिया खाद लेने गया था।पांच बोरी यूरिया खाद खरीद चुका था।

दो बोरी खाद साइकिल पर लाद रहा था ।उसी समय सीने में दर्द होने के कारण लड़खड़ा कर गिर पड़ा और मौत हो गई। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि मृतक यूरिया खाद के लिए भटक रहा था। ढूंढते ढूंढते साधन सहकारी समिति भदरसा पहुंचा पांच बोरी खाद खरीदा था। जिसमें से दो बोरी खाद साइकिल पर लादकर घर लाना चाह रहा था और तीन बोरी खाद पड़ोस के गांव में स्थित अपने बहन के यहां रखना चाह रहा था कि सीने में भयंकर दर्द हुई और लड खडा कर जमीन पर गिर पड़ा जब तक की चिकित्सा सुविधा मुहैया होती कब तक मृत्यु हो गई।घनश्याम वर्मा ने शासन प्रशासन से मांग किया है कि मृतक के आश्रमों को कम से कम 10 लख रुपए की आर्थिक सहायता की जाए।

## फंदे से लटका मिला किशोर का शव

मिल्कीपुर-अयोध्या।कुमारगंज थाना क्षेत्र के उमरहर गांव में 14 वर्षीय एक किशोर ने अपने घर के अंदर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली।घटना की सूचना मिलने के बाद कुमारगंज पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# हिन्दू महासभा ने हनुमानगढ़ी में समर्पित की छतरी



**अयोध्या।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के सैकड़ों कार्यकताओं ने आज अयोध्या धाम स्थित बिड़ला धर्मशाला से हनुमानगढ़ी तक तेरहवीं श्री हनुमान छतरी यात्रा निकाली।छतरी यात्रा का नेतृत्व हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी , तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष एम रमेश बाबू और अखंड आर्यावर्त आर्य त्रिदण्डी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषी त्रिवेदी कर रहे थे।कार्यकर्ता एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम, सौगंध राम की खाई थी मंदिर वहीं बनाया है सौगंध राम की खाते हैं हम हिन्दू राष्ट्र बनायेंगे और जय हिन्दू राष्ट्र के गगनभेदी नारे लगाते हुए हनुमानगढ़ी पहुंचे।

वहां पर हनुमानगढ़ी के गद्दीनशी महंत प्रेमदास महाराज को छतरी समर्पित कर देश की एकता और अखंडता की रक्षा का संकल्प लिया। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने हनुमानगढ़ी में कार्यकताओं को हिन्दू राष्ट्र निर्माण और रामराज्य स्थापना का संकल्प लिया।

हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय मंत्री राकेश दत्त मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि हनुमान छतरी यात्रा आरम्भ होने से पूर्व बिड़ला धर्मशाला में एक जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि हिन्दू महासभा ने जिस तरह 70 वर्षों तक न्यायालय में बाद लड़ने के बाद सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का स्वप्न साकार किया, उसी प्रकार श्री कृष्ण जन्मभूमि मथुरा और काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी को विधर्मी प्रतीकों से मुक्त करवाते हुए न्यायिक आदेश से भव्य मंदिर निर्माण का स्वप्न पूरा करने में सफलता अर्जित करेगी। अखंड आर्यावर्त आर्य त्रिदण्डी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषी त्रिवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दू महासभा केवल श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ मंदिर ही नहीं वरन मुगल शासन काल में ध्वस्त किए गए लाखों मंदिरों और गुरुकुलों को जेहादियों से वापस लेगी और उन सभी पर सनातन धर्म की पताका फहराएगी।राष्ट्रीय मंत्री के अनुसार जनसभा को हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय मंत्री भगवान सिंह भाटी, राष्ट्रीय मंत्री संजय गिरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता, तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष एम रमेश बाबू, मध्य प्रदेश प्रवक्ता अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार पांडे, हिन्दू विद्यार्थी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक पांडेय और महामंडलेश्वर बाबा महादेव जी सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित करते हुए भारत को जेहदमुक्त बनाने और गुरुकुल शिक्षा परंपरा को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया।

## कामेडियन राजू श्रीवास्तव सम्मान से नवाजे गये समाजसेवी नवीन सेठ



**बाराबंकी।** विश्वविख्यात कामेडियन स्वर्गीय राजू श्रीवास्तव के जन्मशती के उपलक्ष्य में राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक कार्यो मे अहम भूमिका निभाने वाले जनपद के प्रसिद्ध समाजसेवी नवीन सेठ को शिखा राजू श्रीवास्तव, जस्टिस चन्द्र भूषण पांडे, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चैहान, वरिष्ठ आईएएस डा0 हरिओम, आशीष श्रीवास्तव, पीयूष श्रीवास्तव, गर्वित नारंग, अवधी लोक संस्थान के विनोद मिश्रा द्वारा स्वः राजू श्रीवास्तव सम्मान वर्ष 2025 देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम मे ख्याति प्राप्त कमेडियन अन्नू अवस्थी, राजीव निगम आदि मौजूद रहे।

# निवेश का हब बना जनपद बाराबंकी

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** अब जनपद उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास की नई कहानी लिख रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उद्योग, अनुकूल नीतियों, बेहतर कानून व्यवस्था और निवेशकों के प्रति विश्वास के कारण जनपद बाराबंकी तेजी से निवेश का हब बनता जा रहा है।हालिया आंकड़ों के अनुसार जनपद में 21,854 करोड़ रुपये के एमओयू (समझौता ज्ञापन) हस्ताक्षरित हो चुके हैं।जिनमें 314 निवेशकों ने अपनी मजबूत भागीदारी दर्ज कराई है।

- मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 21,854 करोड़ के एमओयू हस्ताक्षरित
- 314 निवेशकों ने दिखाया भरोसा, 7,261 करोड़ के प्रोजेक्ट पर शुरू निर्माण कार्य
- 180 इकाइयों की स्थापना से 17,571 लोगों को मिलेगा रोजगार
- हैदरगढ़ व रामसनेहीघाट में निवेश के लिए भूमि उपलब्धः जिलाधिकारी

इन निवेश प्रस्तावों में डेयरी, फूड प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, सीमेंट, डिस्टिलरी से लेकर आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग तक शामिल हैं।इनमें से 7,261 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। जबकि 110 औद्योगिक इकाइयां पहले ही उत्पादन में लग गई हैं।इन इकाइयों से 17,571 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए घर के पास ही रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं।जनपद में 518.92 एकड़ भूमि निवेश के लिए उपलब्ध कराई गई है, जिसमें रामसनेही घाट जैसे नए औद्योगिक क्षेत्रों का विकास प्रमुख है। योगी सरकार के निवेश सारथी और निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से परियोजनाओं की सतत मॉनिटरिंग हो रही है, जिससे निवेशकों को पारदर्शी और तेज प्रक्रिया मिल रही है। मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ के विजन से यह जिला आगे और तेज रफ्तार पकड़ेगा, जिससे लाखों परिवारों का जीवन बदलने वाला है।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-5) में बाराबंकी को 9 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें से 8 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव पोर्टल पर स्वीकृत हो चुके हैं।

निवेश मूल्य 7261 करोड़ बताया जा रहा है।इससे लगभग 17571 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।अब तक 110 इकाइयों द्वारा उत्पादन प्रारंभ किया जा चुका है।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से निवेशकों के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध कराई गई है।

इसके अंतर्गत तहसील रामसनेहीघाट में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र, तहसील हैदरगढ़ में प्रस्तावित औद्योगिक कॉरिडोर तथा तहसील नवाबगंज स्थित सुतमिल परिसर सहित कुल 518.92 एकड़ भूमि उद्योग स्थापना एवं निवेश हेतु उपलब्ध है। निवेशकों को आवश्यक आधारभूत सुविधाएं, विभागीय समन्वय एवं त्वरित स्वीकृतियां प्रदान किए जाने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है, जिससे निवेशकों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध हो सके।

प्रस्तावित औद्योगिक इकाइयों की स्थापना से न केवल जनपद में औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी, बल्कि स्थानीय निवासियों को रोजगार के व्यापक एवं स्थायी अवसर भी प्राप्त होंगे, जिससे क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सकारात्मक सुधार सुनिश्चित होगा।

## अंतर्जनपदीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद बहराइच




बहराइच । मेरा युवा भारत बहराइच उत्तर प्रदेश युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में भानीरामका अतिथि गृह में 24 से 28 दिसम्बर 2025 तक आयोजित अंतर्जनपदीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने जनपद आगरा से आये 37 प्रतिभागियों को जनपद बहराइच व श्रावस्ती के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक स्थलों यथा चित्तौरा झील के तट पर निर्मित महाराजा सुहेलदेव जी के भव्य स्मारक, पयागपुर स्थित प्रदेश के प्रमुख वेट लैण्ड बघेल ताल, कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार तथा भगवान गौतम बुद्ध की तपोस्थली श्रावस्ती के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

सांसद डॉ. गोंड ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, युवा सशक्तिकरण तथा रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी का आहवान किया कि इन योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें।

कार्यक्रम का संचालन माय भारत केंद्र के विशेष कार्याधिकारी कार्याधिकारी लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक इंद्रसेन चैधरी ने बताया कि कार्यक्रम में जनपद आगरा के 35 युवकों-युवतियों व 02 ग्रुप लीडर द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। उन्होंने 05 दिवसीय पाठ्यक्रम के अनुसार आयोजित किए जाने वाले सभी गतिविधियों क्षेत्र भ्रमण, अलग-अलग संदर्भ व्यक्तियों द्वारा अलग-अलग विषयों पर दिए जाने वाले प्रशिक्षण इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

## एसपी ने परेड की ली सलामी और परेड का किया निरीक्षण



**बहराइच** ।पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया।परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/ कर्मचारीगण को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया ।परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई ।परेड के उपरान्त शस्त्रों का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन परिसर स्थित परिवहन शाखा समेत विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया ।तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश-कक्ष में सभी गार्ड रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्ड की सुरक्षा के सम्बन्ध में सभी गार्ड कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन , प्रतिसार निरीक्षक श्री भुवनेश्वर सिंह तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# स्टाम्प और निबंधन विभाग ने 685781 लेखपत्रों का किया डिजिटाइजेशन



**बहराइच** ।सहायक महानिरीक्षक निबन्धन बहराइच शीलभद्र चन्द्रा ने बताया कि भारत सरकार के ईज ऑफ लिविंग प्रोग्राम तथा डिजिटल इण्डिया इनिशिएटिव प्रोग्राम के अन्तर्गत वर्ष 2002 से 2017 तक पंजीकृत समस्त लेखपत्रों की स्कैनिंग एण्ड डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो गया है। इसके अन्तर्गत कार्यालय उप निबन्धक महसी, कैसरगंज, नानपारा व सदर बहराइच के कुल 685781 लेखपत्रों का डिजिटाइजेशन किया गया है ।श्री चन्द्रा ने बताया कि डिजिटाइजेशन के द्वितीय चरण में वर्ष 1990 से 2001 तक के पंजीकृत लेखपत्रों की स्कैनिंग व डिजिटाइजेशन कार्य कराया जाना प्रक्रियाधीन। उप निबन्धक कार्यालयों में उपस्थित पक्षकारों के पैन का ऑनलाइन सत्यापन के बाद विलेखों के पंजीकरण की प्रक्रिया आरम्भ है।इस व्यवस्था से जाली फर्जी पंजीकरण में प्रभावी रोक लगी है।सम्पत्तिओं के क्रय विक्रय में जिओ टैग फोटोग्राफ की अनिवार्यता से विक्रीत सम्पत्ति की वास्तविक पहचान सम्भव ।सहायक महानिरीक्षक निबन्धन श्री चन्द्रा ने बताया कि जनपद में रू. 20,000 (रू. बीस हजार) से अधिक फीस का भुगतान केवल ऑनलाईन स्वीकार किया जा रहा है।आमजनमानस को घर बैठे ऑनलाइन लेखपत्रों की नकले प्राप्त करने की सुविधा के तहत अब तक वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 3119 नकले ऑनलाइन जारी की गई। इसी प्रकार आमजन को सम्पत्ति पर ऋण भार ज्ञात करने की ऑनलाइन सुविधा के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 1093 भार मुक्त प्रमाण पत्र भी जारी किए गये ।राज्य सरकार द्वारा रक्त सम्बन्धों में सम्पत्ति को दान करने में मात्र रू. 5000 का स्टाम्प शुल्क सुविधा अन्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 3693 दान पत्र पंजीकृत किये गये हैं।

इसी प्रकार मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं रू. 01 करोड मूल्य तक की सम्पत्ति क्रय करने पर 01 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क की छूट भी प्रदान की जा रही है।इसके अलावा रक्त सम्बन्धों में पारिवारिक सम्पत्तियों के बटवारा/विभाजन विलेखों पर केवल रू. 5000 का स्टाम्प शुल्क व रू. 5000 का रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया जा रहा है।

सहायक महानिरीक्षक निबन्धन श्री चन्द्रा ने बताया कि भौतिक स्टाम्प पत्रों के स्थान पर केवल एक पृष्ठ का एक ई स्टाम्प पत्र, अप्रयुक्त स्टाम्प पत्रों की ऑनलाइन वापसी, रू. 100 मूल्य तक के ई स्टाम्प के स्वमुद्रण की सुविधा प्रारम्भ होने से आमजनमानस काफी सुविधा हो रही है।

# निःशुल्क नेत्र आपरेशन शिविर की तैयारियां पूर्ण



**बाराबंकी।** सर्वधर्म समभाव का प्रतीक श्रीराम वन कुटीर हढ़ियाकोल आश्रम में 46वाँ निःशुल्क नेत्र (मोतियाबिन्द) आपरेशन शिविर का शुभारम्भ 28 दिसम्बर को प्रात 8 बजे श्रीराम वन कुटीर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष भगवानदास महाराज संरक्षक रोगहरण श्री हनुमान महाराज की विधिवत पूजा-पाठ कर करेंगे।आश्रम सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने जानकारी देते हुये बताया कि एशिया के महान नेत्र सर्जन डॉ0 जैकब प्रभाकर जालंधर पंजाब की टीम द्वारा सैकड़ों मरीजों की सभी प्रकार की जाँचे कर आपरेशन के लिए भर्ती कर लिया गया है।सभी आपरेशन स्वामी रामदास जी महाराज स्मृति चिकित्सालय (धर्मार्थ) के अत्याधुनिक आपरेशन थियेटर में किये जायेंगे।महीनों से आपरेशन शिविर की तैयारी में लगे अंकित गुप्ता गोरखपुर की टीम सदस्यों द्वारा सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गयी हैं।मरीजों के परिवारो के लिए आश्रम की रियायती दर पर चलने वाली कैण्टीन की शुरूआत निखिल खुराना दिल्ली की देख-रेख में शुरू हो गयी है। आश्रम सेवादार श्री मेहरोत्रा ने आगे बताया कि प्रतिवर्ष की भाँति शिविर के पूर्व भीषण ठण्ड को देखते हुए रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम लखनऊ के सचिव स्वामी मुक्ति नाथानन्द महाराज के निर्देश पर स्वामी विश्वदेवानन्द एवं स्वामी रामाधीशानन्द महाराज ने सैकड़ो कम्बल का वितरण किया गया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर नगर पंचायत बंकी द्वारा सफाईकर्मियों व अलाव की व्यवस्था कर दी गयी है।पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर जहाँगीराबाद प्रभारी निरीक्षक दुर्गा शुक्ला ने सुरक्षा व्यवस्था को दुरस्त रखने हेतु जायजा लिया गया हे।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अवधेश यादव के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी नेत्र डा0 डी0के0 श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी टी0एन0 वर्मा ने पहुँचकर आपरेशन थियेटर व वार्ड का निरीक्षण कर अपनी संतुष्टि जाहिर की।प्रदेश के विभिन्न जिलों के आये हुए मरीजों की ओ0पी0डी0 कर औपचारिक शुरूआत हो गयी है।

- एशिया के नेत्र सर्जन डॉ. जैकब प्रभाकर की टीम ने जांच कर आपरेशन के लिए मरीजो को किया भर्ती
- आज रोगहरण श्री हनुमान महाराज की विधिवत पूजा से शुरू होगा शिविर

## मसौलीधाम से लखनऊ चलो पदयात्रा के लिए धर्मजागरण कार्यकर्ता रवाना



**रामनगर,बाराबंकी।** तहसील रामनगर क्षेत्र से लखनऊ चलो पदयात्रा का द्वितीय दिवस पर अधिवक्ता अमित अवस्थी ने नेतृत्व मे सरयू (घाघरा) नदी से श्रद्धालुओं व धर्म सेवकों ने सरयू नदी का पवित्र जल भरकर लखनऊ के लिए प्रस्थान किया।

जंहा यात्रा लखनऊ पहुंचकर प्रधानमंत्री को सम्बोधित 5 सूत्रीय मांगो वाला ज्ञापन कड़ा जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने, जातिवाद की समाप्ति के लिये नाम के आगे माता-पिता का नाम किये जाने, पहले एक सदस्य वाले परिवार फिर दो, तीन, चार, पांच वालो का आयुष्मान कार्ड बनने, गोण्डा पैसेन्जर सहित लोकल टेज्नो का पुनः संचालन एंव वंदे भारत जैसी टेज्नो का जनपद मे ठहराव किये जाने की मांग को लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को सौपा जायेगा।तथा सप्त नदियों का जल रक्षामंत्री को भेंट करेगे। यात्रा मे पूर्व विधायक रामनगर शरद अवस्थी, एससी-एसटी आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत, समन्वयक सुरेश चंद्र गौतम, राजेश वर्मा, देवीशरण गुप्त, पवन कुमार मिश्र, अजय सिंह सिसौदिया, योगेन्द्र सिह, शिवशंकर वर्मा, विधा प्रसाद वर्मा, अजय त्रिवेदी, राकेश तिवारी, नरेन्द्र त्रिपाठी, सुनील दुवे आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## बाइक टैक्सी पर बेखौफ हो रही ट्रिपल राइडिंग

**मथुरा।** चारों तरफ वाहनों के दबाव से कराहती वृंदावन तीर्थनगरी की सड़कों पर अब हजारों बाइक टैक्सियों का बोझ भी बढ़ गया है। अनधिकृत रूप से टैक्सी की तर्ज पर परिचालित हो रही इन बाइकों पर बेखौफ हो रही ट्रिपल राइडिंग सुरक्षा मानकों के लिए चुनौती होने के साथ ही यातायात नियमों का खुला उल्लंघन है। जिसकी ओर से बना पुलिस प्रशासन पूरी तरह मूकदर्शक बना हुआ है। वहीं तीर्थनगरी की तंग सड़कों और कुंज गलियों पर पहले से ही मौजूद हजारों ई रिक्शों और पैडल रिक्शों के साथ ही अब हजारों बाइकों का बोझ भी बढ़ गया है। इन बाइक चालकों द्वारा जहां सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर बेखौफ ट्रिपल राइडिंग की जा रही है वहीं दूसरी ओर कई मामलों में हेलमेट के प्रयोग से भी परहेज किया जाता है। इतना ही नहीं त्वरित सेवा के नाम पर मनमानी वसूली भी बाइक टैक्सी चालकों द्वारा की जा रही है। आसपास के गांवों से आने वाले इन युवकों के पास किसी सक्षम विभाग या एजेंसी की ओर से पंजीकरण भी नहीं है। जिससे इनकी सुविधा लेने वाले यात्रियों के साथ किसी प्रकार की अनहोनी घटित हो जाने की स्थिति में सुरक्षा में चूक की अतिरिक्त जिम्मेदारी पुलिस के साथ ही स्थानीय प्रशासन पर होगी। ये बाइक टैक्सी छटीकरा मार्ग पर प्रेम मंदिर, इस्कॉन, बांकेबिहारी मंदिर, निधिवन, राधारमण मंदिर और गोपेश्वर महादेव मंदिर तक अपना जाल फैलाए हैं।

## हिन्दू सम्मेलन की हो रहीं तैयारियां

**मथुरा।** शहर में सज्जन शक्ति के द्वारा समाज के भीतर से ही हिंदू सम्मेलन कर सकने की कल्पना अब साकार रूप लेने लगी है। जगह जगह बस्तियों में कॉलोनियों में हिन्दू आयोजन सम्मेलन समिति का गठन होने लगा है एवं सम्मेलन का योजना बनने लगी है। इसी क्रम में राधेश्याम कालोनी की एक बैठक पुष्प बिहार मार्केट में शुक्रवार हुई जिसमें सम्मेलन को आयोजन समिति गठित की गई। अध्यक्ष के तौर पर घनश्याम, सचिव रोहित और कोषाध्यक्ष के रूप में लालाराम सैनी की घोषणा की गई। 22 लोगों को समिति में हंसराज, गोविंद, धर्मवीर, सुनीता, नीरज श्रीवास्तव, लखन हलवाई आदि की घोषणा हुई। समिति ने 22 जनवरी को प्रकाश वाटिका में हिन्दू सम्मेलन की तिथि तय की है अगली बैठक कार्यक्रम स्थल प्रकाश वाटिका, राधाश्याम कॉलोनी में ही रखी गई है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया तुलसी दिवस

**मथुरा।** ब्रज कला केंद्र के प्रांगण में तुलसी दिवस का आयोजन किया गया। जिसके संस्था के महामंत्री राजेंद्र बंसल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ किया गया। ब्रज संगीत विद्यापीठ की प्रबंधक शालिनी शर्मा ने बताया की छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें तुलसी गीत के साथ नृत्य प्रस्तुत करके समा बांध दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी को तुलसी के पौधे वितरण किए गए तथा तुलसी दिवस की मंगल बधाइयां दी। उमेश गोयल, राजू हाथी वाले, संजय शर्मा डॉ राजेंद्र कृष्ण अग्रवाल, रश्मि शर्मा, भावना शर्मा, सुनीता अग्रवाल, कृष्ण बीना गर्ग, रुचि द्विवेदी, शिल्पी अग्रवाल, देवेश द्विवेदी, गुंजन शर्मा, प्रेरणा शर्मा, प्रिया कोमल आदि सम्मिलित हुए कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शालिनी शर्मा द्वारा किया गया।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का मथुरा आगमन पर भव्य स्वागत



**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चैधरी के प्रथम मथुराद्दवृन्दावन आगमन पर शनिवार एन.के. ग्रुप वृन्दापुरम, जीएलए यूनिवर्सिटी के समीप, नेशनल हाईवे पर भारतीय जनता पार्टी मथुरा महानगर इकाई द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मथुरा महानगर जिलाध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने किया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इसके बाद वृंदावन पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चैधरी ने श्रीबांके बिहारी के दर्शन किए।

स्वागत कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव के साथ प्रदेश अध्यक्ष पंकज चैधरी, ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, विधान परिषद सदस्य एवं मथुरा प्रभारी अशोक कटारिया, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, सांसद सतीश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चैधरी, पूर्व ऊजार्मंत्री एवं विधायक श्रीकांत शर्मा, ठा. मेघश्याम, विधान परिषद सदस्य ठा. ओमप्रकाश सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे, पूर्व विधायक कारिंदा सिंह एवं पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चैधरी ने कार्यकताओं से कहा कि मथुरा-वृन्दावन की पुण्य भूमि से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की मेहनत, समर्पण और अनुशासन के बल पर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं, वहीं उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और विकास को नई गति मिली है। भाजपा मथुरा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का मार्गदर्शन कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है इससे संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त हुई है। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कहा श्रीकृष्ण की नगरी में आने पर आपका स्वागत है, आपके नेतृत्व से पार्टी कार्यकताओं में जोश देखने को मिला है, यह भाजपाईयों के लिए किसी ऊर्जा से कम नहीं है। महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम मथुरा-वृन्दावन आगमन से कार्यकताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। स्वागत सम्मान कार्यक्रम का संचालन रामकिशन पाठक ने किया।

# सिरसागंज नगर पालिका ने बांटे 150 कंबल

**फिरोजाबाद।** शीतलहर और गिरते पारे के बीच नगर पालिका परिषद सिरसागंज ने मानवीय पहल करते हुए अपने जरूरतमंद कर्मचारियों और गरीबों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए हैं। शनिवार को नगर पालिका परिसर में आयोजित एक विशेष वितरण कार्यक्रम के दौरान लगभग 150 लोगों को निशुल्क कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद एसडीएम सिरसागंज धर्मवीर भारती ने अपने हाथों से लोगों को कंबल ओढ़ाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम धर्मवीर भारती ने कहा, ₹नर सेवा ही नारायण सेवा है। इस सर्दी में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को राहत पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। नगर पालिका का यह प्रयास सराहनीय है कि वे अपने उन कर्मचारियों का ख्याल रख रहे हैं जो दिन-रात शहर की व्यवस्था में जुटे रहते हैं। इस दौरान पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया कि वितरण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी कर्मचारी या असहाय व्यक्ति संसाधनों के अभाव में ठंड की मार न झेले। कार्यक्रम में नगर पालिका के विभिन्न वार्डों के सभासद गण और अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार, चेयरमैन प्रतिनिधि डॉक्टर गुरुदत्त सिंह, शुभम पोरवाल, जमालुद्दीन, अशोक गुप्ता, विनीत यादव सहित आदि लोग मौजूद रहे। कंबल पाकर कर्मचारियों के चेहरे पर संतोष और मुस्कान दिखी। पालिका के दो कर्मचारियों ने अपनी भावनाएं कुछ इस तरह व्यक्त कीं और कहा ₹साहब, इस बार ठंड बहुत ज्यादा है। सुबह-सुबह ड्यूटी पर निकलने में बहुत दिक्कत होती थी। पालिका ने हमें परिवार का हिस्सा मानकर यह जो कंबल दिया है, इससे अब रात की नींद सुकून भरी होगी। हमें खुशी है कि बड़े अधिकारी हमारी मुश्किलों को समझते हैं। वही एक महिला कर्मचारी ने कहा बाजार में अच्छे कंबल बहुत महंगे हैं, जिन्हें खरीदना हमारे लिए मुश्किल था। आज प्रशासन की तरफ से मिला यह मोटा कंबल हमें और हमारे बच्चों को ठंड से बचाएगा। यह सिर्फ मदद नहीं, बल्कि हमारे काम का सम्मान है। कार्यक्रम के अंत में पालिका के सभासदों ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनहित के कार्य जारी रहेंगे। कंबलों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया है ताकि वे लंबे समय तक काम आ सकें। इस नेक कार्य की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है।

**● ठिठुरती रातों में अब मिलेगा सुकून, 150 पालिका कर्मियों को ओढ़ाई राहत की गर्माहट, एसडीएम रहे मौजूद**

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को शोभाराम ने भेंट की गदा



**मथुरा।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष और सात बार के सांसद पंकज चैधरी का मथुरा की सीमा में प्रवेश होते ही उनका भाजपा के वरिष्ठ नेता शोभाराम सहित अन्य भाजपाई ने भव्य स्वागत किया। शनिवार को जीएलए यूनिवर्सिटी के पास एनकेपुरम में वरिष्ठ भाजपा नेता शोभाराम शर्मा ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को गदा भेंट की। कहा कि पंकज चैधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी का संगठन और मजबूत होगा। प्रदेश अध्यक्ष का मार्गदर्शन कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है इससे संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त हुई है। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने उत्साह और जोश के साथ उनका स्वागत किया।

## 85 वर्षीय वृद्ध को मारा थप्पड़, थाने में बैठाया

**आगरा।** थाना किरावली में किसान को उल्टा टांगकर पैर तोड़ने के मामले के बाद थाना एत्मादपुर से भी अभद्रता का मामला सामने आया है। 85 वर्षीय वृद्ध का आरोप है कि थाना प्रभारी निरीक्षक ने अभद्रता की। पीठ पर थप्पड़ मारा। थाने लाकर बंद कर दिया और 6 घंटे तक बैठाकर रखा। समाधान दिवस में शिकायत करने पर तीन दिन बाद प्राथमिकी दर्ज कर ली। उन्होंने शुक्रवार को डीसीपी पश्चिमी जोन अतुल शर्मा से इंस्पेक्टर की शिकायत की। गांव सुरहरा, एत्मादपुर निवासी किसान नरेंद्र पाल सिंह ने शुक्रवार को डीसीपी पश्चिमी जोन को शिकायती पत्र दिया। उन्होंने बताया कि बेटे वीरेंद्र सिंह ने दो शादी की हैं। उसकी पहली पत्नी तहसील मार्ग पर रहती है। मकान उनके नाम पर है। भूतल पर दुकान बनी है। यह भतीजे को दे रखी थी। उससे दुकान खाली कराकर दूसरे किरायेदार को दे रहे थे। 18 नवंबर को बेटे की पहली पत्नी ने पुलिस बुला ली। बेटे को थाने में बंद करा दिया। पुलिस ने उसे छह घंटे बाद छोड़ा। दुकान के बाहर शटर रखा हुआ था। 18 दिसंबर को वो शटर उठवाने गए थे। दुकान के पास ही परिचित के पास बैठे थे। तभी पुलिस आई। उन्हें जबरन थाने में ले गई। वह मकान और दुकान उनके नाम है, यह बात नहीं सुनी गई। इंस्पेक्टर ने थप्पड़ मार दिया। इसके बाद कार्यालय में बैठा दिया। पुलिसकर्मियों ने अभद्रता की। वह 20 दिसंबर को थाना समाधान दिवस में शिकायत करने गए। इस पर 23 दिसंबर को पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली। किरन सोलंकी ने आरोप लगाया कि ससुर, पूर्व पति उसे मकान से निकालना चाहते हैं। विरोध पर पिटाई करते हैं। उन्होंने इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित के बेटे वीरेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस ने समाधान दिवस में शिकायत के बाद केस दर्ज क्यों किया। वह भी पहले कई बार शिकायत कर चुके थे, उनकी सुनवाई क्यों नहीं हुई। इंस्पेक्टर की शिकायत करने के बाद ही पुलिस हरकत में क्यों आ गई। थाने में वृद्ध व्यक्ति के साथ इस तरह का व्यवहार क्यों किया गया? छह घंटे तक बैठाने के बाद रिश्वत लेकर छोड़ा गया था। अब पिता के साथ अभद्रता की गई। थाना किरावली में हाल ही में एक किसान की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया था। हत्या का जुर्म कबूल नहीं करने पर पुलिसकर्मियों ने थर्ड डिग्री दी थी। उल्टा टांगकर पीटा था। इससे उनके दोनों पैर की हड्डी टूट गई थी। मामले में जांच के बाद चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। एसओ सहित तीन को निलंबित किया गया। एसीपी को हटा दिया गया था। इस मामले में अपर पुलिस आयुक्त जांच कर रहे हैं।

## कोल्ड स्टोर ऑपरेटर की सड़क हादसे में मौत

**आगरा।** शीतगृह में कार्यरत ऑपरेटर सड़क हादसे में घायल हो गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शीतगृह स्वामी पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। एत्मादपुर के बरहन रोड स्थित मयूर शीतगृह में कार्यरत ऑपरेटर की सड़क हादसे में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने शीतगृह स्वामी पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया। 25 वर्षीय रिंकू पुत्र उदयराम सिंह, निवासी गांव अगवार एत्मादपुर की बरहन रोड स्थित मयूर शीतगृह में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। परिजनों के अनुसार 19 तारीख को शीतगृह स्वामी के कहने पर रिंकू बाइक से किसी काम से निकला था। इसी दौरान गांव मितावली के पास गढ़ी महासिंह वाले बंबा के नजदीक उसका एक्सीडेंट हो गया। हादसे के बाद रिंकू काफी देर तक मौके पर ही झाड़ियों में पड़ा रहा। सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने परिजनों को अवगत कराया। आनन-फानन में परिजन उसे आगरा के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई। रिंकू की मौत की खबर मिलते ही परिजन शव को लेकर बरहन रोड स्थित मयूर शीतगृह पहुंच गए और हंगामा करने लगे। परिजनों का आरोप है कि शीतगृह स्वामी ने रिंकू का मोबाइल जमा कर लिया था और उसे बाइक से निजी काम के लिए भेज दिया, जिसके चलते यह हादसा हुआ। परिजनों ने शीतगृह स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 750 वोट काटे जाने से क्षुब्ध ग्रामीणों ने किया जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना शुरू

**मथुरा।** बलदेव विकासखंड की ग्राम पंचायत कंजौली घाट में मतदाता सूची से लगभग 750 वोट काटे जाने के आरोपों को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कार्रवाई वर्तमान ग्राम प्रधान और बीएलओ नरेंद्र सिंह की मिलीभगत से की गई। उनका दावा है कि ग्राम प्रधान ने आगामी पंचायत चुनावों को प्रभावित करने के उद्देश्य से अपने विरोधी और असहमत मतदाताओं के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से हटवाए। शिकायत करने पर उन्हें धमकियां भी मिलीं। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में दो दिन पहले जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश से शिकायत की गई थी। हालांकि, कोई ठोस कार्रवाई न होने से उनकी नाराजगी बढ़ गई, जिसके बाद शनिवार को अवकाश के दिन भी वे डीएम कार्यालय पहुंचे और धरना शुरू कर दिया। धरने पर बैठे ग्रामीणों की मुख्य मांग है कि बीएलओ नरेंद्र सिंह को तत्काल पद से हटाया जाए। वे पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक धरना जारी रहेगा। मौके पर पहुंचे एसडीएम ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। ग्रामीणों का कहना है कि उनके वोट काटकर संवैधानिक अधिकारों का हनन किया गया है। उन्होंने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई और चेतावनी दी कि यदि इस मामले का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## सिपाहियों की जमानत खारिज, सेक्सटॉर्शन गैंग में हैं शामिल, युवती के साथ मिली मोबाइल चैट

**आगरा।** लोगों को युवती के जरिए हनीट्रैप में फंसाकर उनसे ठगी करने के मामले में थाना ताजगंज क्षेत्र के ताज नगरी फेस 2 निवासी आरोपी पुलिस कर्मी मोहम्मद रियाजउद्दीन और बाह के चमरौआ निवासी गणेश ने अदालत में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। जिला जज संजय कुमार ने 17 दिसंबर को खारिज करने के आदेश दे दिए। थाना कमलानगर में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार प्रशांत पाठक ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि वह 6 सितंबर को हाथरस गए थे। उस दिन उनके फोन पर अनजान नंबर से मिसकॉल आई। उन्होंने कॉल किया तो लड़की बोली। उसने अपना नाम सौम्या बताया था। उसने मीठी-मीठी बात करके अपने जाल में फंसा लिया। अगले दिन वह आगरा आए तो लड़की का कॉल आया। वह उनसे मिलने कमलानगर आ गई और उनकी गाड़ी में बैठ गई। कहा कि आप बहुत अच्छे आदमी हो। कहीं घूमने चलते हैं, तुमने खाना भी नहीं खाया होगा। बहाने से एक होटल पर लेकर गई। वहां पहले खाना खिलाया। उसके बात कोलड्रिंक पिलाई। उसे पीने के बाद वह अर्ध बेहोशी की हालत में हो गए। होश आने पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी। इसके बाद वह आरोपियों के साथ मिलकर ब्लैकमेल कर 20 लाख रुपयों की मांग करने लगी। बाद में 4 लाख रुपयों में मान गए, वो भी नहीं दिए। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर थाना कमला नगर में प्राथमिक की दर्ज कराई।

# दूल्हे के ताऊ से लूट करने वाला लुटेरा मलिंगा मुठभेड़ में घायल

**मथुरा।** थाना सदर बाजार क्षेत्र में थाना पुलिस और स्वाट टीम की लुटेरों से मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर 11 दिसंबर को बल्लभगढ़ से आई एक बारात में चढ़त के दौरान दूल्हे के ताऊ से नोट और ज्वैलरी से भरा बैग लूट लिया था जबकि उसके साथी फार हैं। गौरतलब हो कि थाना सदर बाजार क्षेत्र के औरंगाबाद इलाके में हरियाणा के बल्लभगढ़ से परमवीर सिंह अपने बेटे कपिल की बारात लेकर मथुरा आए थे। बारात के स्वागत के बाद वह अपने रिश्तेदारों के साथ चढ़त के लिए चले गए। इस दौरान उन्होंने नोटों से भरा बैग और दुल्हन को चढ़ाने वाली ज्वेलरी से भरा बैग अपने बड़े भाई गोपाल सिंह को दे दिया था। कपिल की बारात इलाके के बड़े होटल के सामने से शुरू हुई। बारात कुछ दूर चली कि तभी ताऊ अपने एक साथी के साथ कुछ आगे जा कर खड़े हो गए। इसी दौरान साथी ने गाड़ी लाने की बात कही और वह सड़क के दूसरी तरफ खड़ी गाड़ी लेने चले गए। इसी दौरान अपाचे बाइक पर दो बदमाश आए और गोपाल सिंह के हाथ में मौजूद बैग को लेकर पलभर में रफूचक्कर हो गए थे। वारदात का खुलासा करने का प्रयास करने में जुटी स्वाट टीम को जानकारी मिली कि वारदात को अंजाम आगरा के शातिर बदमाश आकाश उर्फ मलिंगा ने अपने साथियों के साथ दिया था। इसके बाद पुलिस मलिंगा की तलाश में जुट गई। शुक्रवार की देर रात पुलिस सूचना मिली कि लूट को अंजाम देने वाले बदमाश मथुरा आए हुए हैं। सूचना मिलते ही थाना सदर बाजार पुलिस के साथ स्वाट टीम ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस को दो बदमाश क्लेंसी इंटर कॉलेज के पास सुनसान इलाके में खड़े दिखाई दिए। बदमाशों ने पुलिस को देखते ही फायर कर दिया। जिसके जवाब में पुलिस ने फयरिंग की। जिसमें एक गोली आकाश उर्फ मलिंगा के पैर में लग गई। जिसके बाद पुलिस ने मलिंगा को गिरफ्तार कर लिया और इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती करा दिया। पुलिस ने मलिंगा के पास से एक बाइक एक सोने की चैनए 2 अंगूठी एक मांग टीका के अलावा तमंचा कारतूस बरामद किए।

# रालोद राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का जन्मदिन मनाया



**टूंडला।** नगर के एटा रोड स्थित युवा राष्ट्रीय लोकदल जिला कार्यालय पर रालोद कार्यकर्ताओ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयन्त सिंह का 47 वां जन्मदिन बडी धूम धाम से मनाया और हार्दिक शुभकामनाएँ दी तथा मिष्ठान बितरण कर हर्ष व्यक्त किया इस अवसर पर वक्ताओ ने अपने अपने बिचार ब्यक्त किये जिलाध्यक्ष मास्टर देशराज सिंह ने कहा हमें गर्व है कि चौधरी जयन्त सिंह ने राजनीति को हमेशा किसान युवा और महिला सशक्तिकरण से जोड़े रखा है। किसानों के हक उनकी आय और सम्मान के लिए उन्होंने हमेशा आवाज उठाई है। युवा जिलाध्यक्ष चौधरी अमर सिंह पचहरे ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास और खेलों को आगे बढ़ाने की उनकी सोच ने नई पीढ़ी को भरोसा दिया है। खेलों में निवेश और प्रतिभाओं को मंच देने की प्रतिबद्धता उनकी दूरदर्शिता को दशार्ती है, महिलाओं की भागीदारी को उन्होंने केवल समर्थन नहीं, बल्कि नेतृत्व का अवसर बनाया है। समावेशी राजनीति और संवेदनशील निर्णय उनके नेतृत्व की पहचान हैं किसान प्रकोष्ठ के बृज क्षेत्र उपाध्यक्ष निरंजन सिंह पोनिया ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष का मार्गदर्शन राष्ट्रीय लोकदल को मजबूत करता है, और देश की राजनीति को सकारात्मक दिशा देता है उपाध्यक्ष डॉक्टर मुन्नेश कुमार ने कहा कि किसानों-युवाओं-मजदूरों एवं महिला सशक्तिकरण की बुलंद आवाज, जनता के हितैषी चौधरी जयन्त सिंह जी को समस्त राष्ट्रीय लोक दल परिवार जनपद फिरोजाबाद की तरफ से जन्मदिन की हार्दिक शुभ कामनाऐ इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष कुंवर सुधीर सिंह महा सचिव जितेंद्र सिंह पोनिया उपाध्यक्ष सचिन उपाध्याय सचिव पुष्पेनदर सिंह (भोला) उपाध्यक्ष नैपल सिंह ठैनुआ कोषाध्यक्ष शेरसिंह राना कुवर अदितय प्रतापसिंह हर्ष राजोरिया दर्जनो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मासूम बच्चे ने कार से कई वाहन रौंदे



**मथुरा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के कृष्णा नगर क्षेत्र में पिता की लापरवाही के कारण 5 साल के बच्चे ने कार स्टार्ट कर दी। बेकाबू कार गली में दौड़ती हुई दो स्कूटी और दो कारों से टकरा गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन बड़ा नुकसान होते-होते टल गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, पिता ने बच्चे को कार की चाबी देकर गाड़ी में बैठा दिया और खुद कहीं चला गया। इसी दौरान बच्चे ने अनजाने में कार स्टार्ट कर दी। कार अचानक बेकाबू होकर गली में आगे बढ़ने लगी और वहां खड़ी एक हुंडई एक्सटर, एक अर्टिगा कार और दो स्कूटरों को टक्कर मार दी। कुछ दूरी पर जाकर कार रुक गई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में देखा जा सकता है कि कार को चलते देख आसपास खेल रहे बच्चे उसे रोकने की कोशिश करते हैं, लेकिन खतरा भांपते ही डरकर वहां से भाग जाते हैं। अचानक हुई इस घटना से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। बताया जा रहा है कि कार कृष्णा नगर निवासी कपिल खंडेलवाल पुत्र मोहन खंडेलवाल की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी बच्चे को कई बार कार की चाबी दी जा चुकी थी। पड़ोसियों ने इस लापरवाही को लेकर परिजनों से शिकायत भी की थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यह घटना 24 दिसंबर की बताई जा रही है, हालांकि इसका सीसीटीवी वीडियो शुक्रवार शाम करीब 5 बजे सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। घटना के बाद लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों और प्रशासन की ओर से अभिभावकों से अपील की जा रही है कि वे छोटे बच्चों को कभी भी वाहन की चाबी न दें, क्योंकि एक छोटी सी लापरवाही गंभीर हादसे का कारण बन सकती है।

# वृंदावन में शांति भंग करने वालों पर सख्त एक्शन, 21 गिरफ्तार


**मथुरा।** वृंदावन क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से वृंदावन पुलिस ने लड़ाई-झगड़ा कर सार्वजनिक शांति भंग करने वाले 21 लोगों को हिरासत में लिया है। सभी आरोपियों को आज वज्र वाहन के माध्यम से मथुरा भेजा गया। पुलिस के अनुसार ये सभी लोग विभिन्न स्थानों पर आपसी विवाद, हंगामा और झगड़े में संलिप्त पाए गए थे, जिससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी को पकड़कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके अलावा एक महिला गायत्री पत्नी रवि, निवासी संत कॉलोनी वृंदावन, को हवालात से निकालकर थाना स्थित मिशन शक्ति केंद्र में बैठाया गया, जहां नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार पकड़े गये लोगों में गोविन्द पुत्र तार सिंह, रामपाल पुत्र गुलाब सिंह निवासीगण ग्राम कोटरा थाना सट्टी कानपुर देहात, विष्णु पुत्र जसवन्त सिंह निवासी काशीराम कालौनी वृन्दावन, हेमन्त पुत्र नरेश निवासी धनोता रोड पोरसा मुरेना, प्रभासदास पुत्र अनिल दास निवासी नादिया गोपीनाथपुर थाना प्लासी पश्चिम बंगाल, पंकज शर्मा पुत्र पप्पू शर्मा निवासी रामनगर थाना लाईनपार जिला फिरोजाबाद, सतीश पुत्र डम्बर सिंह निवासी सकरवा थाना गोरई जिला अलीगढ़, कृष्णा पुत्र घनश्याम निवासी श्यामा श्याम धाम के सामने वृन्दावन, विष्णु बावरा पुत्र पुरुषोत्तम शर्मा, मोहिनी शरण दास पुत्र रविन्द्र कुमार गौड़ शिष्य रसिक बाबा निवासी राधा रसिक बिहारी कृपा निकुन्ज 2 चामुण्डा कालोनी राजपुर बाँगर वृन्दावन, विनोद निषाद पुत्र कोमल सिंह निवासी जुगल घाट स्थाई पता बिहार घाट राज घाट जिला बुलन्दशहर, कन्हैया पुत्र नत्थी निवासी सूरज घाट वृन्दावन, रामगोपाल उर्फ छोटू निवासी सूरज घाट वृन्दावन, नन्द किशोर उर्फ लडुआ पुत्र रामस्वरूप निवासी जुगल घाट, महेश निषाद पुत्र श्यामसुन्दर निवासी श्रीजी बाटिका कालोनी कालीदेह वृन्दावन आदि को जेल भेजा है।

# एस एफ स्ट्रीट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे एवं तुलसी दिवस

**मथुरा।** स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंड्स सोसाइटी द्वारा संचालित ट्रांसपोर्ट नगर एवं श्यामकुंज स्थित एस एफ स्ट्रीट स्कूल में बच्चों के साथ क्रिसमस डे एवं तुलसी दिवस बड़े ही उत्साह, उल्लास और सांस्कृतिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांता क्लॉस के साथ जमकर मस्ती की, विभिन्न प्रकार के खेलों में भाग लिया और सभी बच्चों ने मिलकर ह्लजिंगल बेल, जिंगल बेलह्व गीत गाया। इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्यों द्वारा तुलसी जी का रोपण किया गया। वहाँ उपस्थित डायरेक्टर श्रीमती शिखा बंसल ने बच्चों को तुलसी दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि ह्लहर घर के आंगन में तुलसी का होना हमारे संस्कारों और संस्कृति का प्रतीक है। जिस घर में तुलसी निवास करती है, वह घर स्वर्ग समान होता है। संस्था के संस्थापक श्री पियूष बंसल ने सभी बच्चों को क्रिसमस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि क्रिसमस का दिन बच्चों के लिए बेहद खास होता है, क्योंकि इस दिन सांता क्लॉस बच्चों के लिए खुशियाँ, उपहार और चॉकलेट लेकर आते हैं। आज यहाँ आकर बच्चों की हँसी और किलकारियों के बीच मुझे अपना बचपन याद आ गया। वरिष्ठ सदस्य श्री भारत अग्रवाल ने बच्चों के साथ केक काटा गया तथा बच्चों को खाद्य सामग्री, टोपियाँ एवं अन्य उपहार वितरित किए गए, जिसे पाकर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्होंने बताया कि संस्था झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले एवं शिक्षा से वंचित 500 से अधिक बच्चों को प्रतिदिन निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही है और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को स्वच्छता, आपसी भाईचारे, पर्यावरण संरक्षण और अच्छे संस्कारों का संदेश भी दिया गया।

# चार साहिब जादों का शहादत दिवस मना



**टूंडला।** आप और हम राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अपराध मुक्ति संगठन के बैनर तले राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एस बेदी के नेतृत्व में चार साहिबजादों का शहादत दिवस बड़ी श्रद्धा के साथ रेलवे स्टेशन नाच घर टूंडला पर मनाया जिसमें गरीबों को कंबल बच्चों को गर्म वस्त्र वितरण किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष जय हिंद मंच चित्रलेखा डायरेक्टर गृह मंत्रालय धर्मपाल भारद्वाज फायर के राष्ट्रपति पदक सम्मानित पवन गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष आरपीआई आदि गणमान्य मौजूद रहे। सभी ने चार साहिब जादो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया, राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एस बेदी उनकी समस्त टीम ने आए अतिथियो का आभार प्रकट किया, मुख्य अतिथि सुरेश शर्मा ने साहिब जादो के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि आज जो हम सनातन धर्म की पूजा कर रहे हैं माथे पर तिलक है यह गुरु तेग बहादुर और उनके परिवार की शहादत है, सरकार भी शहादत को जन-जन तक पहुंचा रही हैं, उन्होंने बताया कि 22 दिसंबर 1704 को गुरु गोविंद साहिब के बड़े साहिबजादे अजीत सिंह और फिर जुझार सिंह शहीद हुए 27 दिसंबर 1704 में गुरुगोविंद सिंह के दो साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह को जिनकी उम्र मात्र 7 वर्ष और 9 वर्ष थी उन्हें इस्लाम धर्म कबूल न करने पर सरहिंद के नवाब ने दीवार में जिंदा चुनवा दिया था।

उन्होंने आगे कहा कि शहादत दिवस कार्यक्रम के पोस्टर पर नेताओं के फोटो तो लगे हैं, मगर उनको यहां शहीदों के कार्यक्रम में न आना बड़े शर्म की बात है, ऐसे नेताओं का बहिष्कार करना चाहिए जो शहीदों के कार्यक्रम में शामिल होने का वक्त उनके पास नहीं है। गृह मंत्रालय की डायरेक्टर चित्रलेखा ने कविता पढ़कर साहिब जादो को नमन किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएस बेदी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के परिवार की शहादत को संसार में भुलाया नहीं जा सकता, 21 दिसंबर से लेकर 27 दिसंबर तक उनका पूरा परिवार सनातन और मानवता की रक्षा में शहादत देकर शहीद हो गया, उन्होंने युवाओं से साहिबजादों के साहस व बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। बेदी ने उत्तर प्रदेश के जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को गुरु तेग बहादुर के नाम पर रखने की मांग योगी सरकार और भारत सरकार से की है साथ ही उन्होंने अपील की है कि देश का हर नागरिक गुरु साहिब के नाम का समर्थन करें, गुरु साहिब मानवता के तैसे थे और जुल्म के विरोधी थे जुल्म करने वाले का कोई धर्म नहीं होता ना मानवता, वहीं इस शहादत दिवस कार्यक्रम के दौरान गरीब असहाय लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल व गरम वस्त्र वितरण किए गये। जिसे पाकर लोगों के चेहरे खिले।

## संक्षेप

### लचीले कार्यस्थलों का दो तिहाई हिस्सा शीर्ष 10 सह कार्य संचालकों के पास

नयी दिल्ली। भारत के शीर्ष सात शहरों में लगभग 1,400 सह-कार्य केंद्र हैं, जिनमें 10 बड़े परिचालकों के पास कुल 8.2 करोड़ वर्ग फुट लचीले प्रबंधित कार्यस्थलों में से दो-तिहाई हिस्सेदारी है। रियल एस्टेट क्षेत्र की परामर्श कंपनी वेस्टीयन की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि वर्तमान में 475 से अधिक सह-कार्य केंद्र वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) के लिए आधार स्थल प्रदान कर रहे हैं। वेस्टीयन के मुख्य अधिकारी श्रीनिवास राव ने कहा, भारत में वैश्विक क्षमता केंद्र तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में लचीले कार्यस्थल चलाने वाले लोग कंपनियों के जरूरी साथी बने रहेंगे। ये कंपनियों को जल्दी काम शुरू करने, जरूरत के अनुसार बदलाव करने और अच्छी सुविधाएं देने में मदद करेंगे, ताकि वे आसानी से अपना काम बढ़ा सकें।

### 2026 में एफडीआई को गति मिलने की उम्मीद

नयी दिल्ली। मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादी ढांचे, बड़े निवेश प्रस्तावों, कारोबारी सुगमता में सुधार के लिए लगातार किए जा रहे प्रयासों और निवेश से जुड़े नए दौर के व्यापार समझौतों के कारण 2026 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में मजबूत वृद्धि दर्ज होने उम्मीद है। भारत को आकर्षक और निवेशकों के अनुकूल गंतव्य बनाए रखने के लिए सरकार एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) नीति की लगातार समीक्षा करती है और हितधारकों से व्यापक परामर्श के बाद समय-समय पर इसमें बदलाव करती रहती है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने इस वर्ष एफडीआई को बढ़ावा देने के तरीकों पर हितधारकों के साथ कई बैठकें की हैं।

### एफटीए से घरेलू बाजार को होगा नुकसान : महबूबा


श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ किसी भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का विरोध करते हुए कहा कि न्यूजीलैंड के साथ हुआ इसी तरह का समझौता कश्मीर के सेब उत्पादकों के लिए नुकसानदेह साबित हुआ था, क्योंकि इससे उन्हें अनुचित आयातों के खतरे का सामना करना पड़ा। महबूबा ने कहा कि अगर सेब के आयात शुल्क में कमी की जाती है और बाजार में विदेशी सेब भर दिए जाते हैं, तो इससे जम्मू-कश्मीर की बागवानी उद्योग की नींव कमजोर हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह केवल फल का मामला नहीं है, बल्कि लाखों परिवारों की आजीविका का भी मामला है। मुफ्ती ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से आग्रह किया कि इस मुद्दे को केंद्र सरकार के पास उठाया जाए ताकि घाटी के फल उत्पादकों की सुरक्षा की जा सके।

### दम घुटने से चार लोगों की मौत

सारण। बिहार के सारण जिले में ठंड से बचने के लिए एक बंद कमरे में आग जलाकर सोए एक ही परिवार के कम से कम चार सदस्यों की शनिवार को दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भगवान बाजार इलाके में तड़के हुई इस घटना में दो अन्य लोग बेहोश हो गए। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान अब तक नहीं हो पाई है लेकिन प्रारंभिक जांच में पता चला कि ये लोग उत्तर प्रदेश सरकार के एक अधिकारी के परिवार के सदस्य थे। सारण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कुमार आशीष ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद पत्रकारों को बताया, बंद कमरे में जलाई गई आग के कारण ऑक्सीजन की कमी से उनकी मौत हुई। तीन बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग बेहोश पाए गए। दोनों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जांच जारी है। उन्होंने बताया कि जांचकर्ताओं की सहायता के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों को भी लगाया गया है।

# आतंकियों को खदेड़ने का अभियान तेज

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ और डोडा जिलों में आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिए हैं, ताकि भीषण सर्दी का फायदा उठाकर छिपने की कोशिश कर रहे पाकिस्तानी आतंकवादियों का पता लगाया जा सके और उन्हें काबू किया जा सके। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि कश्मीर घाटी में 21 दिसंबर से 31 जनवरी के बीच 40 दिवसीय चिल्लई कलां (सर्दी का सबसे कठोर दौर) के दौरान आम तौर पर आतंकवादी गतिविधियों में अस्थाई ठहराव दर्ज किया जाता है, क्योंकि भारी बर्फबारी के कारण पहाड़ी इलाके कट जाते हैं और संचार मार्ग अवरुद्ध हो जाते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस बार सर्दी के मौसम में सेना और सुरक्षाबलों के अभियानगत दृष्टिकोण में एक निर्णायक बदलाव आया है। सूत्रों ने बताया कि सेना ने सक्रिय शीतकालीन रणनीति अपनाई है और बर्फ से ढके इलाकों में काफी भीतर तक अस्थायी शिविर एवं निगरानी चौकियां स्थापित की हैं, ताकि आतंकवादियों को ठंड का फायदा उठाकर इन निर्जन स्थानों पर छिपने का मौका न मिले। सूत्रों के मुताबिक, सेना के गश्ती दल शून्य से नीचे तापमान और सीमित दृश्यता में काम करते हुए अधिक उंचाई वाले पहाड़ी इलाकों, घाटियों और वन क्षेत्रों में नियमित रूप से गश्त लगा रहे हैं, ताकि आतंकवादियों को किसी भी प्रकार का आश्रय न मिल सके। विशेषज्ञों के अनुसार, सेना के रुख में यह बदलाव आतंकवाद विरोधी रणनीति में एक बड़े परिवर्तन का संकेत है, जो मौसम या भूभाग की परवाह किए बिना, सेना की अनुकूलन क्षमता और परिचालन गति को बनाए रखने के उसके संकल्प को रेखांकित करता है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि विभिन्न खुफिया एजेंसियों ने जम्मू क्षेत्र में वर्तमान में 30 से 35 पाकिस्तानी आतंकवादियों की मौजूदगी का अनुमान जताया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में जुटाई गई खुफिया जानकारी से पता चलता है कि सफल आतंकवाद विरोधी अभियानों के कारण ये पाकिस्तानी आतंकवादी, क्षेत्र के अधिक और मध्य उंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में और भी गहराई में चले गए हैं, जहां फिलहाल कोई मानव आबादी नहीं है।

## असम में स्वदेश व स्वजाति की रक्षा की लड़ाई : हिमंत

एजेंसी

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव राज्य के लोगों की पहचान, भूमि और संस्कृति के साथ-साथ स्वदेश (राष्ट्र) और स्वजाति (स्वयं का समुदाय) की रक्षा की लड़ाई होगी।

मुख्यमंत्री ने यहां पार्टी कार्यकारिणी की बैठक में कहा कि भाजपा उम्मीद की आखिरी रोशनी का प्रतिनिधित्व करती है, जो यह सुनिश्चित करेगी कि बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों की वजह से राज्य को अंधेरे की खाई में नहीं धकेला जाए। शर्मा ने कहा, आगामी चुनाव आशाओं और आकांक्षाओं के बारे में नहीं हैं। यह स्वदेश और स्वजाति की रक्षा के लिए खुद को समर्पित करने के बारे में है। मुझे यकीन है कि लोग जानते हैं कि भाजपा उनकी आखिरी उम्मीद है। वे हमें वोट देंगे और हम यह चुनाव जीतेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की कमजोरी और उसकी ध्रुवीकरण की राजनीति के कारण धीरे-धीरे एक और सभ्यता का निर्माण हुआ, जिसकी आबादी अब 1.5 करोड़ है। उन्होंने कहा वर्ष 2011 की जनगणना में, जब हम हिंदू और मुसलमानों के आंकड़ों पर गौर फरमाते हैं, तो हम पाते हैं कि मुस्लिम 34 प्रतिशत हैं, और अगर हम असमिया मूल के तीन प्रतिशत मुसलमानों को हटा दें, तो हम पाते हैं कि घुसपैठिये 31 प्रतिशत हैं। वर्ष 2021 में कोई जनगणना नहीं हुई और जब 2027 में होगी तो बांग्लादेशी मूल के मुसलमानों की आबादी लगभग 40 प्रतिशत होने का अनुमान है। शर्मा ने कहा कुछ लोग कह सकते हैं कि सभी सह-अस्तित्व के साथ रह सकते हैं, क्योंकि हमारा धर्म सभी का स्वागत करता है और इसमें सभी को शामिल करता है, लेकिन बांग्लादेश में हाल के घटनाक्रम ने हमें दिखाया है कि वे विशिष्टता में विश्वास करते हैं।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया अटल कैंटीनों का उद्घाटन

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को शालीमार बाग और पीतमपुरा क्षेत्रों में अटल कैंटीन का उद्घाटन किया और जरूरतमंदों की सेवा करने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

दिल्ली सरकार इन कैंटीनों में गरीबों को मात्र पांच रुपये की मामूली कीमत पर भोजन उपलब्ध कराती है। यह पहल विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा के प्रमुख चुनावी वादों में से एक थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई मानवीय संगठनों ने कैंटीन योजना में रुचि दिखाई है और सरकार उनके लिए भी एक विशेष पैकेज शुरू करने की योजना बना रही है, ताकि कोई भी भूखा न रहे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पीतमपुरा में कैंटीन के उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं उपस्थित होकर वहां मौजूद बुजुर्ग महिलाओं को भोजन परोसा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वहां के लोगों से बातचीत करने से उनका यह विश्वास और मजबूत हुआ कि यह पहल सही दिशा में आगे बढ़ रही है। गुप्ता ने अपने निर्वाचन क्षेत्र शालीमार बाग में गोदाम रोड पर स्थित एक अटल कैंटीन का उद्घाटन किया और वहां के भोजन का स्वाद भी चखा। मुख्यमंत्री ने उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र में अटल गार्डन की आधारशिला भी रखी। बयान में कहा गया है कि इस उद्यान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 12 फुट उंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस उद्यान में एम्फीथिएटर, ओपन जिम, फूड कोर्ट, छठ घाट और सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था जैसी सुविधाएं होंगी। इस कार्यक्रम में सांसद कमलजीत सहरावत, दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और स्थानीय विधायक पवन शर्मा, श्याम शर्मा और संदीप सहरावत उपस्थित थें।

## अंतिम चरण में अमेरिका-ब्रिटेन व्यापार वार्ता

एजेंसी



लंदन। ब्रिटेन की राजशाही के वरिष्ठ सदस्यों को अमेरिका के साथ बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ एक विशेष कूटनीतिक अभियान के तहत सक्रिय किया जा सकता है। एक रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

इसके अनुसार राजा चार्ल्स तृतीय अगले साल की पहली छमाही में वॉशिंगटन की यात्रा कर सकते हैं। ऐसा हुआ तो यह लगभग 20 वर्षों में किसी मौजूदा ब्रिटिश राजा की पहली अमेरिका यात्रा होगी। द टाइम्स अखबार ने सूत्रों के हवाले से यह बात कही। वेल्स के राजकुमार प्रिंस विलियम भी उत्तरी अमेरिका की यात्रा पर जा सकते हैं, जब जुलाई में अमेरिका कनाडा और मैक्सिको के साथ मिलकर फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी करेगा। दोनों यात्राओं की योजनाएं अभी प्रारंभिक चरण में हैं और अमेरिका की ओर से औपचारिक निमंत्रण आना बाकी है। अखबार के मुताबिक इस बात की कोशिश की जा रही है कि इन यात्राओं का समय अमेरिका की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के अवसर के साथ मेल खाए। इस बीच ब्रिटेन तथा अमेरिका के बीच औपचारिक व्यापार समझौते पर बातचीत भी जारी है। इस महीने अमेरिकी प्रशासन ने ऑनलाइन सुरक्षा नियमों, डिजिटल सेवा कर और खाद्य सुरक्षा प्रतिबंधों से जुड़ी नियामक अड़चनों के कारण ब्रिटिश प्रौद्योगिकी क्षेत्र में प्रस्तावित 31 अरब पाउंड के निवेश को अस्थायी रूप से रोक दिया था। इसकी घोषणा सितंबर में ट्रंप की भव्य राजकीय यात्रा के दौरान हुई थी। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार ब्रिटेन सरकार को उम्मीद है कि शाही यात्राओं से 2026 में ट्रंप के साथ पूर्ण ब्रिटेन-अमेरिका व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने में मदद मिलेगी।

## सुरक्षा मजबूत करने को बम निरोधक प्रणालियों का पहला मानक जारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने देश की सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने और बम निरोधक प्रणालियों के प्रदर्शन मानक स्पष्ट करने के लिए विशेष मानक जारी किया है। नया मानक आईएस 19445-2025 गृह मंत्रालय और टर्मिनल बैलिस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी के अनुरोध पर तैयार किया गया है। यह बम निरोधक प्रणालियों के लिए व्यापक दिशानिर्देश स्थापित करता है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि ये मानक खरीद एजेंसियों, विनिर्माताओं और परीक्षण निकायों द्वारा स्वैच्छिक रूप से अपनाने के लिए है। उन्होंने बयान में कहा इसके कार्यान्वयन से मूल्यांकन प्रथाओं में एकरूपता लाने, गुणवत्ता आधारित विनिर्माण को बढ़ावा देने और महत्वपूर्ण सुरक्षा अभियानों में तैनात बम निरोधक प्रणालियों में विश्वास बढ़ने की उम्मीद है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार, मानक में परीक्षण उपकरण, परीक्षण क्षेत्र की परिस्थितियां, और मूल्यांकन प्रक्रियाओं के लिए आवश्यकताएं निर्धारित की गई हैं, ताकि प्रणाली की प्रभावशीलता का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन किया जा सके। गृह मंत्रालय ने बताया कि भारतीय मानक की आवश्यकता इसलिए उत्पन्न हुई क्योंकि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय मानक या तो सीमित रूप से उपलब्ध हैं या भारतीय सेनाओं द्वारा सामना किए जाने वाले खतरे और संचालन की परिस्थितियों के अनुरूप नहीं हैं।

# रेलवे जल्द शुरू करेगा कवच परियोजना

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिसंबर 2025 की दूसरी समयसीमा चूकने के बाद रेलवे अब स्थिर प्रगति और आक्रामक दृष्टिकोण के साथ 2026 में कभी भी राष्ट्रीय राजधानी को मुंबई और हावड़ा से जोड़ने वाले मार्गों पर स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच को शुरू करने की योजना बना रहा है। अधिकरियों ने यह बात कही।

कवच स्वदेशी रूप से विकसित एक स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली है, जो तकनीकी रूप से अत्यंत उन्नत प्रणाली है। यह लोको पायलटों को निर्धारित गति सीमा के भीतर ट्रेन चलाने में मदद करती है, और यदि वे ऐसा करने में विफल रहते हैं तो यह स्वचालित रूप से ब्रेक लगा देती है। अधिकारियों के अनुसार, इन मार्गों पर 25 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और ये उपयोग के लिए तैयार हैं। शेष 75 प्रतिशत मार्गों पर प्रमुख घटक पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा, हम मुंबई-दिल्ली और दिल्ली-कोलकाता मार्गों पर कवच



सेवा को चालू करने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह 2026 तक हासिल हो जाएगा। रेल मंत्रालय ने सात अगस्त, 2024 को कहा था कि उक्त मार्ग पर कवच का काम मार्च 2025 तक पूरा हो जाएगा। इसने एक फरवरी, 2025 को संशोधित अनुमान 2024-25 और बजट अनुमान 2025-26 के लिए रेलवे अनुमान नामक बजट दस्तावेज में समयसीमा को मार्च से बढ़ाकर दिसंबर 2025 करने की घोषणा की थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 17 दिसंबर को लोकसभा में कवच स्थापना की प्रगति पर जानकारी दी थी। कांग्रेस सांसद मल्लु रवि ने दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-कोलकाता के व्यस्ततम मार्गों पर कवच 4.0 की स्थापना के लिए दिसंबर 2025 की संशोधित समयसीमा के विशिष्ट कारणों और एक नवंबर, 2025 तक इस कार्य के पूर्ण होने की स्थिति के बारे में पूछा था। वैष्णव ने कहा, विस्तृत और व्यापक परीक्षणों के बाद, कवच प्रारूप 4.0 को दिल्ली-मुंबई मार्ग पर पलवल-मथुरा-नागदा खंड (633 किमी) और दिल्ली-हावड़ा मार्ग पर हावड़ा-बर्धमान खंड (105 किमी) पर सफलतापूर्वक चालू कर दिया गया है।

## कश्मीरियों का उत्पीड़न राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला : सज्जाद लोन

एजेंसी

श्रीनगर। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन ने शनिवार को कहा कि देश के कुछ हिस्सों में कश्मीरियों के साथ हो रहे उत्पीड़न को राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला माना जाना चाहिए तथा उन्होंने उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया।

हंदवाड़ा से विधायक लोन ने यहां एक प्रेसवार्ता में कहा, देश के अन्य हिस्सों में कश्मीरियों के खिलाफ हो रहे इस तरह के व्यवहार को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। उत्तराखंड में शॉल बेच रहे एक कश्मीरी पर कथित हमले की घटना के बाद उन्होंने यह टिप्पणी की। लोन ने कहा कि कश्मीर के मूल निवासी जो आजीविका के लिए केंद्र शासित प्रदेश से बाहर जाते हैं, वे राष्ट्रीय एकता के दूत हैं और मानते हैं कि उनकी आर्थिक सुरक्षा भारत पर निर्भर है। उन्होंने सवाल किया, फिर वे भारत के दूत बनकर लौटते हैं। आज आप इन दूतों के संबंधों को समाप्त कर रहे हैं। आज जब वे हमलों का सामना करने के बाद लौटेंगे तो क्या कहेंगे? पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख ने कहा कि केंद्र को कश्मीरियों के उत्पीड़न या हमले के मुद्दे को हल्के में नहीं लेना चाहिए। लोन ने कहा अगर देश का शीर्ष नेतृत्व इसे मामूली मुद्दा समझता है, तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

## पेज एक का शेष

### प्रदेश में

में 16.8 डिग्री तापमान (सामान्य से 6.1 डिग्री कम) दर्ज किया गया। वहीं वाराणसी, बरेली, इटावा, बहराइच और बाराबंकी में भी तापमान औसत से चार से छह डिग्री कम रहा। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान छह से 11 डिग्री के बीच रहा, जिसमें इटावा में 6.2 डिग्री और बाराबंकी व चुर्क में सात डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। विभाग ने घने कोहरे की वजह से विशेषकर पूर्वी उत्तर प्रदेश में दृश्यता कम होने से सुबह के समय सावधानी बरतने की सलाह दी।

### यूपी : मतदाता

पाएगा, उन्हें नोटिस भेजा जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, यूपी में 18 साल और उससे अधिक उम्र की जनसंख्या 16 करोड़ 17 लाख है। इस हिसाब से माना जा रहा है कि 3.62 करोड़ मतदाता और बढ़ेंगे। आयोग के सूत्रों के मुताबिक, अभी यूपी में 18-29 आयु वर्ग के बड़ी संख्या में युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं। वहीं, एएसडी श्रेणी में होने के कारण जिन लोगों के नाम कट रहे हैं, उनमें 30 साल या उससे ज्यादा उम्र के लोगों की संख्या अधिक है।

### देश-दुनिया

प्रो-एक्टिव और प्रीडिक्टिव पुलिसिंग की ओर बढ़ चुकी है। उनके द्वारा बेस्ट प्रैक्टिसेस साझा करने, नवाचार अपनाने और समयबद्ध व बिंदुवार कार्य प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। अंत में मुख्यमंत्री योगी ने विश्वास व्यक्त किया कि यह दो दिवसीय पुलिस मंथन कार्यक्रम नीति, रणनीति और बेहतर क्रियान्वयन के जरिए समग्र पुलिसिंग को नई दिशा देगा और यूपी पुलिस अपने कार्यों को उसी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाती रहेगी। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सम्मेलन में दो दिन उपस्थित रहकर मार्गदर्शन देने हेतु हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस के गरिमामयी इतिहास में यह एक विशिष्ट क्षण है, जब माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर इस मंथन में सहभागिता की है। उनकी उपस्थिति यह भरोसा देती है कि राज्य नेतृत्व पुलिसिंग की चुनौतियों को समझता है, सुधार की प्रक्रिया में मार्गदर्शक है और परिणामों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पुलिस महानिदेशक ने विभिन्न सत्रों की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए, 2017 के बाद मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस की परिवर्तनकारी यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने भर्ती, प्रशिक्षण, आधारभूत संरचना, तकनीक-आधारित नागरिक सेवाओं, फॉरेंसिक सुदृढ़ीकरण, मिशन शक्ति केन्द्र, विशेष इकाइयों के गठन तथा अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा कि सम्मेलन का लक्ष्य प्रत्येक सत्र से स्पष्ट उत्तरदायित्व, निर्णयों की स्पष्ट और ठोस परिणाम सुनिश्चित करना है, ताकि यह मंथन कक्षों से निकलकर फील्ड में दिखाई दे और नागरिकों तक बेहतर, एवं पहुँचे। सम्मेलन के प्रथम दिवस कुल 07 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें प्रत्येक सत्र के 07 नोडल वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया गया।

### गुरु गोबिंद

एक्स पर पोस्ट कर कहा समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को सिख धर्म के दशम गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएंउ

उन्होंने कहा, यह पावन अवसर हम सभी के जीवन में साहस, सेवा और धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा प्रदान करे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को सिख धर्म के दशम गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। उत्तर प्रदेश सरकार में सिख समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, खालसा पंथ की स्थापना कर अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने की राह दिखाने वाले दसवें सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। औलख ने कहा, उनका जीवन साहस, त्याग और धर्मरक्षा के लिए समर्पित एक अमर प्रेरणा है। हर वर्ष पौष माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को गुरु गोबिंद सिंह की जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर गुरुद्वारों में अखंड पाठ साहिब का आयोजित किया जाता है।

### बांग्लादेश में

से रोके जाने के बाद जबरन घुसने की कोशिश की। उन्होंने ईंट-पत्थर फेंके और मंच पर कब्जा करने का प्रयास किया। आयोजकों के अनुसार, स्कूल के छात्रों ने हमलावरों का मुकाबला किया लेकिन पथराव में कम से कम 20 छात्र घायल हो गए। हालांकि, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सदर सर्कल) अजमीर हुसैन ने कहा कि घायलों की वास्तविक संख्या की अभी पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा, हमले में घायल लोगों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है। हम विस्तृत जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। द डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, हालात को देखते हुए आयोजन समिति के संयोजक मुस्तफिजुर रहमान शमीम ने फरीदपुर जिला प्रशासन के आदेश पर कार्यक्रम रद्द कर दिया।

जेम्स बांग्लादेशी रॉक बैंड नगर बाउल के प्रमुख गायक, गीतकार और गिटार वादक हैं। उन्होंने गैंगस्टर, वो लम्हे और लाइफ इन अ[8230] मेट्रो जैसे कई हिट हिंदी फिल्मों में भी गाने गाए हैं। कार्यक्रम की प्रचार और मीडिया उप-समिति के संयोजक राजीबुल हसन खान ने कहा कि हमले का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा हम यह समझ नहीं पाए कि जेम्स के कार्यक्रम पर हमला क्यों और किसने किया। सारी स्थिति के मद्देनजर जिला प्रशासन के निर्देशों के अनुसार हमें कार्यक्रम रद्द करना पड़ा।

### आत्मनिर्भरता के

उत्कृष्ट उदाहरण स्थापित करेगा। उन्होंने कहा यह परिसर महिला सशक्तिकरण के आर्थिक और सामाजिक दोनों पहलुओं को बढ़ावा दे रहा है। एक बार जब यहां के उत्पाद वैश्विक बाजार में पहुंच जाएंगे, तो यह हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत पहल को प्रोत्साहित करेगा। सिंह ने कहा कि लगभग 150 साल पहले श्रीमद राजचंद्रजी द्वारा फिर से दिखाए गए मुक्ति मार्ग ने एक नए युग के लिए आध्यात्मिकता की नींव रखी है। लगभग 2,500 साल पहले भगवान महावीर द्वारा पहली बार यह मार्ग दिखाया गया था। उन्होंने कहा, श्रीमद राजचंद्रजी ने अपने छोटे से जीवनकाल में जो विरासत छोड़ी है, वह सदियों तक हमारा मार्गदर्शन करती रहेगी। समय के साथ उनकी प्रासंगिकता कम नहीं हुई है, बल्कि मैं कहूंगा कि उनकी प्रासंगिकता लगातार बढ़ रही है। सिंह ने इसे एक सुखद संयोग बताया कि इस वर्ष धर्मपुर में जैन आध्यात्मिक गुरु के आगमन के 125 वर्ष पूरे हुए। उन्होंने कहा, इस साल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भी अपनी स्थापना के 100 साल पूरे कर रहा है। उन्होंने कहा, दोनों परंपराएं भारत की शाश्वत संस्कृति का प्रतीक हैं। दोनों परंपराएं आध्यात्मिकता, अनुशासन और परोपकार जैसे मूल्यों को बढ़ावा देती हैं। और यह संयोग हमें याद दिलाता है कि सांस्कृतिक जागृति, सेवा और चरित्र विकास के संगम से ही सच्चा राष्ट्र-निर्माण संभव है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जैन परंपरा और विरासत को संरक्षित करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा पिछले कुछ वर्षों में चोरी हुई 20 से अधिक प्रतिष्ठित तीर्थंकर की प्रतिमाओं को विदेश से भारत वापस लाया गया है। पिछले साल, हमने प्राकृत भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया था। उन्होंने कहा कि जैन धर्म का अनेकांतवाद (गैर-निरपेक्षता) का दर्शन आपसी सह-अस्तित्व और सद्भाव का मार्ग है।

### सहारनपुर : कार

हो गई। हादसे में विजय, डॉ. मनीष निवासी तिडफवा थाना चिलकाना, जितेंद्र निवासी महमूदपुर तिवाई थाना गागलहेड़ी की मौत हो गई। चौथे मृत व्यक्ति की जेब से रामू हलवाई लिखी पर्ची मिली है। पुलिस उसकी पहचान करने में जुटी हुई है। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई थी। जिसने भी यह हादसा देखा, वह सिहर उठा।

### मातृशक्ति उत्थान

केवल अपने परिवारों को बल्कि समाज और प्रदेश को भी सशक्त किया है। आज महिलाएं राज्य की आर्थिक प्रगति और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के 'नारी तू नारायणी' मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार मातृशक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री धामी ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के तहत महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को एक सशक्त ब्रांड के रूप में विकसित किया जा रहा है। अब तक 15 हजार से अधिक महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों और लखपति दीदियों को इन्क्यूबेशन सुविधाएं प्रदान की जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि राज्य में लगभग 70 हजार स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से करीब 5 लाख महिलाएं संगठित होकर स्वरोजगार से जुड़ी हैं। प्रदेश की 1 लाख 68 हजार से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनकर आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम कर चुकी हैं। महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखते हुए राज्य सरकार उत्पादों की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और विपणन के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम विकसित कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उत्तराखंड की महिलाएं स्टार्टअप क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। महिलाओं द्वारा स्थापित स्टार्टअप पारंपरिक कला, कृषि उत्पाद, शिक्षा, डिजिटल सेवाओं और टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में प्रभावी कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में दायित्वधारी मधु भट्ट, दायित्वधारी विनोद उनियाल, गीता खन्ना सहित प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

### पर्यटन को बढ़ावा

किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य शुरू हो चुके हैं, जो जल्द ही पूरे कर लिए जाएंगे। नये साल के शुरूआती महीनों में कुकरैल वन क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों को इन सुविधाओं का लाभ मिलेगा। ये गतिविधियां जहां एक ओर ईको टूरिज्म का विकास करेंगी साथ ही राजस्व और स्थानीय लोगों के रोजगार में भी बढ़ोतरी करेगी।

### सीतापुर : पिता

की तहरीर पर गांव के ही छह लोगों अजयपाल, नंगा उर्फ नागेश, टामू, विकटू उर्फ श्यामल, शिव पूजन और कामता प्रसाद पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एसपी ने हत्याकांड के खुलासे के लिए एसओजी संग पांच टीमें लगाई थीं। शनिवार को इनमें से दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसमें टामू व झगडू शामिल हैं। वहीं, गांव में एहतियातन दो कंपनी पीएसी तैनात कर दी गई है। छोटे खां के दामाद लहरपुर के नौव्वापुर गांव निवासी महफूज ने बताया कि 26 दिसंबर को शाम 7 बजे उनके ससुर छोटे उर्फ अख्तर खां व साले मैसर खां पुत्र अख्तर खां सीतापुर एसडीएम सदर के यहां से जमानत कराकर अपने घर फत्तेपुर मातिनपुर जा रहे थे। जैसे ही दोनों फत्तेपुर के पंचायत भवन के पहले पहुंचे तो रोड के आसपास झाड़ियों से विपक्षी अजयपाल, नंगा उर्फ नागेश, टामू, विकटू, शिवपूजन और कामता प्रसाद निकलकर आ गये। सभी फायर करने लगे, जिससे उनके ससुर अख्तर खां व साले मैसर खां वहीं रोड पर गिर गये। जब वह उठकर भागे तो शिवपूजन ने दौड़ाकर मैसर खां को गिराकर बांके से ताबडतोड़ वार कर मार डाला। वहीं, छोटे उर्फ अख्तर को टामू ने गिराकर बांके से वार करके मार डाला। घटना का शोर व फायर की आवाज सुनकर अख्तर के छोटे भाई अफसर भी मौके पर पहुंच गये थे क्योंकि एसडीएम कोर्ट में जमानत के लिए वह भी गये थे।




# तिलोत्तमा सेन को 50 मीटर राइफल 3पी में स्वर्ण



भोपाल। बेंगलुरु की युवा निशानेबाज तिलोत्तमा सेन ने शनिवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। सत्रह साल की यह निशानेबाज देश के लिए पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ी थी। तिलोत्तमा ने 466.9 के स्कोर से शीर्ष स्थान हासिल किया। केरल की विदार्सा के विनोद ने 462.9 अंक से रजत जबकि रेलवे की आयोनिका पॉल ने 451.8 अंक के स्कोर से कांस्य पदक प्राप्त किया। तिलोत्तमा ने क्वालिफिकेशन दौर में 591 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था जबकि विदार्सा 589 अंक से दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं तिलोत्तमा की कर्नाटक की साथी अनुष्का ठाकुर 588 अंक से तीसरे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंची। फाइनल में अनुष्का बहुत कम अंतर से पदक से चूक गईं, वह 441.2 के साथ चौथे स्थान पर रहीं। आयुषी पोद्दार पांचवें और आशी चौकसे छठे स्थान पर रहीं। जूनियर महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में सेना की रितुपर्णा देशमुख ने 458.6 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की निश्चल ने कड़ी चुनौती दी लेकिन सिर्फ 0.5 अंक पीछे रहकर 458.1 अंक से दूसरे स्थान पर रहीं। कर्नाटक की अनुष्का ठोकुर ने 447.6 अंक से कांस्य पदक जीता। सीनियर महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन टीम स्पर्धा में राजस्थान (मानिनी कौशिक, स्वीटी चौधरी और मोनिका जाखड़) ने 1751 अंक के कुल स्कोर से स्वर्ण पदक हासिल किया।

# बीसीसीआई ने टेस्ट में तलाशा था गौतम गंभीर का विकल्प



जयपुर। वनडे और टी20 क्रिकेट में भारत के कोच के तौर पर आईसीसी और एसीसी ट्रॉफी जीत चुके गौतम गंभीर का रिकॉर्ड बहुत अच्छा है लेकिन शीर्ष टीमों के खिलाफ दस टेस्ट में मिली हार के बाद पारंपरिक प्रारूप के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। समझा जाता है कि पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला हारने के बाद क्रिकेट बोर्ड में शीर्ष पदस्थ किसी शख्स ने अनौपचारिक तौर पर वीवीएस लक्ष्मण से पूछा था कि क्या वह टेस्ट टीम के कोच बनने के इच्छुक हैं।

लक्ष्मण हालांकि बेंगलुरू में उत्कृष्टता केंद्र में क्रिकेट प्रमुख बने रहने में ही खुश हैं। गंभीर का बीसीसीआई के साथ करार 2027 वनडे विश्व कप तक है लेकिन ऐसी संभावना है कि इस पर पुनर्विचार किया जाये। यह पांच सप्ताह बाद शुरू हो रहे टी20 विश्व कप में भारत के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। समझा जाता है कि बीसीसीआई के गलियारों में इसे लेकर अभी भी दुविधा है कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2025 . 27 सत्र के बाकी नौ टेस्ट के लिये क्या गंभीर को ही कोच बनाये रखना उचित होगा।

भारत को श्रीलंका के खिलाफ अगस्त 026 में दो टेस्ट खेलने हैं जबकि अक्टूबर में न्यूजीलैंड दौरा करना है। इसके बाद आस्ट्रेलियाई टीम जनवरी फरवरी 2027 में पांच टेस्ट की श्रृंखला खेलने आयेगी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा बीसीसीआई हुक्मरानों का गंभीर को पूरा समर्थन हासिल है। भारतीय टीम अगर टी20 विश्व कप बरकरार रखती है या फाइनल में भी पहुंचती है तो वह पद पर बने रहेंगे। यह देखना रोचक होगा कि क्या वह टेस्ट प्रारूप में भी कोच बने रहते हैं। उन्होंने कहा उन्हें इस बात का फायदा है कि टेस्ट क्रिकेट में कोचिंग के लिये अधिक विकल्प नहीं हैं। वीवीएस लक्ष्मण कोच बनने के इच्छुक नहीं हैं। भारतीय ड्रेसिंग रूम में भी गंभीर के दौर में कई खिलाड़ी उस तरह से सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं, जैसे राहुल द्रविड़ के कार्यकाल में करते थे जब सभी की भूमिकायें तय थी।

द्रविड़ के तीन साल के कार्यकाल में खिलाड़ियों को अपनी उपयोगिता साबित करने के लिये भी लंबा समय मिला था। टी20 विश्व कप टीम से शुभमन गिल को बाहर किये जाने के फैसले पर गंभीर की छाप थी और कई खिलाड़ियों का मानना है कि अगर भारतीय क्रिकेट के अगले पोस्टर ब्वॉय का यह हाल हो सकता है तो बाहर होने वालों में अगला नाम किसी का भी हो सकता है। टी20 विश्व कप के बाद दो महीने इंडियन प्रीमियर लीग के होंगे और बीसीसीआई के पास अलग अलग प्रारूप के लिये अलग कोच या तीनों प्रारूपों के लिये एक ही कोच पर विचार करने के लिये काफी समय होगा।

## संक्षेप

### ऑस्ट्रेलिया ओपन में नहीं खेलेंगे जैक ड्रेपर

लंदन। चोटिल होने के कारण विंबलडन के बाद से केवल एक टेनिस मैच खेलने वाले जैक ड्रेपर अगले महीने होने वाले साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भी वापसी नहीं कर पाएंगे। विश्व रैंकिंग में दसवें स्थान पर काबिज ड्रेपर बायीं बांह की हड्डी में चोट लगने के कारण 2025 के सत्र में अधिकतर टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे। ब्रिटेन के इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने एक्स पर लिखा, दुर्भाग्य से मैंने और मेरी टीम ने इस साल ऑस्ट्रेलिया न जाने का फैसला किया है। यह बहुत मुश्किल फैसला था क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन हमारे खेल के सबसे बड़े टूर्नामेंट में से एक है। उन्होंने कहा मैं चोट से उबरने के अंतिम चरण में हूं लेकिन मुझे इतनी जल्दी पांच सेटों के टेनिस मैच में खेलने के लिए कोर्ट पर वापसी करना इस समय समझदारी भरा फैसला नहीं लगता। ड्रेपर ने अगस्त में अमेरकी ओपन के दूसरे दौर के मैच से नाम वापस ले लिया था इसके बाद वह इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 18 जनवरी से मेलबर्न में खेला जाएगा।

### होल्डन व नसीम ने आईएलटी20 में वाइपर्स को जीत दिलाई

शारजाह। तेज गेंदबाज नसीम शाह की शानदार गेंदबाजी और मैक्स होल्डन के नाबाद अर्धशतक की मदद से डेजर्ट वाइपर्स ने शारजाह वॉरियर्स पर पांच विकेट से जीत हासिल कर उसे आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया। इस मैच के परिणाम से यह सुनिश्चित हो गया कि अबू धाबी नाइट राइडर्स या गल्फ जायंट्स में से कोई एक टीम प्लेऑफ में जगह बनाएगी। डेजर्ट वाइपर्स, एमआई एमिरेट्स और दुबई कैपिटल्स की टीम पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुकी हैं। नसीम शाह ने 35 रन देखकर तीन विकेट लिए और वॉरियर्स को सात विकेट पर 140 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। वॉरियर्स की तरफ से जॉनसन चार्ल्स ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। मैक्स होल्डन की 46 गेंद पर नाबाद 66 रन की पारी की मदद से वाइपर्स ने 19.3 ओवर में पांच विकेट पर 144 रन बनाकर जीत हासिल की।

### एमसीजी पिच विवाद: पीटरसन व कार्तिक ने तंज कसा, सीए ने भी चिंता जताई

मेलबर्न। केविन पीटरसन और दिनेश कार्तिक ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन गेंदबाजों के लिए बेहद अनुकूल मेलबर्न की पिच पर 20 विकेट गिरने के बाद तंज कसा कि जब स्पिनरों को अधिक विकेट मिलते हैं तो भारतीय पिचों की जानबूझकर कड़ी आलोचना की जाती है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर खेला गया चौथा टेस्ट मैच दूसरे दिन ही समाप्त हो गया। इस मैच में पहले दिन 20 और दूसरे दिन 16 विकेट गिरे जिससे यहां की पिच को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान पीटरसन ने एक्स पर लिखा, भारत में जब टेस्ट मैच के पहले दिन कई विकेट गिरते हैं तो भारत को हमेशा कड़ी आलेचना का सामना करना पड़ता है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया को भी उसी तरह की आलोचना का सामना करना पड़ेगा। न्याय सबके लिए समान होना चाहिए। एमसीजी पिच पर 10 मिमी घास छोड़ने के फैसले से पिच से तेज गेंदबाजों को बहुत फायदा मिला जिससे बल्लेबाजी करना मुश्किल हो गया था। इंग्लैंड ने यह मैच चार विकेट से जीता। एशेज के पहले तीन मैच भी कुल मिलाकर 11 दिन तक चले।

# इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

## ऑस्ट्रेलिया में 15 वर्ष और 18 मैच के बाद पहली बार जीत का स्वाद चखा

एजेंसी



मेलबर्न। इंग्लैंड ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेले गए चौथे एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच में चार विकेट से जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलिया में पिछले 18 मैच में जीत हासिल नहीं कर पाने का सिलसिला रोक दिया। इंग्लैंड श्रृंखला के पहले तीन टेस्ट मैच हार गया था जिससे आस्ट्रेलिया ने केवल 11 दिन में एशेज अपने पास बरकरार रखी थी। इंग्लैंड ने हालांकि चौथे टेस्ट मैच को दो दिन के अंदर जीतकर ऑस्ट्रेलिया की क्लीन स्वीप करने की उम्मीद पर पानी फेर दिया।

इंग्लैंड की टीम ने ऑस्ट्रेलिया में इससे पहले आखिरी बार 2010-11 की श्रृंखला में मैच जीता था। उसने तब यह श्रृंखला 3-।से अपने नाम की थी। इसके बाद इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में खेले गए लगभग 15 वर्षों में 18 टेस्ट मैचों में से 16 मैच हारे थे जबकि बाकी दो मैच ड्रॉ रहे। पहली पारी में 152 रन बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम अपनी दूसरी पारी में 132 रन पर आउट हो गई। इस तरह से उसने इंग्लैंड के सामने 175 रन का लक्ष्य रखा। पहली पारी में 110 रन पर आउट होने वाले ने इंग्लैंड ने छह विकेट पर 178 रन बनाकर अपने हजारों धैर्यवान लेकिन वफादार बार्मी आर्मी प्रशंसकों को उन्मादपूर्ण जश्न में डुबो दिया। एमसीजी की पिच पर तेज गेंदबाजों की तूती बोली। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पहले दिन 20 और दूसरे दिन 16 विकेट गिरे। इंग्लैंड ने मैच के छठे सत्र में ही जीत हासिल की। इंग्लैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक शुरुआत की। पहले 10 ओवर में ही उसने बेन डकेट (34) और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजे गए ब्रायडन कार्स (06) के विकेट गंवाकर दो विकेट पर 70 रन बना लिए थे। स्कॉट बोलैंड ने जाक क्रॉली (37) और जैकब बेथेल (40) को आउट किया। इन दोनों ने हालांकि अहम योगदान दिया। क्रॉली ने डकेट के साथ पहले विकेट के लिए 51 और बेथेल के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 रन की महत्वपूर्ण साझेदारियां की।

जो रूट (15) और कप्तान बेन स्टोक्स (02) सस्ते में आउट हो गए, जिसके बाद जेमी स्मिथ (नाबाद 03) और हैरी ब्रूक (नाबाद 18) ने इंग्लैंड को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस तरह से इंग्लैंड ने चार जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले पांचवें और आखिरी टेस्ट से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत हासिल की। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मिचेल स्टार्क, झाय रिचर्डसन और बोलैंड ने दो-दो विकेट लिए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने सुबह अपनी दूसरी पारी बिना किसी नुकसान के चार रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसके केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंचे। इनमें सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (46), कप्तान स्टीव स्मिथ (नाबाद 24) और कैमरन ग्रीन (19) शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में सस्ते में आउट करने में कार्स ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 34 रन देकर चार विकेट लिए जबकि स्टोक्स ने 24 रन देकर तीन विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले जोश टंग ने 44 रन देकर दो जबकि गश एटकिंसन ने 20 रन देकर एक विकेट हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया ने नाइटवॉचमैन स्कॉट बोलैंड (06) का विकेट जल्दी खो दिया।

इसके बाद जैक वेदरल्ड (05) और मार्नस लाबुशेन (08) भी आयाराम गयाराम ही साबित हुए। हेड के आउट होने के बाद अगले दो ओवरों में उस्मान ख्वाजा (00) और एलेक्स कैरी (04) भी पवेलियन लौट गए जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 82 रन से छह विकेट पर 86 रन हो गया। लंच के बाद स्टोक्स ने ग्रीन का महत्वपूर्ण विकेट लिया, जिन्होंने दूसरी स्लिप पर कैच दिया। इसके बाद कार्स ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को समेटने में देर नहीं लगाई। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने शनिवार को कहा कि कम अवधि वाले मैच टेस्ट क्रिकेट के भविष्य के लिए अच्छे नहीं हैं और सीए भविष्य में पिच की तैयारी में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने पर विचार करेगा। उन्होंने कहा हमने शुरू से ही विकेट तैयार करने के मामलों में हस्तक्षेप न करने का दृष्टिकोण अपनाया है लेकिन जब आप खेल के व्यावसायिक पक्ष पर इसका प्रभाव देखते हैं तो पिच की तैयारी को पूरी तरह से नजरअंदाज करना मुश्किल हो जाता है।

# कार्लसन के साथ एरिगैसी व गुकेश संयुक्त बढ़त पर



दोहा। क्लासिकल प्रारूप के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी और विश्व के नंबर एक मैग्नस कार्लसन के साथ गुरुवार को यहां फिडे विश्व रैपिड चैंपियनशिप के पहले दिन के पहले पांच दौर के बाद संयुक्त बढ़त पर हैं। इस तिकड़ी ने मैक्सिम वाचियर लाग्रेव और व्लादिस्लाव आर्टेमिएव के साथ 4.5 अंकों के साथ पहले दिन शीर्ष स्थान साझा किया। कार्लसन शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने चारों बाजी आसानी से जीती लेकिन पांचवें और अंतिम दौर में एरिगैसी ने उन्हें ड्रॉ पर रोक दिया और दोनों ने 4.5 अंकों के साथ दिन का समापन किया। गुकेश ने पहले दौर में ड्रॉ से शुरुआत करते हुए शानदार वापसी की। इसके बाद उन्होंने चार जीत हासिल कर शीर्ष खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाई। विश्व रैपिड चैंपियनशिप के मौजूदा चैंपियन रूस के 18 वर्षीय वोलोडर मुर्ज़िन का पहला दिन काफी मुश्किल भरा रहा और वे सिर्फ दो अंक ही हासिल कर पाए। धीमी शुरुआत करने वाले खिलाड़ियों में आर प्रज्ञाननंदा भी शामिल थे। उन्होंने पहले दौर का मैच तो जीत लिया, लेकिन उसके बाद दो मैच ड्रॉ रहे। चौथे दौर में उन्हें काले मोहरों से खेलते हुए 150 से अधिक अंकों से कम रेटिंग वाले लेवान पैंटसुलाइया से हार का सामना करना पड़ा। महिला रैपिड चैंपियनशिप की मौजूदा चैंपियन कोनेरू हम्पी ने दो जीत और दो ड्रॉ के साथ तीन अंक हासिल किए।

# श्रीलंका पर दबदबा बरकरार रखने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी



तिरुवनंतपुरम। पहले तीन मैच जीतकर श्रंखला अपने नाम कर चुकी भारतीय महिला टीम रविवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भी अपना दबदबा कायम रखने की कोशिश करेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने पांच मैचों की इस श्रृंखला में अभी तक अपना दबदबा कायम रखा है। श्रीलंका की टीम अभी तक उसे किसी भी तरह की चुनौती नहीं दे पाई है। भारत श्रृंखला में 3-0 से आगे है। भारत ने पहले तीन मैच में लक्ष्य का पीछा किया और उसके दबदबे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उसने किसी भी मैच में 14.4 ओवर से अधिक बल्लेबाजी नहीं की है, तीन से अधिक विकेट नहीं गंवाए हैं, और 129 रन से अधिक के लक्ष्य का सामना नहीं किया है। इस शानदार सफलता का श्रेय मुख्य रूप से भारतीय गेंदबाजों को जाता है। अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा ने दो मैचों में चार विकेट लिए हैं जबकि रेणुका सिंह ने शुक्रवार को ग्रीनफील्ड स्टेडियम में एक ही मैच में चार विकेट हासिल किए। टॉस ने भी थोड़ी भूमिका निभाई होगी क्योंकि हरमनप्रीत ने तीनों मौकों पर टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया।

# आज से शुरू हो रही चार टीमों की महिला हॉकी इंडिया लीग

एजेंसी



रांची। रांची रॉयल्स घरेलू दर्शकों के समर्थन का लाभ उठाकर रविवार से यहां शुरू हो रही चार टीमों की महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में दबदबा कायम करने की कोशिश करेगी जबकि जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब की नजरें खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी। मेजबान टीम पिछले सत्र की कुछ उथल-पुथल के बाद टूर्नामेंट में खेल रही है क्योंकि शुरूआती सत्र की विजेता ओडिशा वॉरियर्स (महिला टीम) ने पहले सत्र के बाद हटने का फैसला किया और उसके बाद उनकी जगह रांची रॉयल्स फ्रेंचाइजी ने ली।

नयी रांची रॉयल्स की टीम ने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों और मुख्य कोर को बरकरार रखते हुए दूसरे सत्र में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक नयी पहचान के साथ शुरुआत की है। यह टूर्नामेंट पूरी तरह से यहां स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा जो डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में होगा। प्रत्येक टीम लीग चरण में अन्य टीमों से दो बार खेलेगी। इसके बाद शीर्ष दो टीमें 10 जनवरी को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। एचआईएल भारत की शीर्ष खिलाड़ियों को आगे के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले अपनी तैयारियों को परखने का मौका भी देगी। भारत के अंतरराष्ट्रीय सत्र का समापन सितंबर-अक्टूबर 2026 में जापान में होने वाले एशियाई खेलों के साथ होगा। ओडिशा वॉरियर्स ने पिछले सत्र में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को हराकर खिताब जीता था। नए सत्र में भी कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद है क्योंकि राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ता खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे। रांची रॉयल्स और जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब के अलावा दिल्ली एसजी पाइपर्स और श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स प्रतियोगिता की अन्य टीम हैं। सभी टीमें लगभग समान रूप से मजबूत हैं जिनके पास नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन और ब्रिटेन की शीर्ष विदेशी खिलाड़ी हैं। तेरह दिन तक चलने वाले इस सत्र के पहले मुकाबले में रविवार रात को रांची रॉयल्स का सामना एसजी पाइपर्स से होगा।

रांची रॉयल्स की कप्तान निक्की प्रधान ने कहा हमें गर्व है कि हम नए सत्र की शुरुआत अपने घरेलू मैदान रांची में कर रहे हैं जहां हॉकी के प्रति गजब का जुनून है। हमारी टीम पहले ही मैच से आक्रामक हॉकी खेलने के लिए उत्साहित है। एसजी पाइपर्स की कप्तान और भारत की सीनियर खिलाड़ी नवनीत कौर ने कहा कि उनकी टीम इस सत्र में बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य रखेगी। उन्होंने कहा इस सत्र में एसजी पाइपर्स वापसी की मानसिकता के इरादे से खेलेगी।

### डरबन सुपर जायंट्स ने एमआई केपटाउन को हराया

केपटाउन। रयान रिकेलटन के शतक के बावजूद एमआई केपटाउन को एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे सत्र के पहले मैच में डरबन सुपर जायंट्स से 15 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में खूब रन वर्षा देखने को मिली तथा कुल मिलाकर 449 रन बने, जिसमें 25 छक्के और 40 चौके शामिल हैं। रिकेलटन के 65 गेंदों पर पांच चौकों और 11 छक्कों की मदद से 113 रन बनाए लेकिन इसके बावजूद उनकी टीम 233 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 217 रन ही बना सकी। एमआई केपटाउन की तरफ से रिकेलटन के अलावा जैसन स्मिथ ने 41 रन का योगदान दिया। सुपर जायंट्स ने इससे पहले पांच विकेट पर 232 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाया था। उसकी तरफ से न्यूजीलैंड की सलामी जोड़ी डेवोन कॉनवे (33 गेंदों में 64 रन) और केन विलियमसन (25 गेंद पर 40 रन) ने पावरप्ले में दबदबा बनाते हुए सिर्फ 8.3 ओवर में 96 रन जोड़े।

# एनई रेलवे ने जीती ऑल इंडिया शहीद मेजर अमित त्रिपाठी ट्रॉफी

खेल संवाददाता




फाजिलनगर (कुशीनगर)। मैन ऑफ द मैच आशीष सिंह (153) की नाबाद तूफानी शतकीय पारी की बदौलत एनई रेलवे ने 20वीं आल इंडिया शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट टूनार्मेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। फाजिलनगर (कुशीनगर) के राज मालती स्टेडियम में खेले गए

> आशीष का तूफानी शतक, शौर्य क्रिकेट अकादमी को आठ विकेट से हराया

फाइनल में एनई रेलवे ने शौर्य क्रिकेट अकादमी, इंदौर (मध्य प्रदेश) को आठ विकेट से पराजित किया। एनई रेलवे मुख्यालय (गोरखपुर) ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। शौर्य क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.4 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 265 रन बनाए।

सलामी बल्लेबाज हिमांशु सिंह (71 रन, 36 गेंद, 3 चौके, 9 छक्के) ने विस्फोटक अर्धशतकीय पारी खेली जबकि हर्ष त्यागी (49 रन, 31 गेंद, 4 चौके, 4 छक्के) उम्दा योगदान किया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 114 रन की शतकीय साझेदारी की।

फिर अमन यादव ने मात्र 31 गेंदों पर 5 चौके व आठ छक्के की सहायता से 77 रन बनाते हुए तेज अर्धशतक जड़ा। एनई रेलवे की ओर से से कृतज्ञ सिंह ने 54 रन देकर तीन विकेट झटके। निशांत राज व भाष्कर मणि त्रिपाठी को दो-दो विकेट मिले। त्रिशाल त्रिवेदी व अंकित यादव को एक-एक विकेट मिले। जवाब में एनई रेलवे मुख्यालय (गोरखपुर) ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 20.5 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 268 रन बनाते हुए शानदार खिताबी जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज आशीष सिंह ने प्रतिद्वंद्वी गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और 67 गेंदों पर नाबाद 153 रन की शतकीय पारी खेली जिसमें उन्होंने 12 चौके व 13 छक्के जड़े।

उनका साथ देते हुए विराट जायसवाल ने 41 गेंदों पर 5 चौके व 7 छक्के से 76 रन की आतिशी अर्धशतकीय पारी खेली। शौर्य क्रिकेट अकादमी से प्रिंस मौर्या व विक्रांत सिंह भदौरिया को एक-एक विकेट मिले। समापन समारोह में मुख्य अतिथि कर्नल देवराज भट्टाचार्य (गोरखा रेजीमेंट) ने विजेता एनई रेलवे को विजेता ट्रॉफी व एक लाख पचास हजार रुपए का नगद पुरस्कार और उपविजेता शौर्य क्रिकेट अकादमी को 75 हजार रुपए का नगद पुरस्कार व उपविजेता ट्रॉफी प्रदान करते हुए सम्मानित किया। विशेष पुरस्कारों में मैन ऑफ द टूनामेंट चुने गए एनई रेलवे के आशीष सिंह को पुरस्कार स्वरुप हीरो एक्सट्रीम 160 सीसी मोटरसाइकिल मिली। सर्वश्रेष्ठ बैटर शौर्य क्रिकेट अकादमी के अमन यादव व सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज एनई रेलवे के निशांत राज को 10-10 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया। अंत में टूनामेंट के आयोजक मेजर अमिय त्रिपाठी स्मारक संस्थान की ओर से संरक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और दर्शकों के प्रति आभार जताया।

# अटल जी की स्मृति में सेमिनार का आयोजन



लखनऊ। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में लखनऊ में दो दिन तक शैक्षिक और वैचारिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन मानव प्रगति सेवा संस्थान द्वारा संस्कृतिक मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर किया गया, जिसमें बच्चों से लेकर शिक्षकों, बुद्धिजीवियों और समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के पहले दिन यानी

> लखनऊ में अटल जी की याद में बच्चों की प्रतियोगिता और प्रेरक सेमिनार, बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

25 दिसंबर 2025 को डिप्लोमा इंजीनियरिंग संघ भवन, लखनऊ में राज्य स्तरीय बाल निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में कई स्कूलों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अटल जी के जीवन, विचारों और राष्ट्र के लिए उनके योगदान पर अपने विचार लिखे। बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर राष्ट्रीय परशुराम परिषद के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री माननीय श्री सुनील भराला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन ईमानदारी, राष्ट्रभक्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को अटल जी के विचारों से सीख लेकर देश और समाज के लिए सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। निबंध प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा करते हुए निर्णायक मंडल ने इस्पर्श मौर्य को प्रथम, निवेरिता मिश्रा को द्वितीय और दिशा त्रिपाठी को तृतीय स्थान प्रदान किया। तीनों विद्यार्थी एस.एस.जे.डी. इंटर कॉलेज से हैं। विजेता छात्रों को मंच से सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों का मनोबल और अधिक बढ़ा। कार्यक्रम के दूसरे दिन यानी 26 दिसंबर 2025 को गोमती नगर स्थित आईएमआरटी कॉलेज में 'अटल व्यक्तित्व, अटल विचार' विषय पर एक प्रेरणादायक सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार के मुख्य अतिथि माननीय उमेश द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य, लखनऊ रहे।

# करुणा व त्याग के प्रतीक हैं गुरु गोबिंद सिंह

## जीवन और शिक्षाएं हमें सत्य, न्याय, धर्मपरायणता के लिए खड़े होने और मानवीय गरिमा की रक्षा करने के लिए प्रेरित करती हैं

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि गुरु गोबिंद सिंह साहस, करुणा और त्याग के प्रतीक हैं तथा उनका जीवन एवं शिक्षाएं सभी को सत्य, न्याय एवं धर्मपरायणता के लिए खड़े होने और मानवीय गरिमा की रक्षा करने के लिए प्रेरित करती हैं। मोदी ने कहा कि सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह की दूरदृष्टि पीढ़ियों को सेवा और निस्वार्थ कर्तव्य की ओर निरंतर मार्गदर्शन देती रही है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पवित्र प्रकाश उत्सव के अवसर पर हम उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। वह साहस, करुणा और त्याग के प्रतीक हैं। उनका जीवन और शिक्षाएं हमें सत्य, न्याय, धर्मपरायणता के लिए खड़े होने और मानवीय गरिमा की रक्षा करने के लिए प्रेरित करती हैं।

प्रधानमंत्री ने इस वर्ष की शुरुआत में तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब की अपनी यात्रा की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जहां उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह एवं माता साहिब कौर से संबंधित पवित्र जोड़ा साहिब (जूतों की एक जोड़ी) के दर्शन भी किए थे। मोदी ने नौ जनवरी, 2022 को घोषणा की थी कि श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की याद में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में सरकार देश भर में ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर रही है जिनका उद्देश्य नागरिकों को साहिबजादों के असाधारण साहस एवं सर्वोच्च बलिदान के बारे में बताना है। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया, जहां उन्होंने कहा था कि दसवें सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों (पुत्रों) का सर्वोच्च बलिदान क्रूर मुगल शासन के खिलाफ भारत के अदम्य साहस, शौर्य और वीरता की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने पुस्तकों और पुस्तकालयों के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुस्तकों और पुस्तकालयों के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल देते हुए शनिवार को कहा कि बच्चों में पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने छात्रों को एनसीसी जैसी प्रशिक्षण गतिविधियों से जोड़ने पर भी जोर दिया, जिससे उनमें अनुशासन, नागरिक चेतना और राष्ट्रभावना विकसित हो।

यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक आलोक मेहता ने अपनी नयी पुस्तक रिवोल्यूशनरी राजः नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष की एक प्रति प्रधानमंत्री को सौंपी, जिस दौरान उन्होंने उक्त टिप्पणी की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आलोक मेहता से मिलकर खुशी हुई और उनके द्वारा लिखित पुस्तक की प्रति प्राप्त की।

# राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे को लेकर झारखंड में बढ़ायी गयी सुरक्षा



रांचीजमशेदपुर (झारखंड)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगामी दौरे के लिए झारखंड में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और यातायात पर पाबंदियां लगायी गई हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुर्मू सोमवार को रांची के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरेंगी और उसके बाद एक हेलीकॉप्टर से जमशेदपुर रवाना होंगी। पूर्वी सिंहभूम जिले के औद्योगिक शहर में वह संताली भाषा की ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह में शामिल होंगी। वह राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह को भी संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति 29 दिसंबर को रांची लौटेंगी और लोकभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। झारखंड छोड़ने से पहले वह 30 दिसंबर को एक कार्यक्रम को संबोधित करने गुमला जाएंगी।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि ड्रोन, पैराग्लाइडर और गर्म हवा के गुब्बारे के लिए बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से लोक भवन तक 200 मीटर के दायरे का नो-फ्लाई जोन निर्धारित किया गया है, जिसमें हिनू चौक, बिरसा चौक और अरगोड़ा चौक आएंगे। यह निषेधाज्ञा 28 दिसंबर सुबह 6 बजे से 30 दिसंबर रात 10 बजे तक लागू रहेगी। रांची के पुलिस अधीक्षक पारस राणा ने पीटीआई-भाषा से कहा कि राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अधिकारी ने कहा शहर में कम से कम 2,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। मार्गों को सुरक्षित किया जा रहा है और निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऊंची इमारतों पर सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया जाएगा और व्यापक जांच अभियान भी चलाया जा रहा है। जमशेदपुर में पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक समीक्षा बैठक की।

## संक्षेप

### रूस का कीव पर मिसाइल व ड्रोन हमला, एक की मौत

कीव। यूक्रेन और अमेरिका के बीच वार्ता से एक दिन पहले रूस ने शनिवार सुबह यूक्रेन की राजधानी कीव पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन के जरिये शहर पर हमले से राजधानी में घंटों तक विस्फोट होते रहे। हमला शनिवार तड़के शुरू हुआ और दिन निकलने तक जारी रहा। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के प्रयास में आगे की बातचीत के लिए रविवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने की तैयारी कर रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि वे दोनेत्स्क और जापोरिज्जिया क्षेत्रों में सुरक्षा गारंटी और क्षेत्रीय मुद्दों समेत मुद्दों पर चर्चा करने की योजना बना रहे हैं। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि रूस ने लगभग 500 ड्रोन और विभिन्न प्रकार की 40 मिसाइल से यूक्रेन को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि मुख्य लक्ष्य कीव में ऊर्जा और नागरिक बुनियादी ढांचा था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कुछ जिलों में हमलों के कारण बिजली नहीं है।

# सऊदी नीत गठबंधन ने यूएई समर्थित अलगाववादियों को दी चेतावनी

काहिरा। यमन में सऊदी नीत गठबंधन ने शनिवार को चेतावनी दी कि वह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) समर्थित अलगाववादियों की किसी भी ऐसी सैन्य गतिविधि का तत्काल जवाब देगा, जो देश के दक्षिणी क्षेत्र में तनाव कम करने के प्रयासों को बाधित करती हो। सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार, गठबंधन के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने कहा, इन प्रयासों का उल्लंघन करने वाली किसी भी सैन्य गतिविधि से सीधे और तत्काल निपटा जाएगा, ताकि नागरिक जीवन की रक्षा की जा सके और शांति की बहाली सुनिश्चित हो सके। अल-मलिकी ने साउदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल (एसटीसी) के अलगाववादियों पर नागरिकों के खिलाफ गंभीर और भयानक मानवाधिकार उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया, हालांकि उन्होंने इसके कोई सबूत पेश नहीं किए। यह चेतावनी अलगाववादियों के उस आरोप के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने सऊदी अरब पर उनके सुरक्षा बलों को हवाई हमलों के जरिये निशाना बनाने का आरोप लगाया था।

# सत्तारूढ़ पार्टी लाना चाहती है रावण राज : आदित्य

एजेंसी



नासिक। शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे ने कुंभ मेला-2027 की तैयारियों के तहत नासिक में पेड़ों की कटाई की प्रस्तावित योजना को लेकर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोलते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी शहर में रावण राज लाना चाहती है।

नासिक नगर निगम के लिए 15 जनवरी को होने वाले चुनाव से पहले यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि शहर में शिवसेना (उबाठा), मनसे, कांग्रेस और राकांपा (शरदचंद्र पवार) के गठबंधन को आज अंतिम रूप दे दिया जाएगा। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री ने कहा कि उन्होंने बृहन्मुंबई नगर निगम की तरह नासिक में भी इसके नगर निकाय के तहत एक मेडिकल कॉलेज की परिकल्पना की है। उन्होंने शहर में बेहतर परिवहन सेवाओं और कम करों का भी वादा किया।

- कुंभ के लिए पेड़ कटाई योजना पर आदित्य ठाकरे ने कहा

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, अगर भाजपा के मन में राम होते तो उन्होंने तपोवन को नहीं काटा होता। वह उस जमीन को बिल्डरों को देना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी का हिंदुत्व अधिक राजनीतिक है। उन्होंने आगे दावा किया, यह रावण राज लाना चाहती है। नासिक नगर निकाय ने साधु ग्राम कॉलोनी के लिए शहर के तपोवन क्षेत्र में पेड़ों को काटने का प्रस्ताव दिया था। इस कदम का स्थानीय लोगों, हरित कार्यकर्ताओं और विपक्ष ने कड़ा विरोध किया।

# नये साल के जश्न पर दिल्ली पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने नए साल के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि शराब पीकर गाड़ी चलाने, यातायात नियमों के उल्लंघन और हुड़दंग को रोकने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि नए साल की पूर्व संध्या पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस और अर्धसैनिक बलों सहित लगभग 20,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों से आने वाली भीड़ की संभावना को देखते हुए हरियाणा और उत्तर प्रदेश से सटी दिल्ली की सीमाओं पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शहर के प्रवेश बिंदुओं, पार्टी जोन, बाजारों और नाइटलाइफ स्थलों पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा यातायात पुलिस ने खतरनाक ड्राइविंग और स्टंटबाजी से निपटने के लिए विस्तृत योजना बनाई है। जांच बिंदुओं पर ब्रेथ एनालाइजर का बड़े पैमाने पर उपयोग होगा और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। पुलिस ब्रेथ एनालाइजर का उपयोग यह पता लगाने के लिए करती है कि वाहन चालक ने निर्धारित सीमा से अधिक शराब तो नहीं पी रखी है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने या स्टंट करने पर वाहन को तत्काल जब्त करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कनॉट प्लेस, हौज खास और प्रमुख मॉल परिसरों के आसपास विशेष यातायात व्यवस्था की गई है। अधिकारी के अनुसार, कनॉट प्लेस के इनर सर्कल में केवल वैध स्टिकर वाले वाहनों को ही प्रवेश मिलेगा। इसके अलावा, इंडिया गेट पर भी अतिरिक्त बल तैनात रहेगा।

उन्होंने बताया कि थाना प्रभारियों को पूरी रात अपने दल के साथ सड़कों पर रहने का निर्देश दिया गया है, जबकि रणनीतिक स्थानों पर त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) तैनात की गई हैं। अधिकारी ने कहा कि नियमित सत्यापन अभियान के एक भाग के रूप में पुलिस होटल, गेस्ट हाउस, रैन बसेरों और बस व रेलवे स्टेशनों की भी जांच करेगी ताकि राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की जा सके।

# कांग्रेस शुरू करेगी मनरेगा बचाओ अभियान

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के विषय पर मोदी सरकार को घेरने की रणनीति के तहत आगामी पांच जनवरी से देशव्यापी स्तर पर मनरेगा बचाओ अभियान शुरू करने का फैसला किया है

- राहुल ने प्रधानमंत्री पर योजना खत्म करने का आरोप लगाया



तथा उम्मीद जताई है कि इस मुद्दे पर विपक्षी दल एकसाथ खड़े होंगे। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि मनरेगा खत्म करने का फैसला सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया और ऐसा करते समय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा कैबिनेट से विचार-विमर्श नहीं किया गया। कांग्रेस की शीर्ष नीति निर्धारण इकाई कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में मनरेगा पर विस्तार से चर्चा हुई और इसमें शामिल 91 नेताओं ने एक बड़ा आंदोलन खड़ा करने की शपथ ली। कार्य समिति की बैठक से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेक संघ (आरएसएस) की संगठन शक्ति की तारीफ कर अपने दल के लिए असहज स्थिति पैदा कर दी।

हालांकि, उन्होंने बाद में सफाई देते हुए कहा कि वह आरएसएस तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के धुर विरोधी हैं, और उन्होंने सिर्फ संगठन की तारीफ की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, महासचिव केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, लोकसभा सदस्य शशि थरूर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा बैठक में मौजूद नहीं थीं। बैठक में यह फैसला किया गया कि पांच जनवरी से मनरेगा बचाओ अभियान शुरू किया जाएगा।

# पाकिस्तान में 13 आतंकवादी ढेर

कराची। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने अशांत बलूचिस्तान प्रांत में खुफिया जानकारी पर आधारित दो अभियानों में प्रतिबंधित विद्रोही समूहों से जुड़े कम से कम 13 आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने शनिवार को यह जानकारी दी। आईएसपीआर के बयान के अनुसार, प्रांत के कोहलू और कलात क्षेत्रों में 24 और 25 दिसंबर को चलाए गए दो अभियानों में इन आतंकवादियों को मार गिराया गया। आईएसपीआर ने बताया कि कोहलू में बृहस्पतिवार को भारी गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया।

## इंटरटेनमेंट...

# जयदीप ने 'दृश्यम 3' में अक्षय की ली जगह



मुंबई। फिल्म निर्माता कुमार मंगत पाठक ने शनिवार को कहा कि उन्होंने आगामी फिल्म दृश्यम 3 से जुड़े समझौते तोड़ने के लिए अक्षय खन्ना को कानूनी नोटिस भेजा है।

अक्षय ने लिखित संदेश भेजकर फिल्म का हिस्सा बनने से मना कर दिया था। इसके बाद ही यह नोटिस भेजा गया। मंगत पाठक ने कहा कि उन्होंने पिछले महीने खन्ना के साथ दृश्यम 3 के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किये थे और अभिनेता को अग्रिम भुगतान भी कर दिया गया था। मंगत पाठक ने शुक्रवार को फिल्म में अक्षय की जगह जयदीप अहलावत को शामिल करने का फैसला किया क्योंकि फिल्म की शूटिंग पर असर पड़ रहा था। अभिषेक पाठक द्वारा लिखी गई और निर्देशित यह फिल्म स्टार स्टूडियो18 द्वारा प्रस्तुत की गई है। इस फिल्म के निर्माताओं में आलोक जैन, अजीत अंधारे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक का नाम शामिल है। पाठक ने कहा, हम दो साल से दृश्यम 3 पर काम कर रहे थे और अक्षय को इस बारे में पता था। हमने उन्हें पूरी पटकथा सुनाई थी और उन्हें यह पसंद आई थी। समझौते पर हस्ताक्षर से पहले, हमने फीस को लेकर अभिनेता से तीन बार बातचीत की। जब हम दोनों के लिए यह ठीक था, तभी हमने समझौते पर हस्ताक्षर

- धुरंधर के अभिनेता को कानूनी नोटिस भेजा


किए उन्हें साइनिंग अमाउंट के रूप में अग्रिम भुगतान किया। मंगत पाठक इसके पहले फिल्म ओमकारा, नो स्मोकिंग, और सेक्शन 375 के निर्माता रहे हैं। खन्ना और उनकी टीम से टिप्पणी के लिए संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने अभी तक निर्माता के दावे का जवाब नहीं दिया है। सही अग्रिम भुगतान राशि का खुलासा किए बिना मंगत पाठक ने कहा कि जो भी फीस उन्होंने मांगी थी, वह उन्हें दी गई और यह फीस दृश्यम 2 से तीन गुना अधिक है।

दृश्यम 3 में अजय देवगन हैं, जो विजय सालगावकर का रोल निभा रहे हैं, और तब्बू पूर्व पुलिस अधिकारी मीरा देशमुख के रोल में हैं। दृश्यम 2 में खन्ना ने पुलिस महानिरीक्षक तरुण अहलावत की भूमिका निभाई जो मीरा के बेटे सैम की हत्या की जांच करते हैं। करीब पांच दशकों से फिल्म उद्योग से जुड़े मंगत पाठक ने इन घटनाओं को निराशाजनक बताया। खन्ना के साथ दो फिल्मों आक्रोश और सेक्शन 375 में काम कर चुके फिल्म निर्माता ने कहा कि उनके बीच पहले कभी कोई मतभेद नहीं था।

# अल्लू अर्जुन समेत 23 के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल


हैदराबाद। हैदराबाद की पुलिस ने फिल्म पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत के संबंध में मशहूर तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन समेत 23 आरोपियों के खिलाफ यहां की एक अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया है। हाल में दाखिल आरोप-पत्र में थिएटर प्रबंधन को मुख्य आरोपी के रूप में नामित किया गया है, जबकि अर्जुन को आरोपी संख्या-11 के रूप में नामित किया गया है। चार दिसंबर 2024 को यहां संध्या थिएटर में पुष्पा 2 फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ में 35 वर्षीय एक महिला की मौत और उसके आठ वर्षीय बेटे के घायल होने के बाद अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार किया गया था। फिल्म पुष्पा 2 के प्रीमियर के दौरान अभिनेता की एक झलक पाने के लिए प्रशंसकों की भारी भीड़ जुटने के कारण भगदड़ मच गई थी।

# सलमान ने परिवार व दोस्तों के साथ मनाया 60वां जन्मदिन



मुंबई। फिल्म अभिनेता सलमान खान ने पनवेल स्थित अपने फार्महाउस पर अपना 60वां जन्मदिन परिवार और करीबी दोस्तों के साथ मनाया। इस मौके पर अभिनेता संजय दत्त, आदित्य रॉय कपूर और क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी भी मौजूद रहे। सलमान और उनके परिवार के सदस्य शाम को अर्पिता फार्म्स पहुंच गए थे। इन परिजनों में सलमान के पिता सलीम खान, मां सलमा खान, भाई सोहेल खान और अरबाज खान के अलावा अरबाज की पत्नी शूरा खान, सलमान की बहनें अर्पिता खान शर्मा और अलवीरा खान अग्निहोत्री, भतीजे अरहान खान, निर्वाण खान, भांजा आहिल और भांजी आयत शामिल थे। अर्पिता फार्म्स मुंबई से लगभग डेढ़ घंटे की दूरी पर स्थित है। रितेश देशमुख अपनी पत्नी जेनेलिया डिसूजा और दोनों बेटे रियान और राहिल के साथ पहुंचे।

# अभिनेता अनुपम खेर ने फिल्म 'धुरंधर' को सराहा




नयी दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने आदित्य धर निर्देशित फिल्म धुरंधर की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया और इसे एक अहम फिल्म बताया है। रणवीर सिंह की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म में संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन, आर माधवन और राकेश बेदी भी हैं। यह फिल्म पांच दिसंबर को सिनेमा घरों में रिलीज हुई, लेकिन इसने दुनियाभर में सिनेमा घरों की टिकट खिड़की पर 1000 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पहले ही पार कर लिया है।

इसे आदित्य धर और उनके भाई लोकेश धर ने अपने बैनर बी62 स्टूडियोज के जरिये जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे के साथ निर्मित किया है। यह कहानी अपराधियों, मुखबिरों और जासूसों के एक आपराधिक नेटवर्क के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां उनकी ज़िंदगियां आपस में जुड़ती हैं और वे गुप्त अभियानों, जासूसी गतिविधियों और विश्वासघात से भरी दुनिया में रास्ता बनाते हैं। खेर ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो अपलोड किया और कैप्शन में लिखा, फिल्म धुरंधर की सफलता की खुशी को बिना किसी शब्द के दिल से जाहिर करना चाहता हूं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com